वर्ष 10 अंक 21
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
29 अक्टूबर 2024
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 दिल्ली की अदालत ने इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका..
06 एनीमेशन क्रांति की ओर नया भारत: ऋषभदेव शर्मा
11 चिराग चिक्कारा ने स्वर्ण पदक जीता, भारतीय पहलवानों ने...















# मोदी, सांचेज ने टाटा-एयरबस कारखाने का उद्घाटन किया



**वडोदरा,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को वडोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया, जो सैन्य विमान बनाने वाली भारत की पहली निजी इकाई है, जहां सी295 विमान का निर्माण किया जाएगा।

भारत और स्पेन के बीच साझेदारी को नयी दिशा मिलने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह परियोजना न केवल दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करेगी बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को भी गति प्रदान करेगी। मोदी ने एयरबस और टाटा की टीम को शुभकामनाएं दीं और स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

एयरबस सी295 एक मध्यम सामरिक परिवहन विमान है जिसे शुरुआत में स्पेनिश एयरोस्पेस कंपनी सीएएसए द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था, जो अब यूरोपीय बहुराष्ट्रीय एयरबस डिफेंस एंड स्पेस डिवीजन का हिस्सा है। सी295 का उपयोग चिकित्सकीय आपात स्थिति में फंसे लोगों को निकालने, आपदा प्रतिक्रिया और समुद्री गश्ती कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।

मोदी और सांचेज ने इकाई के शुभारंभ के अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मोदी ने कहा कि सी295 विमान कारखाना नये भारत की नयी कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना के विचार से लेकर क्रियान्वयन तक भारत की गति को इस कारखाने में देखा जा सकता है, जिसकी आधारशिला अक्टूबर 2022 में रखी गई थी।

परियोजनाओं की योजना और क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी को समाप्त करने पर जोर देते हुए मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में वडोदरा में बॉम्बार्डियर ट्रेन कोच विनिर्माण सुविधा की स्थापना को याद किया।

मोदी ने कहा कि उस कारखाने में बने मेट्रो कोच निर्यात किए जा रहे हैं और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सोमवार को उद्घाटन किए गए कारखाने में बने विमान निर्यात भी किए जाएंगे।

मोदी ने प्रसिद्ध स्पेनिश कवि एंतोनियो मचाडो को उद्धृत करते हुए कहा, ''जब हम लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं, तो लक्ष्य की ओर जाने वाला रास्ता अपने आप बन जाता है।'' उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि अगर 10 साल पहले ठोस कदम नहीं उठाए गए होते तो इस लक्ष्य तक पहुंचना असंभव होता।

मोदी ने कहा कि एक दशक पहले रक्षा विनिर्माण की प्राथमिकता और पहचान आयात के बारे में थी और कोई भी कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत में इतने बड़े पैमाने पर रक्षा विनिर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार ने एक नये रास्ते पर चलने और भारत के लिए नये लक्ष्य निर्धारित करने का फैसला किया, जिसके परिणाम आज स्पष्ट हैं।''

मोदी ने कहा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में बदलाव इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक सही योजना और साझेदारी संभावनाओं को समृद्धि में बदल सकती है। कौशल और रोजगार सृजन पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि टाटा-एयरबस कारखाने जैसी परियोजनाएं हजारों नौकरियां पैदा करेंगी। उन्होंने कहा कि यह कारखाना 18,000 विमान हिस्सों के स्वदेशी निर्माण का समर्थन करेगा, जिससे पूरे भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए अपार अवसर उपलब्ध होंगे।

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की प्रमुख विमान कंपनियों के लिए पुर्जों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि नया विमान कारखाना भारत में नये कौशल और नये उद्योगों को बढ़ावा देगा।

पिछले दशक में भारत के विमानन क्षेत्र के ''अभूतपूर्व विकास और परिवर्तन'' पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि सरकार देश के सैकड़ों छोटे शहरों को हवाई संपर्क प्रदान कर रही है, साथ ही साथ भारत को विमानन और रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) क्षेत्र का केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है।

# प्रियंका ने संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने के लिए भाजपा नीत केंद्र पर निशाना साधा



**वायनाड** (केरल), (भाषा) कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए सोमवार को अपने प्रचार अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि उसके शासन में संविधान के मूल्यों को लगातार कमजोर किया जा रहा है।

मीनांगडी में आयोजित एक नुक्कड़ सभा के दौरान एआईसीसी महासचिव ने मणिपुर में हुई हिंसा का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ ''योजनाबद्ध'' हमले हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''आप जानते हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार विभिन्न समुदायों के बीच भय, गुस्सा और संकट फैला रही है। आपने अल्पसंख्यकों पर हमले देखे हैं। आपने मणिपुर में हमले देखे हैं। आपने बार-बार योजनाबद्ध तरीके से गुस्सा, नफरत और डर फैलते देखा है।''

प्रियंका ने यह भी आरोप लगाया कि एक के बाद एक नीतियां आम लोगों के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्रों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा कांग्रेस के प्रदेश नेताओं के साथ 22 अक्टूबर को कलपेट्टा शहर में एक रोडशो के बाद नामांकन दाखिल किया था। उसके बाद यह वायनाड का उनका दूसरा दौरा है। उन्होंने कहा, ''दिन-रात मेहनत करने वाले किसानों के प्रति कोई संवेदना नहीं है। आदिवासी लोगों के प्रति कोई समझ नहीं है, उनकी जमीनें अमीर लोगों के लिए छीन ली जाती हैं।''

अपने भाई राहुल गांधी के यह सीट छोड़ने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वह (प्रियंका) जानती हैं कि वायनाड छोड़ने पर उनका (राहुल का) दिल कितना भारी था। उन्होंने कहा, ''मैं जानती हूं कि आप मेरे भाई के प्रति प्यार के कारण ही यहां आए हैं। उनका आप सभी से गहरा रिश्ता है, आप सभी उनके परिवार हैं।''

प्रियंका ने कहा, ''आज हम एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं और वह (राहुल) उस लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं... और हम सभी उन मूल्यों के लिए लड़ रहे हैं, जिन पर देश बना है। हम अपने संविधान के मूल्यों के लिए लड़ रहे हैं। आज हम अपने लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं। आज हम समानता के लिए लड़ रहे हैं और आप में से हर कोई इस लड़ाई में महत्वपूर्ण सैनिक है।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह सांसद चुनी जाती हैं तो वह पूरी मेहनत से काम करेंगी।

प्रियंका ने कहा, ''मैं आपके साथ खड़ी रहूंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी। मैं संसद में आपके मुद्दे उठाऊंगी। मैं आपके मुद्दों के समाधान के लिए लड़ूंगी।'' मीनांगडी में बैठक के बाद छोटा सा रोड शो हुआ। इसके बाद प्रियंका दोपहर 2.30 बजे मनंतावडी विधानसभा क्षेत्र के पनामारम में अगली बैठक के लिए रवाना हुईं। बाईस अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने के बाद यह क्षेत्र का उनका दूसरा दौरा है।

प्रियंका ने दिन में अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, ''वायनाड के लोग अतीत में सत्य, न्याय और लोकतंत्र के साथ खड़े रहे हैं और संविधान की भावना को मजबूत करने के लिए काम किया है। वायनाड के लोग संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करना जारी रखेंगे और विकास एवं प्रगति का एक नया अध्याय लिखेंगे।







# आंदोलन: बिहार राजस्व सेवा संघ की जुबानी वैशाली डीएम की कहानी

## बिहार राजस्व सेवा संघ द्वारा डीएम वैशाली के तबादले की मांग

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ






**पटना(बिहार)।** बिहार राजस्व सेवा संघ की ओर से यह सूचित किया गया है कि वैशाली जिले में कार्यरत अंचल और राजस्व अधिकारियों पर जिलाधिकारी द्वारा लगातार अनुचित और अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप अधिकारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।हाल ही में जिलाधिकारी द्वारा सार्वजनिक मंच पर अधिकारियों को अपशब्द कहे गए,जिनमें चोर, हरामी, बेहूदा,और साला-बिहारी लोग जैसे अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया गया। 25 अक्टूबर 2024 को दो राजस्व कर्मचारियों को थाने में लगभग 9 घंटे तक बैठा कर रखा गया और अंचल अधिकारी की गिरफ्तारी का निर्देश भी दिया गया।इसके अतिरिक्त,जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न अधिकारियों को धमकाते हुए उनकी कार्यशैली में हस्तक्षेप किया जा रहा है, जिससे कार्यस्थल पर भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।इस प्रताड़ना के परिणामस्वरूप कई महिला अधिकारी अत्यधिक तनाव से गुजर रही हैं,और कई अपने पारिवारिक जीवन में अस्थिरता का सामना कर रही हैं।अत्यधिक दबाव और कार्यभार के कारण एक महिला अधिकारी दो बार गर्भपात का शिकार हो चुकी हैं,और कुछ अधिकारी अवसाद से ग्रस्त हैं,जिससे न केवल उनका व्यक्तिगत जीवन प्रभावित हुआ है बल्कि नारी सशक्तिकरण के मूल सिद्धांतों पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।बिहार राजस्व सेवा संघ ने यह निर्णय लिया है कि जब तक जिलाधिकारी वैशाली का स्थानांतरण नहीं किया जाता,तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। आगामी चरण के अंतर्गत,कल सभी अंचल अधिकारी,राजस्व अधिकारी,ब्लॉक स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण,राजस्व कर्मचारी,अंचल अमीन,कार्यालय कर्मी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे,जिससे वे अपने विरोध को सरकार और समाज के समक्ष दर्ज करा सकें।संघ ने मांग रखी है कि जिलाधिकारी वैशाली का अविलंब स्थानांतरण किया जाए,ताकि सभी राजस्व अधिकारियों के कार्यस्थल पर एक सकारात्मक ,सम्मानजनक और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी भय और दबाव के कर सकें।

### बिहार राजस्व सेवा संघ द्वारा प्रतिशोधात्मक कार्यवाही के विरोध में ब्लैक डे का आयोजन

बिहार राजस्व सेवा संघ ने आज राज्य भर में ब्लैक डे का आयोजन किया।जिसमें राजस्व अधिकारियों और कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर वैशाली के डीएम के प्रतिशोधात्मक और अपमानजनक व्यवहार का विरोध किया।संघ ने मुख्यमंत्री,मुख्यसचिव,राजस्व विभाग के अपर सचिव और राजस्व मंत्री से अपील की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें,ताकि राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर एक सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

# युवाओं में हर चुनौती को अवसर में बदलने की क्षमता होती है : बृजमोहन अग्रवाल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रायपुर/** युवा शक्ति तकदीर और तस्वीर बदलने वाली होती है। वह कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना साहस, जोश और लगन से कर सकते हैं। यह बात रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को रायपुर दक्षिण उपचुनावों के लिए युवा मोर्चा बैठक के दौरान कही।

तत्पर कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि, युवा अपनी मेहनत, उत्साह और नए विचारों से हर चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं, और अपने संकल्प से इतिहास रच सकते हैं। उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को रायपुर दक्षिण उपचुनाव में अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी। जिसमे मंडल वार टीम बनाकर युवाओं के बीच जाने और भाजपा सरकार के कार्यों को जनता से बताने को कहा।

उन्होंने कहा कि, कांग्रेस राज में रायपुर अपराध और अपराधियों की राजधानी बन गया था। भाजपा सरकार आने के बाद अपराधियों में खौफ है। सभी युवा कार्यकर्ता जनता से राजधानी रायपुर को शांत और अपराध मुक्त रखने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील करें।

पूर्व विधायक एवं चुनाव प्रभारी शिव रतन शर्मा, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक राजेश मूणत, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक देव भाई पटेल, जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल, पार्षद मृत्युंजय दुबे, अभिषेक अग्रवाल, तुषार चौपड़ा समेत बड़ी संख्या में मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की बेहतर सुविधा हेतु नियावा मे टी लाजी कैफे का हुआ भव्य उद्घाटन: प्रेम सोनी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**अयोध्या’** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म स्थलीय अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को हमारे आराध्य श्री रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से लगातार हो रही भीड़ को देखते हुए रामपथ मार्ग नियावा रोड पर टी लाजी कैफे का भव्य उद्घाटन किया गया जिसकी फ्रेंचाइजी वर्ल्ड फेमस टी लाजी कैफे जो इंदौर की शाखा से लिया गया है ।

वर्ल्ड फेमस वर्ल्ड के कई देशों में टी लाजी कैफे सेवा प्रदान कर रही हैं रामनगरी में बाहर से आने वाले पर्यटकों , श्रद्धालुओ एवं यात्रियों को शुद्ध व बेहतर चाय नाश्ता इत्यादि उपलब्ध हो सके ’ वहभी उचित दर परउपलब्ध हो। जिसका उद्घाटन समाजसेवी प्रेम सोनी ने किया ।

टी लाजी कैफे के प्रबंधक संचालक जतिन सोनी ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया की फ्रेंचाइजी लेकर टी लांजी कैफे का संचालन करने का मुख्य उद्देश्य हमारे भगवान श्री राम की नगरी में बाहर से आने वाले तीर्थ यात्री पर्यटक व श्रद्धालुओं को कई वरायटी के चाय की चुस्कियां लगाने का मौका मिले ।

सबसे खास बात यह होगी कि यहां की चाय मिट्टी के पात्र कुल्हड़ में पीने को मिलेगा पान चाय,मसाला चाय, चॉकलेट चाय,कोल्ड कॉफी, चाय के साथ स्नेक्स भी उपलब्ध है पिज्जा, सैंडविच, बंदमस्का जैसे तमाम नाश्ते का लुफ्त उठा सकेंगे जिसका जेनुइन प्राइस रहेगा` टी लॉजी कैफे के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या मीडिया सेंटर की प्रबंध निदेशक रूबी सोनी,यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव इंद्रसेन यादव, दिव्य नारायण सिंह,जितेंद्र यादव, राजेंद्र सोनी, राजीव पांडे एडवोकेट, कमर आलम, जतिन सोनी, अनुराग सिंह, सूरज सिंह, आशीष दुबे आदि लोग उपस्थित रहे ।

# केंद्र सरकार की मंशा हमेशा आंकड़ों को दबाने की रही है: पायलट

**जयपुर (भाषा)** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने जनगणना में देरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि उसकी मंशा हमेशा आंकड़ों को दबाने की रही है और उन्होंने जातिगत जनगणना कराने की अपनी पार्टी की मांग दोहराई। पायलट ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा, केंद्र सरकार की मंशा हमेशा आंकड़ों को दबाने की है। इस सरकार ने लगातार सारे आंकड़ों को जनता के सामने प्रस्तुत नहीं किया है। चाहे वह बेरोजगारी के आंकड़े हों या गरीबी रेखा के आंकड़े हों।

उन्होंने कहा कि सरकार अपना प्रचार करने के लिए नारे देती है, लेकिन एनएसएसओ के आंकड़ें या भारत सरकार के सांख्यिकी विभाग के आंकड़े अभी सामने नहीं आए हैं।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार ने कोरोना वायरस का बहाना देकर जनगणना को जानबूझकर टाला है।

उन्होंने कहा, हमारी पार्टी हमेशा बोलती रही है कि जातिगत जनगणना करनी चाहिए। लेकिन भारत सरकार ने जातिगत जनगणना तो दूर, गिनती करना भी बंद कर दिया और जो आंकड़े हमारे पास उपलब्ध हैं उनको प्रकाशित नहीं कर रहे हैं। पायलट ने कहा, हम चाहते हैं कि सरकार आंकड़ों का खेल नहीं खेले और जनता के सामने वास्तविक स्थिति प्रकट करने के लिए आंकड़ों का चयन ढंग से करे। उन्होंने कहा कि जनगणना में जानबूझकर विलंब किया गया है।

कांग्रेस ने नेता ने कहा, हम चाहते हैं कि जातिगत जनगणना हो और जब तक आप लक्षित बजट आवंटन नहीं करेंगे, नीति निर्माण नहीं होगा। आपको पता नहीं होगा कि किन लोगों को कहां लाभ मिल रहा है। आप बस अपनी राजनीतिक सुविधा को देखकर अगर बजट पेश करेंगे तो उसका लाभ नहीं मिलता है। लक्षित हस्तक्षेप के लिए जातिगत जनगणना बहुत जरूरी है।

उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की जिन सात विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है वहां कांग्रेस जीतेगी।

# 'अंधेर नगरी चौपट राजा' ने सबको गुदगुदाया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- बच्चों ने मौलिक प्रतिभा का किया प्रदर्शन
- क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल में लिटरेचर फेस्ट का आयोजन

**रुद्रपुर।** क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल में लिटरेरी फेस्ट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रवि शंकर शर्मा एवं प्रधानाचार्य सुश्री चित्रा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने ह्यबाल साहित्यह्न पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं तथा साहित्य जगत में कई अहम उपलब्धियां अपने नाम की हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ह्यकॉफी विद ऑथर्सह्न था, जिसमें अंग्रेजी के प्रसिद्ध साहित्यकार रस्किन बॉन्ड एवं हिंदी साहित्य जगत में अमिट छाप छोड़ने वाली छायावादी कवयित्री एवं लेखिका महादेवी वर्मा का साक्षात्कार रहा। साथ ही मुकेश नैनवाल द्वारा निर्देशित नाटक ह्यअंधेर नगरी चौपट राजाह्न का सशक्त मंचन भी किया गया, जो दर्शकों को लोट-पोट कर गया। इसके पूर्व प्रधानाचार्य चित्रा शर्मा ने रवि शर्मा एवं सुश्री रश्मि शर्मा को प्रतीक चिह्न भेंट किया। श्री शर्मा ने बच्चों की गतिविधि स्टॉल का रिबन काट कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, फ्रैंच एवं पंजाबी भाषा के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना एवं रुचि जागृत करना था ।इसमें बच्चों ने विभिन्न स्टॉल्स के माध्यम से भाषा को मनोरंजक बनाने वाली विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्य सुश्री चित्रा शर्मा ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा छात्रों द्वारा प्रदर्शित रोचक गतिविधियों एवं उनके कठिन परिश्रम के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल ग्रुप की कोऑर्डिनेटर सुश्री स्वाति तोमर व अचीवर्स एकेडमी की निदेशक सुश्री रश्मि शर्मा उपस्थित थीं।

# शिक्षा नगरी के पुरोधा स्व. वीके बंसल की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

## शिक्षा के साथ किए गए सेवा कार्यों को किया याद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**कोटा.** शहर में कई ऐसी हस्तियां हैं जो अपने बाद अपने संस्कार ऐसे छोड़कर गई की उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके पदचिन्हों पर चलकर उन्हें याद किया जाता है। कोटा में ऐसा ही एक नाम है जो शिक्षा जगत से लम्बे समय तक जुडा रहा और कोटा को शिक्षा नगरी बनाने में अपना अतुलनीय योगदान उन्होंने दिया। स्व. वीके बंसल ऐसा नाम था जो शिक्षा के साथ सेवा के लिए भी जाना जाता है। रविवार को उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन डकनिया रोड स्थित बंसल क्लासेज परिसर में किया गया जिसमें परिवारजन के साथ स्टॉफ और शहर के लोगों ने रक्तदान कर उन्हें याद किया। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर स्व. वीके बंसल के पुत्र समीर बंसल ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वह शिक्षा के साथ लोगों की सेवा भी किया करते थे, निर्धन को शिक्षा मिले इसके लिए आर्थिक रूप कभी आडे नहीं आने देते थे। वीके बंसल की पत्नी नीलम बंसल ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता अपने गुणो और आचरण की होनी चाहिए, यही वीके बंसल की सीख रही है। इस दौरान महिला बंसल ने भी सम्बोधित किया और सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहने की बात कही। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में अपना ब्लड बैंक की टीम ने सहयोग किया और 43 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

# फूलपुर उपचुनाव के लिए सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**प्रयागराज (भाषा)** फूलपुर विधानसभा सीट के लिए होने जा रहे उप चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी के खिलाफ गंगानगर के सराय इनायत थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीसीपी (गंगानगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने सोमवार को बताया कि सपा उम्मीदवार मुजतबा सिद्दीकी ने एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कथित तौर पर वर्ग विशेष के व्यक्तियों के लिए जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र इकाई अध्यक्ष राजकुमार गौतम की तहरीर पर सराय इनायत थाने में सिद्दीकी के खिलाफ रविवार को एससी/एसटी अधिनियम और बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। सिद्दीकी ने प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैंने कभी दलित समाज के खिलाफ कोई अपशब्द नहीं कहा। मीडिया ने मेरी बात को तोड़ मरोड़ कर पेश किया। जिस दलित समाज के बल पर मैं तीन बार विधायक रहा, उनके खिलाफ मैं कैसे कुछ कह सकता हूं। उन्होंने कहा, फिर भी यदि मुझसे अनजाने में कोई गलती हो गई हो तो मैं क्षमा मांगता हूं। यह प्राथमिकी मुझे फंसाने और दलित समाज के मन में मेरे प्रति गलत भावना पैदा करने के लिए दर्ज कराई गई है। मुजतबा सिद्दीकी दो बार सोरांव से और एक बार प्रतापपुर से विधायक रहे हैं। आगामी उप चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने सिद्दीकी को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा है।

# मजलिस-ए-मुशावरत शिक्षा, औकाफ और सामाजिक सद्भाव पर देगा विशेष ध्यान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**नई दिल्ली,** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत, दिल्ली चैप्टर ने शिक्षा, औकाफ प्रबंधन, और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्रों में केंद्रित प्रयास करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मजलिस-ए-मुशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जफरुल इस्लाम खान के मार्गदर्शन में दिल्ली चैप्टर की एक कार्यकारिणी बैठक के दौरान लिया गया। सैयद मोहम्मद नूरुल्लाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में डॉ. एम. रहमतुल्लाह, डॉ. एम.ए. जौहर, मोहम्मद तैय्यब, प्रो. अब्दुल कय्यूम अंसारी, सरफराज हुसैन, वकार-उल-हक, शाहीन कौसर, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद महबूब, अरीब हुसैन, मोहम्मद असीम जफर, डॉ. आमिर नजीर, दिलशाद खान, सैयद कमाल अशरफ, अतीक-उ-र-रहमान सिद्दीकी और सैयद इसरत हुसैन जैसे प्रमुख सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

बैठक की शुरूआत तिलावत-ए-कलामपाक से हुई। महासचिव डॉ. एम.ए. जौहर ने एजेंडा पेश किया और उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। कार्यकारी महासचिव मोहम्मद तैय्यब ने एजेंडा को विस्तार से समझाया और बैठक की मिनट्स तैयार किए। दिल्ली चैप्टर के उपाध्यक्ष डॉ. एम. रहमतुल्लाह ने बैंक खाता खोलने से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विचार साझा किए, जबकि सीए वकार-उल-हक ने बैंक खाता खोलने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को स्पष्ट किया। प्रो. अब्दुल कय्यूम अंसारी, सरफराज हुसैन, वकार-उल-हक, शाहीन कौसर, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद महबूब, सैयद कमाल अशरफ और अतीक-उर-र-हमान सिद्दीकी ने भी अपने विचार रखे।

सैयद मोहम्मद नूरुल्लाह के दृष्टिकोण के अनुरूप विशेष क्षेत्रों पर ध्यान देने के लिए कमेटियों का गठन किया गया। प्रो. अब्दुल कय्यूम अंसारी को शिक्षा कमेटी का संयोजक, अधिवक्ता अतीक-उर-रहमान सिद्दीकी को औकाफ कमेटी का नेतृत्व, और सैयद कमाल अशरफ को सामाजिक सद्भावना कमेटी का संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में दिल्ली के सभी 11 ज़िलों के लिए कमेटियों का गठन भी किया गया ताकि प्रभावी स्तर पर जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन संभव हो सके।

अपने समापन भाषण में, सैयद नूरुल्लाह ने कमेटियों से त्वरित प्रभाव से कार्य शुरू करने का आग्रह किया ताकि दिल्ली चैप्टर के प्रयासों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने संगठन के सामाजिक प्रगति और न्याय के लिए प्रतिबद्ध प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि इसका अंतिम उद्देश्य एक न्यायपूर्ण और विकसित समाज की स्थापना है।

# एनजीटी ने वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली पुलिस के प्रमुख और यातायात आयुक्त को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने वाहनों की आवाजाही से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने और पार्किंग के मुद्दों के समाधान के लिए किए गए उपायों के बारे में दिल्ली पुलिस प्रमुख और यातायात प्रबंधन के विशेष आयुक्त से जवाब मांगा है।



एनजीटी ने कहा कि प्रदूषण-रोधी उपाय 'क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना' (जीपीएपी) के विभिन्न चरणों को लागू करने के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

हरित निकाय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर सुनवाई कर रहा था, जिसके लिए जीआरएपी के विभिन्न चरणों को लागू करना आवश्यक हो गया है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 24 अक्टूबर के एक आदेश में कहा, ''अब, सर्दी शुरू हो गई है और हमने पाया है कि 23 अक्टूबर को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 364 था जो 'बहुत खराब' श्रेणी को दर्शाता है। एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट को रोकने में अधिकारियों की ओर से चूक हुई है।''

न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की सदस्यता वाली पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की 23 अक्टूबर की एक रिपोर्ट पर गौर किया। इस रिपोर्ट के मुताबिक, जीआरएपी का प्रथम चरण तब लागू किया गया जब राष्ट्रीय राजधानी का औसत एक्यूआई पर्याप्त रूप से लंबी अवधि तक 200 से अधिक था।

एनजीटी ने कहा कि वाहन प्रदूषण वायु प्रदूषण के प्रमुख कारकों में से एक था और यातायात, पार्किंग मुद्दों को नियंत्रित करने, अनधिकृत और पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लागू करने की जिम्मेदारी पुलिस की थी।

इसके बाद एनजीटी ने पुलिस आयुक्त और यातायात प्रबंधन के विशेष आयुक्त को पक्षकार बनाया।

पीठ ने निर्देश दिया कि उल्लंघनों की जांच के लिए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा तैनात 'फील्ड स्टाफ' और टीमों को मजबूत किया जाना चाहिए और सक्षम अधिकारियों द्वारा निगरानी की जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं।

अधिकरण ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली सरकार और एमसीडी को प्रदूषण पर रोक के लिए उनके मोबाइल फोन ऐप का व्यापक रूप से प्रचार करने को कहा।

अधिकरण ने सीएक्यूएम को जनवरी से सितंबर 2024 तक उठाए गए कदमों का खुलासा करने का भी निर्देश दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सर्दियों के महीनों में वायु गुणवत्ता में गिरावट न आए। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच नवंबर की तारीख तय की गई है।

## दिवाली के मौके पर मंगलवार व बुधवार को 60 अतिरिक्त फेरे लगाएगी दिल्ली मेट्रो

नयी दिल्ली, (भाषा) त्योहारी मौसम के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और भीड़भाड़ कम रखने के लिए दिल्ली मेट्रो की ट्रेनें मंगलवार और बुधवार को 60 अतिरिक्त फेरे लगाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने लोगों से अनुरोध किया है कि यातायात और प्रदूषण से बचने के लिए सार्वज

निक परिवहन का उपयोग करें। डीएमआरसी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''दिल्ली मेट्रो सभी यात्रियों के लिए सुगम और अधिक सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार और बुधवार को 60 अतिरिक्त फेरे लगाएगी।'' अधिकारियों के अनुसार मेट्रो की ट्रेनों के दिन में करीब 4,000 फेरे होते हैं।

# दिल्ली की अदालत ने इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर आदेश स्थगित किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि अब वह सांसद हैं, इसलिए उनका मामला जनप्रतिनिधियों से संबंधित विशेष अदालत में जा सकता है।



अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने इस बात पर बल दिया कि चूंकि रशीद अब सांसद हैं ऐसे में इस बात की समीक्षा की जाएगी कि उनके मामले में सुनवाई करना इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं और इस बात पर विचार किया जाएगा कि क्या मामले को जनप्रतिनिधियों से संबंधित विशेष अदालत में स्थानांतरित किया जाए या नहीं।

न्यायाधीश ने कथित आतंकवाद वित्तपोषण मामले में रशीद की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यायाधीश 13 नवंबर को सुनवाई के क्षेत्राधिकार के मुद्दे पर समीक्षा करेंगे, जबकि आदेश 19 नवंबर को पारित किया जाएगा।

अदालत ने कहा, ''चूंकि हम सुनवाई के क्षेत्राधिकार को लेकर विचार कर रहे हैं कि क्या मामले की सुनवाई इस अदालत द्वारा की जाएगी या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष सांसद/विधायक अदालत द्वारा। इसे (जमानत आदेश को) उसके बाद ही जारी किया जाएगा।''

इस बीच, रशीद ने अपनी अंतरिम जमानत अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

अदालत ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद को 10 सितंबर को अंतरिम जमानत प्रदान की थी। न्यायाधीश ने उनकी नियमित जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया था।

रशीद के पिता के खराब स्वास्थ्य के आधार पर उनकी अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। एनआईए ने दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद याचिका का विरोध नहीं किया था।

नवनिर्वाचित सांसद रशीद 2017 के आतंकवाद वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से 2019 से तिहाड़ जेल में बंद थे।

जम्मू कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव परिणाम आठ अक्टूबर को घोषित किए गए थे, जिसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीट जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। मतदान दो चरणों में 18 सितंबर और एक अक्टूबर को हुआ था।

# गोपाल राय ने उपराज्यपाल से पटाखों की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रदूषण की बढ़ती चिंताओं और करीब आ रही दिवाली के मद्देनजर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर पटाखों की अवैध बिक्री और वितरण में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया है।



दिल्ली सरकार ने 14 अक्टूबर को एक निर्देश जारी कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली में एक जनवरी, 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उन्हें फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में राय ने जोर देकर कहा कि पटाखे वायु प्रदूषण को बढ़ाते हैं और बच्चों, बुजुर्गों और सांस की समस्याओं वाले व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। मंत्री ने कहा, ''खबरों के अनुसार, प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली के विभिन्न बाजारों में पटाखे अब भी बिक रहे हैं तथा शहर में हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पटाखे लाए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि ये पटाखे राष्ट्रीय राजधानी को हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाली सीमाओं के माध्यम से दिल्ली में लाए जा रहे हैं और दिल्ली पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया है। मंत्री ने आरोप लगाया कि विक्रेता पटाखे बेचकर खुलेआम प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहे हैं।

राय ने पटाखों की अवैध बिक्री और वितरण में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया और आगाह किया कि दिवाली के दौरान इनके उपयोग से वायु प्रदूषण बढ़ेगा और निवासियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ेगा। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को वायु गुणवत्ता ''बहुत खराब'' श्रेणी में दर्ज की गई।

# जामिया नगर में वाहन जांच के दौरान युवक ने पुलिसकर्मी की आंख पर मुक्का जड़ा, गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर इलाके में वाहन जांच के दौरान हुई लड़ाई में एक बुलेट मोटर साइकिल चालक ने एक स्थानीय पुलिसकर्मी की आंख पर कथित तौर पर मुक्का जड़ दिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो के अनुसार, शनिवार रात स्थानीय थाना प्रभारी (एसएचओ) नरपाल सिंह ने दो कांस्टेबल के साथ मिलकर एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल को 'एग्जॉस्ट' जांच के लिए रोका।

अधिकारी ने बताया, ''रात करीब 8.45 बजे जब एसएचओ गश्ती दल के साथ जामिया नगर के बटला हाउस पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल तेज आवाज करते कब्रिस्तान चौक से जाकिर नगर मार्केट की ओर जा रही थी।''

वीडियो में यह दिख रहा है कि एसएचओ उस व्यक्ति से 'एग्जॉस्ट' जांच के लिए मोटर साइकिल का 'एक्सेलरेटर' तेज करने के लिए कह रहे हैं। जब बहस बढ़ गई, तो व्यक्ति ने अपने पिता को बुला लिया और उन दोनों ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके में पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की।

अधिकारी ने कहा कि वे सीसीटीवी के साथ-साथ मोबाइल फोन से फुटेज एकत्र कर रहे हैं, ताकि पता चल सके कि झगड़े से पहले क्या हुआ था। बाद में पिता और पुत्र को एक पुलिस वैन में धकेल दिया गया और यह घटना भी उस वीडियो में रिकॉर्ड है, जो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि बुलेट सवार की पहचान 24-वर्षीय आसिफ के रूप में हुई है। उसने बताया कि आसिफ एवं उसके पिता रियाजुद्दीन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारी ने कहा कि रियाजुद्दीन ने पुलिसकर्मी से 'मामला सुलझाने' के लिए कहा और झगड़े से पहले एसएचओ को भी धमकाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि आसिफ ने एसएचओ नरपाल सिंह की आंख के पास मुक्का मारा, जबकि रियाजुद्दीन ने उन्हें पीछे से पकड़ रखा था।

एसएचओ और कांस्टेबल रामकेश को बाद में इलाज के लिए पास के होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया।

अधिकारी ने कहा, ''हमने आरोपी आसिफ और उसके पिता के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्यों का पालन करने से रोकने और एसएचओ एवं ड्यूटी पर मौजूद अन्य

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र को सेंट स्टीफंस कॉलेज में कक्षाओं में हिस्सा लेने की अनुमति दी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सेंट स्टीफंस कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के बीच कथित सीट आवंटन विवाद के बीच सोमवार को अल्पसंख्यक श्रेणी के एक छात्र को कक्षाओं में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ एकल न्यायाधीश के उस फैसले के खिलाफ कॉलेज और छात्र द्वारा दायर अपील पर विचार कर रही थी जिसमें छात्र को प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया था। छात्र को कक्षाओं में हिस्सा लेने की अनुमति देते हुए अदालत ने आदेश दिया कि इस तरह की सीट का अब और आवंटन नहीं किया जाए।

पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''तथ्य यह है कि एकल न्यायाधीश ने अपने फैसले में पाया है कि सेंट स्टीफंस कॉलेज में 18 छात्र प्रवेश के हकदार थे और अपीलकर्ता छात्र द्वारा चुने गए संयोजन में एक सीट रिक्त है, इसलिए अदालत अंतरिम रूप से उसे अगले आदेश तक कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति देती है।'' उच्च न्यायालय ने कहा कि कॉलेज अगले आदेश तक अल्पसंख्यक कोटे के तहत सीटों का आवंटन नहीं करेगा। पीठ ने कहा, ''इसे (ऐसी कोई भी खाली सीट) ऐसे ही रहने दें।'' अदालत एकल न्यायाधीश के 14 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि 19 में से 18 छात्र योग्यता के आधार पर कॉलेज में प्रवेश पाने के हकदार हैं।

एकल न्यायाधीश के समक्ष कॉलेज ने डीयू को निर्देश देने का अनुरोध किया था कि वह अल्पसंख्यक समुदाय के सभी उम्मीदवारों की सूची को मंजूरी देने और इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दे, जिनके प्रवेश को मंजूरी देने के लिए विश्वविद्यालय ने कॉलेज को भेजा था।

सोमवार को छात्र संख्या 19 ने अपील में कहा कि एक अन्य छात्र द्वारा सीट ठुकराए जाने के बाद सीट खाली हो गई थी। इसलिए छात्र ने कला संकाय पाठ्यक्रम में प्रवेश का अनुरोध किया था। डीयू ने इस अपील पर आपत्ति जताई और कहा कि कॉलेज को इस तरह से सीट बंटवारे में बदलाव करके अपनी आवंटित सीटों में हेराफेरी करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## वसंत विहार के एक हिस्से का नाम बदलकर 'जमैका मार्ग' किया जाएगा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा सोमवार को सदन की बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार, दक्षिणी दिल्ली के वसंत विहार इलाके के एक हिस्से का नाम बदलकर जमैका मार्ग रखा जाएगा।

एमसीडी ने कहा कि वसंत मार्ग पर बी-9 रोड (आवास संख्या 7, वसंत मार्ग) से वसंत विहार में बी-8स्ट्रीट (आवास संख्या बी-8/26) का नाम जमैका के पहले राष्ट्रीय नायक और कार्यकर्ता मार्कस मोसिया गार्वे के सम्मान में जमैका मार्ग किया जाएगा, जिसका नाम इस समय मार्कस गार्वे मार्ग है।

सड़क का नाम बदलने को दोनों देशों और उनके लोगों के बीच मजबूत सद्भावना के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य उनके द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और कैरेबियाई देश के साथ भारत के विश्वास और दोस्ती का अटूट बंधन बनाना है।

निगम ने कहा कि इस मार्ग के प्रस्तावित नामकरण को दोनों देशों और उनकी जनता के बीच सद्भावना के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

# देश की संपत्ति को कुछ लोगों के हाथों में केंद्रित किया जा रहा है: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसके तहत केवल एकाधिकार को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है, बल्कि देश की संपत्ति को कुछ लोगों के हाथों में केंद्रित किया जा रहा है।



उन्होंने कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा के साथ वीडियो संवाद की नई कड़ी में माधवी बुच और अदाणी समूह को लेकर बात की। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''संस्थागत पतन ने अब मित्रवादी पूंजीवाद के एक और अधिक खतरनाक रूप 'अदाणी बचाओ' को जन्म दे दिया है। वर्तमान शासन अब केवल एकाधिकार को प्रोत्साहित नहीं कर रहा है, यह सक्रिय रूप से देश की संपत्ति को कुछ लोगों के हाथों में केंद्रित कर रहा है।''

राहुल गांधी ने दावा किया कि माधवी बुच से जुड़ा घोटाला जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक व्यापक है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''ऐसा हो सकता है कि बुच, जिसे खुदरा निवेशकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, अदाणी समूह के हितों और उसके बढ़े हुए मूल्यांकन की रक्षा के लिए व्यवस्थित तरीके से हेरफेर कर रहा हो।''

उन्होंने कहा, ''जिन लोगों को आम भारतीय नागरिकों और उनके निवेश की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से इनकार कर दिया है और व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार और कदाचार में लिप्त हैं।''

# दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच भाजपा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पराली जलाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से राज्य में पराली जलाने के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा ने पंजाब में पराली जलाने के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव का हवाला दिया।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मान से मिलने और प्रदूषण के मुद्दे पर पत्र सौंपने के लिए दिल्ली के कपूरथला हाउस गया।

हालांकि प्रतिनिधिमंडल पंजाब के मुख्यमंत्री से नहीं मिल सका और उन्होंने दिल्ली में पंजाब के रेजिडेंट कमिश्नर के माध्यम से अपना पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ विधायक और नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता, सांसद बांसुरी स्वराज, मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी शामिल थे। पत्र में कहा गया, ''हम आज आपको किसी राजनीतिक मकसद से नहीं बल्कि दिल्ली के जागरुक और चिंतित नागरिकों के तौर पर लिख रहे हैं। जैसा कि आपने पढ़ा और देखा होगा, दिल्ली का एक्यूआई पहले ही 400 को छू चुका है और इसमें सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, जैसे-जैसे सर्दी करीब आ रही है यह समस्या और भी बदतर होती जा रही है।'' पत्र में दावा किया गया है कि पराली जलाने की घटनाओं में कथित तौर पर कमी आई है, लेकिन 2023 में पराली जलाने का वास्तविक क्षेत्रफल 2022 की तुलना में 26 प्रतिशत बढ़कर 19 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। पत्र में दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के बयानों को चुनौती दी गई है जिन्होंने दिल्ली में सर्दियों में वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने के लिए मुख्य रूप से हरियाणा और उत्तर प्रदेश को जिम्मेदार ठहराया है।

# दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 10 हजार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली सरकार नगर में प्रदूषण कम करने से संबंधित उपायों को लागू करने में सहायता के लिए 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तैनात करेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



इन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को पिछले साल नवंबर में बर्खास्त कर दिया गया था, जब वे 'बस मार्शल' के रूप में काम कर रहे थे।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), परिवहन विभाग व अन्य की टीमों के साथ तैनात किया जाएगा। आतिशी ने बताया कि एक बैठक में अधिकारियों ने वायु प्रदूषण से निपटने में मदद के लिए शहर भर में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और 'बस मार्शल' की भूमिका को लेकर रणनीति बनाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का पंजीकरण अगले सप्ताह किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें अगले चार महीनों के लिए ड्यूटी सौंपी जाएगी।

हाल ही में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उन्हें चार महीने के लिए विभिन्न प्रदूषण-रोधी उपायों के कार्यान्वयन के दौरान तैनात किया जाएगा।

# उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी के पांच अभियंताओं के खिलाफ एसीबी को मुकदमे की मंजूरी दी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकारी अस्पतालों में निर्माण कार्य से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में पीडब्ल्यूडी के पांच अभियंताओं के खिलाफ जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी)को मुकदमा दर्ज करने की मंजूरी दे दी। राज निवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों में दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इलेक्ट्रिकल डिवीजन के दो सहायक अभियंता और तीन कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं। उन्होंने बताया, ''इस साल छह मई को दर्ज प्राथमिकी में नामजद अभियंताओं के खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी गई है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों से जुड़े कार्यों में हुए घोटाले से सरकारी खजाने को 200 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।''

शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपी अभियंताओं ने दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों लोक नायक, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस, जीबी पंत और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आपातकालीन विभाग के कार्यों की आड़ में अपनी जान-पहचान वाले लोगों की कंपनियों को निविदा दिलाने में मदद की।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook

# दुर्घटना मुक्त दीपावली सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार: दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में दीपावली की तैयारियों के बीच दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने सोमवार को कहा कि वह ''प्रकाश पर्व'' को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए विस्तृत योजनाएं बना रही है।





विभाग ने दीपावली के मद्देनजर 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और शहर में 39 स्थानों पर अग्निशमन उपकरण तैनात किए जाएंगे।

डीएफएस के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, ''आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3,200 अग्निशमन कर्मी तैनात होंगे... हम पूरी तरह तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''31 अक्टूबर और 1 नवंबर को अधिकारियों और कर्मचारियों की आकस्मिक छुट्टियां, अर्जित छुट्टियां और अन्य अवकाश रद्द कर दिए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे पास आग से संबंधित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिकतम कार्यबल हो।''

गर्ग ने कहा कि अग्निशमन सेवा नियंत्रण कक्ष आमतौर पर दीपावली पर अधिकतम कॉल का जवाब देता है और अग्निशमन कर्मियों को हर समय तैयार रहना होता है।

अधिकारियों ने कहा कि डीएफएस 31 अक्टूबर और एक नवंबर को शाम पांच बजे से आधी रात तक 23 व्यस्त स्थानों पर पानी के टैंकरों की तैनाती करेगा। इस साल 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। हालांकि, उत्सव एक दिन पहले ही शुरू हो जाता है। पिछले वर्षों में दिवाली के दौरान आग लगने से संबंधित कॉल आने का विवरण साझा करते हुए, गर्ग ने कहा कि पिछले साल 208, 2022 में 201, 2021 में 152, 2020 में 205, 2019 में 245, 2018 में 271, 2017 में 204, 2016 में 243, 2015 में 290 और 2014 में 211 कॉल आईं।



# ऑन डिमांड अवैध हथियार सप्लाई करने वाला गिरोह का पदार्फाश, सात गिरफ्तार

■गिरफ्तार गिरोह के कब्जे से अवैध शस्त्र, मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त एक मोटर साईकिल व कार बरामद

■अवैध शस्त्रों का सोशल मीडिया प्लेटफार्मस (इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि) के माध्यम से सौदा तय करते थे पकडे गये आरोपी






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। खालापार थाना पुलिस ऑन डिमांड अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से दो पिस्टल समेत पांच अवैध हथियार व एक कार, सात मोबाइल व एक बाइक बरामद की है। पुलिस गिरफ्तार तस्करों को अपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि थाना खालापार पुलिस को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कुछ लोगों के द्वारा अवैध मंगवाये गये हैं तथा उनको अवैध शस्त्रों की डिलीवरी देने के लिये लोग मुजफ्फरनगर आने वाले हैं। सूचना पर थाना खालापार पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास कार से आ रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर सिंचाई विभाग के पास घेराबंदी की। पुलिस ने घेराबंदी के दौरान सात आरोपी आजम रिजवी पुत्र नईम रिजवी निवासी जन्नत मस्जिद के पीछे जाटो वाली गली थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ, विवेक नागर उर्फ हैप्पी पुत्र खुशीराम नागर निवासी ग्राम चरला थाना सरधना जनपद मेरठ, प्रतीक त्यागी पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम नावला थाना मंसूरपुर, मनीष कुमार पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम मन्तोडी थाना जानसठ, ऋषभ प्रजापति पुत्र कैलाश चन्द्र निवासी यमुना विहान खतौली थाना खतौली, विशाल पुत्र नितिन कुमार निवासी रई थाना छपार, प्रतीक त्यागी पुत्र नीरज त्यागी निवासी यमुना विहार थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल ने नावला निवासी प्रतीक त्यागी से 32 बोर की पिस्टल खरीदने के लिए 42 हजार रुपए ऑनलाइनन पेमेंट किया था। पेमेंट मिलने के बाद आरोपी प्रतीक ने मनीष को आर्डर दिया था। इसी क्रम में मनीष ने आजम रिजवी को डिलीवरी देने के लिए कहा था। आरोपी विशाल के अलावा अन्य सभी आरोपी मिलकर अवैध हथियार बेचने का गौरख धंधा करते है। यह गैंग पहली बार पुलिस की गिरफ्त में आया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से दो 32 बोर की पिस्टल, तीन तमंचे, एक बाइक, कार व सात मोबाइल बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी मनीश हिमाचल व प्रतीक दिल्ली व विशाल देहरादून में रेस्टोरेंट में काम करते हैं।

एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी विशाल उपरोक्त द्वारा बताया गया कि उसने गिरफ्तार प्रतीक पुत्र मांगेराम उपरोक्त के माध्यम से पिस्टल का आर्डर दिया था जिसका भुगतान उसने प्रतीक को आनलाईन किया था। प्रतीक की अवैध शस्त्रों का व्यापार करने वाले मनीष उपरोक्त से जानकारी है जिसको प्रतीक ने एक पिस्टल का आर्डर दिया था। आज मनीष अपने साथियों के साथ पिस्टल की डिलीवरी देने आया था कि पुलिस द्वारा पकड लिया गया। अन्य आरोपियो के पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अवैध शस्त्रों का व्यापार किया जाता है। वह अवैध शस्त्रों का सोशल मीडिया प्लेटफार्मस (इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि) के माध्यम से सौदा तय करते हैं तथा मांग के आधार पर सप्लाई करते हैं तथा बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं जिसे बाद में आपस में बांट लेते हैं।

थाना खालापार पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियो के विस्तृत आपाधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है तथा अवैध शस्त्रों की निर्माण व सप्लाई नेटवर्क के बारे मे भी विवेचना की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उपनिरिक्षक मोहित कुमार, लोकेश कुमार गौतम, रमित यादव हैडकांस्टेबल हाशिम रजा, महेन्द्र बाबू, अजय कुमार, अनिल कुमार, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, गवेन्द्र कुमार हरीश थाना खालापार, मुजफ्फरनगर मौजूद रहे। पकडे गये ऑन डिमांड अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह के बारे मे जानकारी देते एसपी सिटी व बरामद अवैध हथियार।

## दीपावली पर मेले का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर/किरतपुर। दीपावली के अवसर पर मोलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीटयूट के तत्वावधान में सोमवार को इंस्टीटयूट के विशाल प्रांगण में भव्य दीपावली मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं सहित सैकड़ो अन्य लोगों की भीड शामिल हुई। सभी ने मेले का लुत्फ उठाया। मेले का उद्?घाटन पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद देश दीपक सिंह मुख्य अतिथि ने फीता काट कर किया। सीओ देश दीपक ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेला हमारी भारतीय परम्परा का हिस्सा है जो वर्षों से लगते चले आ रहे है मेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने मेला आयोजक मो. साइम राजा अध्यक्ष मुस्लिम फंड कमेटी व उनकी टीम को व प्राचार्य मोहित बंसल व समस्त स्टाफ को शानदार तरीके से मेला आयोजित करने पर दिल से बधाई दी। उन्होंने कहा कि जोहर कालेज द्वारा जो भी कार्यकृम आयोजित किये जाते हैं वह अपनी अलग ही छाप छोड़ जाते हैं। कमेटी अध्यक्ष मो. साईम राजा ने कहा कि इस प्रकार के कार्य क्रम आयोजित करने का मकसद स्वस्थ मनोरंजन होने के साथ साथ आपसी सद्भाव व भाईचारा बढ़ाना भी होता है। उन्होने कहा कि इंस्टीटयूट के संरक्षक रह चुके पूर्व राज्य मन्त्री राजा गजन्फर अली खाँ मरहूम द्वारा इंस्टिट्यूट रुपी जो वृक्ष लगाया गया था वह अब वट वृक्ष बन चुका हैं प्राचार्य मोहित बंसल ने कहा कि



इस प्रकार के मेले आयोजित होते रहने चाहिए, थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने कहा कि किरतपुर के लोग बहुत शाति प्रिय है। यहाँ हिन्दू मुस्लिम की डोर काफी मजबूत है जिसकी झलक इस मेले में दिखाई दे रही है मेले में दर्जनो चांट-पकोडी के स्टाल लगाये गये थे जिन पर कूपन सिस्टम द्वारा चाट पकौड़ी व अन्य व्यंजन खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। इस मोके पर मुस्लिम फंड कमेटी के जनरल सेकेट्री मुंशी हसीनूद्दीन, यामीन अंसारी, अकीलउद्दीन, शफीक चौधरी, भोजपुर शाखा प्रबन्धक, शहाब अतहर खां उर्फ कल्लू खाँ, आदि मुख्य रूप से मोजूद रहे। मुहम्मद साईम राजा ने सीओ व थाना प्रभारी को बुके देकर सम्मानित किया, बाद में सभी ने मेले का अवलोकन किया।

## 21 लाख रुपये के गुम मोबाइल फोन बरामद

मुजफ्फरनगर पुलिस के सर्विलांस सेल ने हासिल की उपलब्धि, एसपी सिटी ने वास्तविक स्वामियों को सौंपे मोबाइल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद करने में पुलिस ने रिकॉर्ड कायम किया है। लगातार पुलिस टीम द्वारा ऐसे मोबाइल को बरामद करते हुए उनके असली हकदारों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ऐसे में मुजफ्फरनगर पुलिस के सर्विलांस सेल द्वारा 21 लाख रुपये कीमत के 110 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस लाइन में इन मोबाइल फोन को उनके असली हकदारों तक पहुंचाने का काम किया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरों पर एक विजयी मुस्कान नजर आई और लोगों ने पुलिस का आभार जताया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में नागरिकों के गुमशुदाध्खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सर्विलांस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर खोये, गुम हुए कुल 110 मोबाइल फोन को बरामद किया गया। नागरिकों द्वारा अपने गुम, खोये हुए मोबाइल फोन को प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिन्हें सर्विलांस टीम द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरूप राज्य के विभिन्न स्थानों से बरामद किया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत एवं सहायक पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल द्वारा गुमशुदाध्खोये हुए बरामद मोबाइल फोन को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा सर्विलांस टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा आम जनमानस द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए मुजफ्फरनगर पुलिस की प्रशंसा की जा रही है। एसपी सिटी ने बताया कि ये मोबाइल फोन विभिन्न स्थानों पर चलाये जा रहे थे। इस गुडवर्क में सर्विलांस सेल के प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर सौरभ त्यागी, हैड कांस्टेबल राहुल सिरोही और दीपक चैधरी, कांस्टेबल ललित कुमार और नितिन कुमार का प्रयास सराहनीय रहा।

### एक साल में पुलिस ने बरामद किये 93 लाख कीमत के 484 गुम मोबाइल

मुजफ्फरनगर। सर्विलांस सेल द्वारा चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अर्न्तगत एक वर्ष में कुल 484 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किये, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 93 लाख रुपए बताई गई है। ये मोबाइल फोन बरामद करने के साथ ही पुलिस द्वारा उनके मालिकों तक पहुंचाने का काम भी किया गया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सर्विलांस सेल के माध्यम से पुलिस टीम द्वारा 10 नवम्बर 2023 से 28 अक्टूबर 2024 तक कुल 484 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 10 नवम्बर 2023 को 10 लाख रुपये कीमत के 50 मोबाइल फोन, 06 मार्च 2024 को 21 लाख रुपये के 110 मोबाइल फोन, 20अगस्त 2024 को 41 लाख रुपये कीमत के 214 मोबाइल फोन और 28 अक्टूबर 2024 को 21 लाख रुपये कीमत के 110 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं।

## धनतेरस पर्व के लिए सजा बर्तनों का बाजार

●शिव चैक से हनुमान चैक तक लगा पटरी बाजार

●हनुमान चैक से भगत सिंह रोड पर दो पहिया वाहनों को रोका



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। दीपावली पर्व पर बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ग्राहक बाजार में पहुंचकर अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार भी ग्राहक की जरूरत और पंसद के अनुसार अपनी दुकानें सजा कर तैयार हैं। इस पर्व पर सबसे पहले दिन मनाए जाने वाले पर्व धनतेरस पर लोग बर्तनों को खरीदना शुभ मानते हैं। इस पर्व के लिए बर्तन व्यापारी भी ग्राहकों की पंसद के अनुसार नए डिजाइनों के बर्तन लेकर दुकानों पर सजाए गए हैं। बाजार में बर्तनों के पश्चिमी उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा नगराध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि इस बार बर्तनों का बाजार काफी अच्छा है। ग्राहक बाजार में बर्तनों की काफी खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में स्टील के दाम 250 रुपये प्रति किलो, पीतल 550 रुपये प्रति किलो व तांबा 850 रुपये प्रति किलो है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष रेट में कोई ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। बाजार में ग्राहकों को देखते हुए लग रहा है कि इस बार बर्तनों का बाजार 150 करोड़ का आंकड़ा छू जाएगा। भगत सिंह रोड स्थित तायल क्रॉकरी वालों का कहना है कि अब दीपावली पर लोग घरों के साथ-साथ गिफ्ट में देने के लिए क्रॉकरी के सामानों की अधिक खरीदारीकर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाजार बहुत अच्छा है। उनके शोरूम पर 100 रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक के अच्छे डिजाइन के क्रॉकरी का सामान उपलब्ध है। मौ. यासीन बर्तन वालों का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बाजार में ग्राहक काफी हैं और अपनी पसंद के बर्तन खरीद भी रहे हैं। बाजार में ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर नए-नए डिजाइनों के बर्तन लाए गए हैं,जो ग्राहकों को पसंद भी आ रहे हैं। फैन्सी कप 100 से 2500 रुपये, केजरोल सैट 650 से 3500 रुपये, मिठे पल गिफ्ट आइटम 150 से 350 रुपये, कूकर 150 से 3500 हजार रुपये, मिक्सी 1850 से 5500 रुपये, स्टील के बर्तन 30 रुपये से 4000 रुपये, कुआं स्टील का 2000 से 4000 रुपये, तांबे का लैमन सैट 500 से 4000 रुपये, पीतल के बर्तनों का सैट 2500 से शुरू, पीतल का बर्तन 150 रुपये से शुरू, तांबे का बर्तन 200 रुपए से शुरू है। दीपावली पर्व पर प्रतिवर्ष भगत सिंह रोड पर लगने वाला पटरी बाजार रविवार को शिव चैक से हनुमान चैक तक लगकर तैयार हो गया है। यह बाजार शिव चैक से हनुमान चैक तक भगत सिंह रोड पर सड़क के बीच में लगाया जाता है। इन दुकानों पर मिट्टी के दीये से लेकर घर के लिए सजावटी सामान व पूजा सामग्री आदि की बिक्री की जाती है। भगत सिंह रोड पर पटरी बाजार लगाए जाने के बाद इस रोड आने-जाने वालों को परेशानी न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन ने दो पहिया वाहनों का आवागमन भी बंद कर दिया है। भगत सिंह रोड पर अब सिर्फ पैदल ही जाना होगा। अब शामली रोड की ओर से जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों को हनुमान चैक से आबकारी रोड की ओर मोड दिया गया है। सभी वाहन आबकारी रोड से होते हुए चुंगी नंबर दो तथा नावल्टी चैराहे पर पहुंचेंगे, जहां से वह शिव चैक या अंसारी रोड की ओर जा सकेंगे।

## संस्कार भारती ने मनाया दीपोत्सव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



चन्दौसी- सोमवार को संस्कार भारती जिला संभल चन्दौसी के द्वारा सीता रोड़ स्थित धर्मशाला में दीपोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम प्रान्तीय पदाधिकारियों ,कार्यक्रम अध्यक्ष तथा मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वल्लित किया गया ` सरस्वती वंदना की मनमोहन प्रस्तुति पाखी वार्ष्णेय द्वारा दी गयी व ध्येय गीत की प्रस्तुति हरिओम कश्यप द्वारा दी गयी। कार्यक्रम में नेहा शर्मा अकेडमी के बच्चों में सोनिका, नव्या रस्तोगी ,आयुषी ने अपनी प्रस्तुति दी एवं आदविक, सुदीक्षा, इशानवी, लेखिका, युविका शर्मा, नव्या शर्मा, प्रांकित ,मिशिका अग्रवाल ,हर्षिल आदि नें धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी तथा कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाई गई भारत के मानचित्र की रंगोली पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में संयोजक प्रवीन आर्य तथा दिलीप बंसल रहे व संचालन ज्योति गुप्ता एवं अपेक्षा बंसल द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील कुमार सक्सेना रहे व विशिष्ट अतिथि स्तुति गुप्ता रहीं, कार्यक्रम में आई. पी. शर्मा , राम किशोर मिश्र, वैद्य ब्रज नन्दन शर्मा, अखिलेश कुमार, डॉ राजीव लोचन शर्मा रहे।

## मुजफ्फरनगर में चल रहे 165 मकतबों पर एटीएस की नजर

●मदरसों के बाद अब मकतबों में भी फंडिंग और अन्य मामलों पर जांच हुई शुरू

●अल्पसंख्यक निदेशक ने मुख्यालय को भेजा पत्र, सहारनपुर मंडल के तीनों जिलों में 473 मकतबों की सूची एटीएस ने सौंपी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। यूपी में अब मदरसों के बाद मकतब यानी छोटे बच्चों को दीनी तालीम देने वाले मदरसे एटीएस की रडार पर हैं। एटीएस गैर मान्यता चलने वाले मकतबों की जांच करने में जुट गई है। वेस्ट यूपी में एटीएस की खास नजर बनी है। इसके लिए मकतबों की सूची बनाकर वेस्ट यूपी के जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजकर जांच में सहयोग मांगा गया है। इसके बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक ने सभी जिला मुख्यालयों को पत्र जारी करते हुए एटीएस के अभियान की जानकारी देते हुए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को जांच में पूरा सहयोग करने के निर्देश दिये हैं। इसमें सहारनपुर मंडल के तीनों जनपदों के 473 मकतबों को जांच की राडार पर रखा गया है। इसमें मुजफ्फरनगर जनपद में चल रहे 165 मकतबों को हो रही फंडिंग की जांच का काम किया जायेगा। इनमें से कुछ मकतब मस्जिदों में भी चलाये जा रहे हैं। इनके जिम्मेदारों से पूछताछ के लिए एटीएस ने पूरा प्लान तैयार करते हुए टेरर फंडिंग पर आधारित सवालों की पूरी फेहरिस्त बनाई है। यूपी की भाजपा सरकार में मदरसों की निगरानी को लेकर कई बार विवाद की स्थिति बनी। नेपाल सीमा से सटे अवैध मदरसे सरकार की राडार पर रहे। सितम्बर 2023 में कराए गए सत्यापन में 491 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मिलने के बाद सरकार ने इन मदरसों के संचालन के लिए हो रही फंडिंग और अन्य मामलों की जांच एटीएस को सौंप दी थी। इसके साथ ही यूपी में सभी मदरसों का सत्यापन कराया जाने लगा। सत्यापन में चैंकाने वाली बात यह सामने आई कि लगभग 30 से 35 सालों से कई मदरसे अवैध रूप से चलते मिले। इन मदरसों को मिलने वाली फंडिंग का ब्यौरा मांगा गया तो आवामी चंदे की बात कहकर संचालकों ने किनारा कस लिया। इसके बाद शासन ने पूरे मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी। रिपोर्ट में मदरसों की फंडिंग की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण इनको बंद करने की सिफारिश कर दी गई। इसके बाद मदरसों के साथ ही अब मकतबों को भी जांच के दायरे में लाकर इनकी जांच का जिम्मा एटीएस को सौंपा गया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा ने 21 अक्टूबर को जिला मुख्यालय को पत्र भेज कर जांच के सम्बंध में जानकारी दी। पत्र में उनके द्वारा बताया गया है कि एटीएस के एडीजी ने पिछले दिनों विभाग को पत्र भेजते हुए प्रदेश में चल रहे मकतबों की जिला वार सूची उपलब्ध कराई है। इसमें बताया गया कि एटीएस शासन के निदेर्शानुसार इन मकतबों की जांच करने का कार्य कर रही है। ऐसे में मकतब के संचालन और अब तक उनके पंजीकरण न होने और उनको संचालन के लिए हो रही फंडिंग के स्त्रोत समेत अन्य बिंदुओं की जांच में एटीएस के पुलिस महानिरीक्षक को सहयोग देने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें निदेशक ने सभी जिलों के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एटीएस जांच दल को पूर्ण सहयोग करने के लिए कहा है। निदेशक का पत्र मिलने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है। सहारनपुर मंडल के तीनों जनपदों में 473 मकतब संचालित होने की सूची एटीएस ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दी है। इनमें सहारनपुर के 118, शामली 190 और मुजफ्फरनगर के 165 मकतबों की सूची एटीएस लखनऊ ने बनाकर इनकी जांच में सहयोग मांगा है। जनपद मुजफ्फरनगर में एटीएस के जल्द जांच शुरू करने की उम्मीद है। इसमें जिलों में एटीएस टीम के पहुंचने के बाद बारी-बारी से सभी के आय के स्त्रोतों की पड़ताल करने का काम शुरू किया जायेगा। कुछ मिलों में जांच का यह कार्य प्रारम्भ भी कर दिया गया है। बता दें कि मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संचालित कई मदरसों में फंडिंग आदि को लेकर सवाल उठता रहा है। जांच एजेंसियों के निशाने पर कई मदरसे समय-समय पर आते रहे हैं। लेकिन, यह पहली बार है कि मकतब के फंडिंग की भी जांच एटीएस द्वारा की जा रही है। कई मस्जिदों में भी दीनी तालीम दी जाती है, दीनी तालीम के इन्हीं केंद्रों को मकतब कहा जाता है। इसी को लेकर पहली बार देखने में आया है कि एटीएस को इन दीनी तालीम केंद्रों को लेकर भी इस तरह का इनपुट प्राप्त हुआ है, जिसके बाद सभी मकतबों की जांच का निर्णय लिया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने कहा कि प्रदेश भर में मदरसों के लिए की गई फंडिंग और अन्य मामलों में एटीएस की ओर जांच करीब एक साल से चल रही है। अब इसमें मकतब की जांच का भी निर्णय लिया गया है। एटीएस की ओर से जनपद में 165 मकतब की सूची विभाग को मिली है। इसमें एटीएस की टीम द्वारा जांच के लिए सहयोग मांगा गया है। विभागीय स्तर पर उनको जांच के लिए हर संभव मदद और व्यवस्था प्रदान की जायेगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर निदेशक के दिशा निर्देश भी प्राप्त हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिसकर्मियों द्वारा किया गया बल्वा नियंत्रण ड्रिल अभ्यास

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/बहजोई/ पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में सोमवार को पुलिस लाईन बहजोई के परेड ग्राउण्ड में पुलिस लाइन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आकस्मिक परिस्थिति में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भय मुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें अधि0/कर्म0गण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज आदि क्रियाकलापों के सम्बन्ध में एवं फोर्स के साथ भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन लाठीचार्ज आंसू गैस के गोले आदि शस्त्रों के संबंध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।

### महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ की विस्तृत दी जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल/मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत सम्भल पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को कार्यक्रम कर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त व जागरुक उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ मिशन शक्ति में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी जा रही है । उक्त योजनाओं के साथ-साथ महिलाओं /बालिकाओं/ छात्राओं को 'गुड टच व बैड टच' के बारें में जागरूक किया गया

### यातायात शाखा ने प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को यातायात नियमों को किया जागरूक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल बहजोई /सोमवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के दिशा निर्देशन में पुलिस स्मृति दिवस सप्ताह के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी यातायात गणेश गुप्ता व यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में रेडियो/ ?तातायात शाखा द्वारा प्रदर्शनी लगाकर बहजोई इण्टर कॉलिज बहजोई व अन्य स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों यातायात संकेतो ड्राइवर के संकेतो यातायात उपकरणों यातायात नियमों शस्त्र,वायरलेस आदि की जानकारी से अवगत कराया गया ।

### 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक बीएलओ अपने क्षेत्र में रहकर करेंगे कार्य : एडीएम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। सोमवार को प्रदीप वर्मा अपर जिलाधिकारी उप-जिला निर्वाचन अधिकारी संभल द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों/भवनों पर दिनांकः 29 अक्टूबर, मंगलवार को विधिवत रूप से कराया जायेगा। उक्त अवसर पर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदेय स्थलों की मतदाता सूचियाँ आम जनता को निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। कोई भी अर्ह नागरिक जिसका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप-6, विदेश में निवास कर रहे प्रवासी भारतीय नागरिक प्रारूप 6 का नाम अपमार्जित कराने हेतु प्रारूप,7 नाम अथवा किसी भी प्रकार की त्रुटि को शुद्ध/स्थान परिवर्तन कराने हेतु प्रारूप 8 में आवेदन दिनांकः 29.10.2024 से 28.11.2024 तक कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनता की सहभागिता के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेबिल ऐजेण्ट (बी०एल०ए०) अपना पूर्ण सहयोग अपने संबंधित बी०एल०ओ० को प्रदान करेंगे। संबंधित क्षेत्र की महिला कार्यकत्री आंगनवाडी, आशा, ए०एन०एम०, ग्राम रोजगार सेवक, गाम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा संबंधित लेखपालों से आशा की जाती है कि वे अपने क्षेत्र के मतदाता एंव संबंधित बी०एल०ओ० व पदाभिहित अधिकारी को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। समस्त पदाभिहित अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांकः 29. 10.2024 से 28.11.2024 तक अपने पदाभिहित स्थल / मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर तथा बी०एल०ओ० अपने क्षेत्र में रहकर कार्य करेंगे। यदि कोई बी०एल०ओ०/ पदाभिहित अधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। किसी भी समस्या के समाधान हेतु संबधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ई०आर०ओ०/ए०ई०आर०ओ० अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, सम्भल से सम्पर्क किया जा सकता है।

### श्री श्याम सरकार आश्रम पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल गवाँ ' सोमवार को श्री श्याम सरकार आश्रम पर आयुष्मान सेवा फाउंडेशन सामाजिक संस्था के तत्वाधान में नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम सरकार आश्रम के महंत दीक्षित महाराज के संरक्षण में राजेश शर्मा,एवं ठाकुर अमरसिंह द्वारा नारायण यादव द्वारा सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु क्षेत्राधिकारी गुन्नौर, थाना अध्यक्ष रजपुरा हीरेश कुमार,चौकी प्रभारी हरि बाबा बाँध धाम,चौकी प्रभारी गवाँ, आरक्षी हीरेश,आरक्षी नरेंद्र,आरक्षी नीरज आदि प्रशस्ति पत्र देकर व शाल ओढ़ाकर आयुष्मान सेवा फाउंडेशन के बेनर तले सम्मानित किये गये । वहीँ श्री श्याम भक्त दीक्षित महाराज ने बाबा श्याम के पटका व बाबा श्याम की सभी को तस्वीरें भेंट की । कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से आचार्य संतोष शर्मा एवं अनुराग गौड़ ने किया मंच की अध्यक्षता थाना प्रभारी रजपुरा ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीओ गुन्नौर प्रदीप कुमार रहे। इस मौके पर अरविंद यादव मुनेश यादव भीमरतन गौतम रामकृपाल सिंह हिमांशु शर्मा आचार्य आशुतोष शर्मा ठाकुर अमर सिंह नारायण यादव आदि मौजूद रहे।



### जाम की समस्या को लेकर, व्यापारियों के साथ मीटिंग

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी/चन्दौसी । नगर में जाम की समस्या बनी हुई है जिस रोड पर निकल जाओ वहां आपको जाम ही जाम मिलेगा । लेकिन दिवाली के साथ आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस व यातायात पुलिस की ओर से सप्ताह भर पहले शहर में वन-वे प्लान लागू कर दिया जाता है। मगर इस बार वन-वे प्लान लागू नहीं किया गया। जिससे शहर में जगह-जगह जाम लगने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की परेशानी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने सोमवार को प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह को वन-वे प्लान लागू करने के निर्देश दिए। मंगलवार से शहर में वन-वे प्लान लागू कर दिया जाएगा। शहर में 6 स्थानों से एंट्री दी जाएगी। जिसमें फव्वारा चौक, मालवीय चौक, मौलागढ़ की पुलिया, बदायूं चुंगी सहित अन्य स्थान शामिल है। इसके अलावा त्योहार को देखते हुए 15 से 16 स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। ताकि व्यापारी स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों से कहा कि व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिन व्यापारियों के कैमरे खराब है, वह उन्हें शीघ्र ठीक करा ले। वन-वे प्लान लागू होने से त्योहार पर खरीदारी करने वाले लोगों परेशानी नहीं होने होगी।



# ग्रामीण परिवार ने दलाल भूमाफिया के खिलाफ मंत्री से की शिकायत

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**





चन्दौसी । सोमवार को एक ग्रामीण परिवार सुभाष रोड स्थित मंत्री आवास पर पहुंचा मंत्री गुलाब देवी उस समय जन शिकायतें सुन रही थी । जनता दरबार में तभी एक गरीब परिवार पहुंचा गांव कैथल निवासी रामकुमार पुत्र, प्यारेलाल, उर्मिला पत्नी सरदारी, शिवकुमार पुत्र प्यारे लाल, धनदारी पुत्रगण प्यारेलाल ने राज्यमंत्री को अवगत कराया कि रामनगर रोड पर उनके मकानों के सामने करीब 950 गज पैतृक जमीन है। चूंकि जमीन काफी महंगी है। इसीलिए इस पर भूमाफियों की नजर है। जबकि वह काफी समय से इस पर पशुपालन करते आ रहे हैं। पिता की समाधि भी बनी हुई है और पेड खड़े है, बिटोरे बने हुए हैं। कई बार समाज के लोगों ने भी इस जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसको लेकर न्यायालय में विचाराधीन है। अवैध कब्जा न होता देख वह सरकारी भवन बनबाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हाल ही में 26 अक्तूबर को कोतवाली में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आए तो गांव के भूमाफिया एक तथाकथित पत्रकार के साथ वहां पहुंचे। जिन्होंने दोनों अधिकारियों से इन वाल्मीकि समाज की जमीन पर पुलिस चौकी व धर्मशाला बनवाने की सलाह दी। यह जानकारी होने पर यह सभी लोग सोमवार को राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फोन पर प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह से बात की और कब्जा किए जाने वालों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

## 35 स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों को ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का दिया प्रशिक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सफल प्रयासों से ग्रामीण स्वरोजगार के माध्यम से महिलाओं को विशेष रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सीबी आरसेटी ) के अंतर्गत रोटरी क्लब बिल्डिंग, सिल्वर स्टोन स्कूल के पास बहजोई में स्वंय सहायता समूहों की दीदीयों के लिए 10 वां प्रशिक्षण बैच के अन्तर्गत 35 स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों को ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया।मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को श्री अन्न की किट देकर स्वागत किया तथा समूह की दीदीयों द्वारा समूह की प्रार्थना का गान किया। उसके पश्चात केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय का ( सीबी आरसेटी) का रोटरी क्लब में फीता काट कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों से आये स्वयं सहायता समूहों के द्वारा लगायी गयीं विभिन्न स्टालों जिन पर उन के द्वारा स्वयं तैयार किये गये उत्पादों जिनमें वर्मी कम्पोस्ट, गाय के गोबर से तैयार किये गए दीप एवं मिट्टी के दीप, मूर्तियों, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, मोमबत्ती तथा धूपबत्ती, अगरबत्ती का अवलोकन किया। जिलाधिकारी द्वारा अगर बत्ती निर्माण के प्रशिक्षण के अन्तर्गत स्वयं भी अगरबत्ती तैयार की। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों को ऋण दिलवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा जो भी ऋण से संबंधित फाईल बैंकों को जाए उसकी एक कॉपी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को भी प्रेषित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय के प्रशिक्षण कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि यहाँ पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाते हैं जिसमें अगरबत्ती निर्माण, मोमबत्ती निर्माण, आर्टिफिशियल ज्वैलरी निर्माण, डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट,आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा गोमय उत्पाद एवं श्रीअन्न उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। स्वयं सहायता समूह परिवार की जीविका का आधार बन रहे हैं। आत्मनिर्भर बनने से परिवार को सबल मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही कलक्ट्रेट परिसर में श्रीअन्न कि शॉप खुलवायी जाएगी तथा यहाँ दीदीयों द्वारा तैयार किये जाने वाले उत्पादों को भी रखा जाएगा।इससे स्वरोजगार प्राप्त होगा तथा समूह की दीदीयों आत्मनिर्भर बनेंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त कर ऋण के माध्यम से स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। समूह के पद सूत्र का पालन करें तथा समूह की पासबुक को मेंटेन रखें। श्रीअन्न को भोजन में नियमित रूप से रखें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जीआई इंडेक्स के विषय में भी बताया। प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनीत तिवारी द्वारा बताया गया कि यहाँ 10 वां प्रशिक्षण चलाया जा रहा है तथा आज 35 दीदीयों को ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण संस्थान की केंटीन रफीकपुर स्वयं सहायता समूह की पांच दीदीयां चला रही हैं। अभी तक 235 दीदीयां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। तथा यहां प्रशिक्षण में मिलने वाले भोजन में मसाला भी स्वयं सहायता समूहों के द्वारा तैयार किया ही डाला जाता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह तथा जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनीत तिवारी, जिला मिशन प्रबंधक मोहन लाल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध शस्त्र के आरोपी को जेल में बितायी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल हजरतनगरगढ़ी/पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 28.10.2024 को मु0अ0सं0 120/2003 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त कुंवरपाल पुत्र धन्नामल निवासी हाफिजपुर थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल को न्यायालय जे०एम० सम्भल जनपद सम्भल द्वारा अभियुक्त कुंवरपाल उपरोक्त को धारा 25 आर्म्स एक्ट में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि 04 दिवस के कारावास व 1500/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में अभय साहू एपीओ तथा पैरोकार आरक्षी सीताराम शर्मा थाना हजरतनगरगढ़ी का सराहनीय योगदान रहा।

## अमन खुराना की सोच से प्रेरित, कली ने जन्मदिन पर बांटी खुशियां




**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**

चंदौसी। सोमवार को अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी रजि. के तत्वावधान में समाजसेवा की एक और प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली, जब कंप्यूटर क्लास की छात्रा कली अग्रवाल ने अपने जन्मदिन को समाज के हित में समर्पित करते हुए बुजुर्गों के आशीर्वाद स्टॉल पर लगभग 300 लोगों को भोजन करवाया। इस विशेष अवसर पर उनके साथ उनकी सहेलियाँ राशी अग्रवाल, समृद्धि, श्रुति सिंह, उनकी शिक्षिका शैफाली, और उनकी माता जी भी मौजूद थीं।कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष अमन खुराना ने इस अनोखी पहल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, ह्लऐसे सादगी और सेवा से भरे हुए जन्मदिन को मनाना एक मिसाल है, जो समाज में प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। यह केवल एक जन्मदिन नहीं था, बल्कि समाजसेवा का एक सजीव उदाहरण था, जो दिखाता है कि कैसे एक छोटी-सी सोच बड़े बदलाव की शुरूआत कर सकती है।ह्लकार्यक्रम के अंत में ट्रैफिक पुलिस टीम से ळरकप्रमोद मान, हेड कॉन्स्टेबल अमरदीप, कॉन्स्टेबल अनुज कुमार और कॉन्स्टेबल संकेत कुमार भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। उनकी सहभागिता से यह संदेश और भी स्पष्ट हुआ कि समाज की भलाई के काम में हर तबके का सहयोग कितना महत्वपूर्ण होता है।यह आयोजन केवल कली के जन्मदिन का नहीं था, बल्कि समाजसेवा का एक जीवंत उदाहरण था, जिसने सभी के दिलों में यह विश्वास जगाया कि सही मायनों में खुशी तभी मिलती है जब वह दूसरों के साथ साझा की जाए। अमन खुराना और उनकी टीम का यह प्रयास न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज के लिए एक ऐसी प्रेरणा है, जो आगे बढ़ने की राह दिखाती है।

## मेंथा खुली-बंद के सट्टे को लेकर भाकियू टिकैत ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस, मनीष शर्मा**

**मेंथा खुली-बंद के विरुद्ध संगठन ने खोला मोर्चा , किसानों को खाद न मिलने की समस्या भी उठाई**

चन्दौसी । बहजोई भारतीय किसान यूनिनन टिकैत मेंथा किसानों की समस्या को लेकर गंभीर बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने मेंथा की खुली-बंद सट्टेबाजी व सिंथेटिक मेंथा को बंद कराने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

चन्दौसी शहर में पिछले कई वर्षो से मेंथा व्यापार के खुली-बंद के सट्टे ने कहर मचा रखा है। जिससे मेंथा किसान, छोटा व्यापारी व बड़े एक्पोर्टर भी प्रभावित बने हुए है। किसानों को काफी समय से मेंथा आयल के उचित भाव नहीं मिल पा रहा है। इसी कारण विश्व पटल पर मेंथा से पहचान बनानी चन्दौसी अपनी अब अपनी पहचान खोती जा रही है। भाकियू टिकैत ने समस्या को लेकर अपना मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को संगठन का प्रतिनिधिमंडल बहजोई मुख्यालय पहुंचा। जहां उसके द्वारा जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मेंथा खुली बंद के अवैध व्यापार को बंद कराने की मांग की है। साथ ही सिंथेटिक मेंथा को बंद कराने को कहा है। भाकियू के प्रदेश प्रमुख महासचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि आज मेंथा किसान का शोषण हो रहा है। मेंथा का मूल व्यापार होना चाहिए। जिसमें कोई सट्टेबाज न हो। लेकिन मेंथा की ट्रेड में खुली-बंद के सट्टेबाजों ने मजबूत जड़े जमा ली है। उनके द्वारा व्यापार को लगातार प्रभावित किया जा रहा है। जिस कारण किसास अपने लाभ से वंचित हो गया है। वहीं यह सट्टेबाज चांदी काट रहे है। मेंथा की खेती लाभ की खेती साबित नहीं हो रही है। इसी कारण किसान इस खेती से मुंह मोड़ रहा है। प्रशासन को चाहिए कि वह मेंथा खुली-बंद के सट्टेबाजों पर कार्रवाई करे। जिससे किसान व्यापारी सभी को चैन की सांस लेने का मौका मिले। हाल यह है कि यह सट्टेबाज बिना तेल के सट्टेबाजी से करोड़ों के तेल का खुली-बंद के माध्यम से सौदे कर रहे है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बहजोई ब्लाक क्षेत्र की सभी सहकारी समितियां बहजोई के एक ही प्रांगण में स्थित है। जबकि उक्त समितियों के गोदाम व कार्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए हैं। बहजोई में सभी समितियां होने के कारण किसानों का शोषण होता है और खाद की कालाबाजी को बढ़ावा रही है। खाद ले जाने पर अतिरिक्त किराया देना करना पड़ता है। इसलिए ब्लाक बहजोई की सभी समितियों को उनके गृह मुख्यालय पर हस्तांतरित कराया जाए। इस दौरान ज्ञापन देने वालों संगठन के प्रदेश प्रमुख महासचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह, उदयवीर सिंह, अमित राघव, अनिल कुमार, देवन यादव, निर्भय ठाकुर, विनोद कुमार आदि रहे।

## डीएम एसपी ने चोटिल भाई बहन को सरकारी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भल बहजोई/सोमवार को क्लेक्ट्रेट बहजोई के सामने एक मोटरसाइकिल के अचानक फिसल जाने से मोटरसाइकिल सवार एक महिला व उसका भाई अचानक गिर गये। मौके से जा रहे जिलाधिकारी सम्भल व पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा तुरन्त ही अपनी गाड़ी को रोककर महिला व उसके भाई से कुशलक्षेम जाना तथा अपनी एस्कॉर्ट की गाड़ी से दोनों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। तत्तपश्चात मौके से अपने गंतव्य को रवाना हुए ।

# ए.एम.वर्ल्ड स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**





चन्दौसी । बहजोई रोड स्थित ए.एम.वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनूप मंगल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं संस्थापक कृष्ण गोपाल मंगलम द्वारा माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी शुरूआत गणेश वंदना से हुई। छोटे बच्चों ने स्वागत गीत और ट्राइवल थीम पर आधारित नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद भारतीय संस्कृति को दशार्ते हुए सतयुग, त्रेतायुग और द्वापरयुग पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य और नाटकों की प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें 'स्कूल चले हम', मोबाइल और टीवी इन इंडिया, मुगल काल, स्वतंत्रता संग्राम, इंडिया-पाक युद्ध, मिशन मून, ब्रिटिश राज, नोटबंदी, कोविड-19 और इंडिया वर्ल्ड विक्ट्री जैसे विषय शामिल थे। बॉलीवुड के मिक्स गानों पर प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने मधुर संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण और अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

## संपादकीय

# खाद्य तेल के विरोधाभास

दीपावली के त्योहारी मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों में खूब उबाल आया है। यह चुनाव का मौसम भी है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी है। इसी दौरान महंगाई का मुद्दा एक बार फिर गरमा उठा है। 'महंगाई डायन खाए जात हो' वाला गीत पहले भी प्रासंगिक था और अब मौजूदा सरकार के दौरान भी मौजू है। एक महीने के दौरान ही ताड़, सूरजमुखी, सोयाबीन, सरसों और मूंगफली के तेल काफी महंगे हो गए हैं। ताड़ के तेल की कीमतों में 37 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। ये सभी रोजाना के इस्तेमाल में आने वाले खाद्य तेल हैं। वे औसतन 58 फीसदी महंगे हुए हैं। बीते माह सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 5.5 फीसदी थी, जो 9 महीनों में सर्वाधिक थी। खाद्य तेलों की महंगाई भी मुद्रास्फीति से जुड़ी है अथवा यह मुनाफाखोरी, जमाखोरी या कालाबाजारी की महंगाई है? अजीब विरोधाभास है कि भारत दलहन और तिलहन का बड़ा उत्पादक देश है। सरसों, सोयाबीन, ताड़ आदि की फसलें पर्याप्त हुई हैं। उसके बावजूद भारत को 65 फीसदी खाद्य तेल विदेशों से आयात करना पड़ता है। यह मोदी सरकार का ही विरोधाभास नहीं है। मौजूदा सरकार से पहले भी हमें 58 फीसदी खाद्य तेल आयात करना पड़ता था। यह विरोधाभास इसलिए है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी अधिक तिलहन, दलहन की पैदावार का आह्वान करते रहे हैं, किसानों ने अधिक पैदावार की भी है, लेकिन सरकार 10-20 फीसदी फसल की ही खरीद करती है। ऐसा क्यों है? सवाल यह भी है कि भारत ने खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश क्यों नहीं की? भारत कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बना भी है और कइयों में ऐसे प्रयास जारी हैं, लेकिन किसानों की फसल खरीद में अलग-अलग मापदंड हैं। खाद्य तेल घरेलू भोजन का आधार हैं, तो होटल, रेस्तरां, ढाबों और मिठाई की दुकानों की भी बुनियादी जरूरत हैं। उनके यहां खाद्य तेल की खपत खूब होती है, क्योंकि तेल से ही विभिन्न व्यंजन बनाए जाते हैं। अब बीते एक माह के दौरान ही सरसों का तेल 29 फीसदी, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल 23 फीसदी प्रति महंगे हुए हैं।

गनीमत है कि मूंगफली के तेल की कीमतें मात्र 4 फीसदी ही बढ़ी हैं। जाहिर है कि घरेलू और व्यवसायों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। तेल से बनने वाले व्यंजन या सामान्य भोजन अथवा स्नैक्स आदि सभी महंगे होंगे। क्या आम आदमी इस महंगाई को झेल सकता है? भारत ऐसा देश है, जिसमें आर्थिक आकलन किया गया था कि जिनकी औसतन आय 25,000 रुपए माहवार है, वे देश की सम्पन्न जमात में आते हैं। ऐसी मात्र 10 फीसदी आबादी है। इसके मायने हैं कि देश की अधिकतर आबादी गरीब है, क्योंकि उसकी आमदनी 25,000 रुपए से कम है। क्या ऐसा देश 181 रुपए प्रति लीटर का खाद्य तेल खरीद सकता है और घर की रसोई को 'चिकना' रख सकता है? यह मुद्दा कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने लपक लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आकलन है कि आम आदमी की थाली औसतन 52 फीसदी महंगी हुई है। खड़गे के मुताबिक, टमाटर की कीमत 247 फीसदी, आलू के दाम 180 फीसदी, लहसुन के 128 फीसदी बढ़े हैं। अन्य सब्जियां भी 89 फीसदी महंगी हुई हैं। नमक, खाद्य तेल, आटे के दाम भी बढ़े हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के अर्थशास्त्र के मुताबिक, एक परिवार के लिए दिन में दो थाली भोजन तैयार करने की मासिक लागत 2023 में 3053 रुपए थी। अब 2024 में यह बढ़कर 4631 रुपए हो गई है। जाहिर है कि इससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ेगा। बीते साल अक्टूबर से लेकर अब तक संतुलित भोजन की कीमतें 52 फीसदी बढ़ी हैं, जबकि औसत वेतन में 9-10 फीसदी ही वृद्धि होती है। श्रम श्रेणी के लिए यह भी निश्चित नहीं है। इसी दौरान मोदी सरकार ने कच्चा ताड़ तेल, सोयाबीन और सूरजमुखी के कच्चे तेल पर आयात शुल्क 5.5 फीसदी से 27.5 फीसदी बढ़ा दिया है। रिफाइंड तेल पर भी शुल्क 13.7 फीसदी से बढ़ा कर 35.7 फीसदी कर दिया है। क्या सरकार इस बढ़ोतरी का तर्क देश को समझाएगी? यदि किसानों की फसलों का एमएसपी बढ़ा रहे हैं, तो उस अनुपात में खरीद क्यों नहीं की जा सकती? इसका जवाब भी मोदी सरकार ही दे सकती है।

# धनतेरस से दीपावली का शंखानंद-भाई दूज तक



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर अगर हम गहराई से देखें तो भारत में करीब करीब हर दिन किसी न किसी पर्व को मनाने का होता है। कभी सामाजिक जातीय धार्मिक, राष्ट्रीय तो कभी चुनावी महापर्व जैसे 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र और झारखंड का चुनावी महापर्व तथा 23 नवंबर 2024 को परिणाम आने का महापर्व मनाने का दिन है, इन त्योहारों का एक महत्वपूर्ण भाव अनेकता में एकता है,इसके कारण ही भारत एक विशालकाय जनसंख्या वाला देश विभिन्न धर्मो जातियों उपजातियों के बीच सर्वधर्म सद्भाव के प्रेम से संजोया हुआ एक खूबसूरत गुलदस्ता है,इसीलिए ही हर धर्म समाज का पर्व हर दिन आनास्वाभाविक है। परंतु उन कुछ पर्वों में से धनतेरस से दीपावली और फिर छठ महापर्व एक ऐसा खूबसूरत त्यौहार पर्व है जिसे भारत में ही नहीं पूरी दुनियाँ में बसे भारतवंशियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 29 अक्टूबर 2024 से हो गई है जो 5 दिन तक बड़ी सौहार्दपूर्ण के साथ और खुशियों के साथ मनाया जा रहा है, फिर अब दीपावली के छठवें दिन से छठ पर्व मनाया जाएगा, जो धार्मिक आस्था का खूबसूरत प्रतीक है। चूंकि दीप जले दीपावली आई, धनतेरस ने दीपावली का आगाज़ कर दिया है और पांच दिवसीय दीपावली पर्व का धनतेरस के भावपूर्ण स्वागत से शुरू हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां के हर देश में बसे भारतवंशी धनतेरस से भाई दूज तक फिर छठ के महात्योहार में खुशियों से सराबोर होकर पूर्ण तृप्ति होंगे।

साथियों बात अगर हम दीपावली महापर्व की शुरुआत धनतेरस मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 से शुरू होने की करें तो, दीपावली का शुभारंभ धनतेरस के दिन से ही हो जाता है और भाई दूज तक यह 5 दिवसीय उत्सव मनाया जाता है। सबसे पहले धनतेरस, फिर नरक चतुर्दशी, उसके बाद बड़ी दिवाली, फिर गोवर्द्धन पूजा और सबसे आखिर में भाई दूज पर इस पर्व की समाप्ति होती है।धनतेरस इस बार आज 29 अक्टूबर 2024 को मनाई जा रही है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं में यह बताया गया है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन से भगवान धनवंतरी प्रकट हुए थे और उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। उन्हें विष्णु भगवान का अवतार माना जाता है। धनतेरस को उनके प्राकट्योत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेरजी और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और सोने-चांदी के अलावा बर्तनों की खरीद करते हैं। धनतेरस को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गईवस्तुओं में 13 गुना वृद्धि होती है और हमको धन की




कमी नहीं होती।मृत जीवित हो आता था।विधाता के कार्य में यह बहुत बड़ा व्यवधान पड़ गया। सृष्टि में भयंकर अव्यवस्था उत्पन्न होने की आशंका के भय से देवताओं ने इन्हें छल से लोप कर दिया। वैद्यगण इस दिन धन्वंतरी जी का पूजन करते हैं और वर मांगते हैं कि उनकी औषधि व उपचार में ऐसी शक्ति आ जाए जिससे रोगी को स्वास्थ्य लाभ हो। सद्गृहस्थ इस दिन अमृत पात्र को स्मरण कर नए बर्तन घर में लाकर धनतेरस मनाते हैं। आज के दिन ही बहुत समय से चले आ रहे मनो मालिन्य को त्याग कर यमराज ने अपनी बहिन यमुना से मिलने हेतु स्वर्ग से पृथ्वी की ओर प्रस्थान किया था। गृहणियां इस दिन से अपनी देहरी पर दीपक दान करती हैं, जिससे यमराज मार्ग में प्रकाश देखकर प्रसन्न हों और उनके गृह जनों के प्रति विशेष करुणा रखें। इस वर्ष यह पर्व 29 अक्टूबर 2024 ई० मंगलवार को मनायाजा रहा है, इसी दिन प्रातः सूर्यादय से ही त्रयोदशी तिथि का आगाज हुआ।अतः उदय व्यापिनी त्रयोदशी होने के कारण प्रदोष व्रत के साथ-साथ प्रदोष काल में दीपदान का अति विशेष महत्व रहेगा।

साथियों बात अगर हम पांच दिवसीय दीपावली महापर्व की करें तो (1) पहला दिन - पहले दिन को धनतेरस कहते हैं। दीपावली महोत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है। इसे धन त्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज, धन के देवता कुबेर और आयुर्वेदाचार्य धन्वंतरि की पूजा का महत्व है। इसी दिन समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे और उनके साथ आभूषण व बहुमूल्य रत्न भी समुद्र मंथन से प्राप्त हुए थे। तभी से इस दिन का नाम धनतेरस पड़ा और इस दिन बर्तन, धातु व आभूषण खरीदने की परंपरा शुरू हुई। इसे रूप चतुर्दशी भी कहते हैं। (2) दूसरा दिन - दूसरे दिन को नरक चतुर्दशी रूप चौदस और काली चौदस कहते हैं। इसी दिन नरकासुर का वध कर भगवान श्रीकृष्ण ने 16,100 कन्याओं को नरकासुर के बंदीगृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था। इस उपलक्ष्य में दीयों की बारात सजाई जाती है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि इस दिन सूर्योदय से पूर्व उबटन एवं स्नान करने से समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन से एक ओर मान्यता जुड़ी हुई है जिसके अनुसार इस दिन उबटन करने से रूप व सौंदर्य में वृद्धि होती है। इस दिन पांच या सात दीये जलाने की परंपरा है। इस बार यह पर्व 30 अक्टूबर 2024 बुधवार को मनाया जाएगा। (3) तीसरा दिन-अब आता है इस लड़ी के मध्य दैदीप्यमान मंजूषा का उल्लास और उत्साह से भरा महान पर्व दीपावली और महालक्ष्मी पूजन तीसरे दिन को दीपावली कहते हैं। यही मुख्य पर्व होता है। दीपावली का पर्व विशेष रूप से मां लक्ष्मी के पूजन का पर्व होता है। कार्तिक माह की अमावस्या को ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं जिन्हें धन, वैभव, ऐश्वर्य और सुख समृद्धि की देवी माना जाता है। अतः इस दिन मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए दीप जलाए जाते हैं ताकि अमावस्या की रात के अंधकार में दीपों से वातावरण रोशन हो जाए।दूसरी मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान रामचन्द्रजी माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों का वनवास समाप्त कर घर लौटे थे। श्रीराम के स्वागत हेतु अयोध्या वासियों ने घर-घर दीप जलाए थे और नगरभर को आभायुक्त कर दिया था। तभी से दीपावली के दिन दीप जलाने की परंपरा है। 5 दिवसीय इस पर्व का प्रमुख दिन लक्ष्मी पूजन अथवा दीपावली होता है।इस दिन रात्रि को धन की देवी लक्ष्मी माता का पूजन विधिपूर्वक करना चाहिए एवं घर के प्रत्येक स्थान को स्वच्छ करके वहां दीपक लगाना चाहिए जिससे घर में लक्ष्मी का वास एवं दरिद्रता का नाश होता है। इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा द्रव्य, आभूषण आदि का पूजन करके 13 अथवा 26 दीपकों के मध्य 1 तेल का दीपक रखकर उसकी चारों बातियों को प्रज्वलित करना चाहिए एवं दीपमालिका का पूजन करके उन दीपों को घर में प्रत्येक स्थान पर रखें एवं 4 बातियों वाला दीपक रातभर जलता रहे, ऐसा प्रयास करें। (4) चौथा दिन - इस लड़ी का चौथा माणिक है कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा। यह पर्व भारत की कृषि-प्रधानता,पशुधन उद्योग व व्यवसाय का प्रतीक है। इसी दिन श्री कृष्ण ने अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को छत्र की तरह धारण करके वनस्पति तथा लोगों की इंद्र के प्रकोप से रक्षा की थी। यह गोवर्धन पर्व अन्नकूट के नाम से विख्यात है। इस दिन नाना प्रकार के खाद्यान्न बनाए जाते हैंघी, दूध, दही से युक्त इनका भोग भगवान को लगाया जाता है। शिल्पकार व श्रमिक वर्ग आज के दिन विश्वकर्मा का पूजन भी श्रद्धा भक्तिपूर्वक करते हैं। आज चहुंमुखी विकास और वृद्धि की कामना से दीप जलाए जाते हैं। इस वर्ष यह पर्व 2 नवंबर 2024, शनिवार को मनाया जाएगा।कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट उत्सव मनाना जाता है। इसे पड़वा या प्रतिपदा भी कहते हैं। खासकर इस दिन घर के पालतू बैल, गाय, बकरी आदि को अच्छे से स्नान कराकर उन्हें सजाया जाता है। फिर इस दिन घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन बनाए जाते हैं और उनका पूजन कर पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि त्रेतायुग में जब इन्द्रदेव ने गोकुलवासियों से नाराज होकर मूसलधार बारिश शुरू कर दी थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गांववासियों को गोवर्धन की छांव में सुरक्षित किया। तभी से इस दिन गोवर्धन पूजन की परंपरा भी चली आ रही है। (5) पांचवां दिन - माला का पांचवा चमकता पर्व आता है- स्नेह, सौहार्द व प्रीति का प्रतीक यम द्वितीया अथवा भैया-दूज। इस दिन कार्तिक शुक्ल को यमराज अपने दिव्य स्वरूप में अपनी भगिनि यमुना से भेंट करने पहुंचते हैं।इस दिन को भाई दूज और यम द्वितीया कहते हैं। भाई दूज, पांच दिवसीय दीपावली महापर्व का अंतिम दिन होता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने और भाई की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन को अपने घर बुलाता है जबकि भाई दूज पर बहन अपने भाई को अपने घर बुलाकर उसे तिलक कर भोजन कराती है और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है।इस दिन को लेकर मान्यता है कि यमराज अपनी बहन यमुनाजी से मिलने के लिए उनके घर आए थे और यमुनाजी ने उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन कराया एवं यह वचन लिया कि इस दिन हर साल वे अपनी बहन के घर भोजन के लिए पधारेंगे। साथ ही जो बहन इस दिन अपने भाई को आमंत्रित कर तिलक करके भोजन कराएगी, उसके भाई की उम्र लंबी होगी। तभी से भाई दूज पर यह परंपरा बन गई।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि धनतेरस से दीपावली का शंखानंद, भाई दूज तक पंचदिवसीय महापर्व शुरू।दीप जले दीपावली आई - 5 दिवसीय महापर्व - धनतेरस से दीपावली पर्व का आगाज़। दुनियां के हर देश में बसे भारतवंशी धनतेरस से भाई दूज तक फिर छठ महात्योहार में खुशियों से सरोबार होंगे।

## 29 अक्टूबर :इतिहास की अहम घटनाएं

1942 नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।

1948 पेनसिल्वेनिया के डोनोरा पर घातक स्मॉग का एक जहरीला बादल बस गया, जिसमें 18 लोग मारे गए और कम से कम 50 और अस्पताल में भर्ती हुए। क्लाउड में जहर एक स्थानीय कंपनी के प्लांट के कारण था, जो जस्ता को गलाने वाला था, जो स्मॉग के साथ संयुक्त था।

1948 अरब-इजरायल युद्ध-जैसा कि इज़राइल रक्षा बलों ने सफासफ के अलेपेस्टिनियन अरब गांव पर कब्जा कर लिया, उन्होंने कम से कम 52villagers का नरसंहार किया।

1955 बेल्जियम ने कामगारों के लिए सप्ताह में पांच दिन काम करने के कानून को मंजूरी दी।

1964 अफ्रीकी देश तंगायिका-जांजीबार संयुक्त गणराज्य का नाम बदलकर संयुक्त गणराज्य तंजानिया किया गया।

1967 छह महीनों में 50 मिलियन से अधिक आगंतुकों को आकर्षित करने के बाद मॉन्ट्रियल में एक्सपो 67 बंद किया गया।

1969 UCLA के एक छात्र ने स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटर पर ARPANET, इंटरनेट के लिए सबसे पहला संदेश इंटरनेट पर भेजा।

1972 नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।

1986 ब्रिटिश प्रधान मंत्री मार्गरेट थैचर ने M25 मोटरवे की अंतिम यात्रा को खोला, जो कि एक घेरेदार सड़क है जो लंदन को घेरे हुए है जो दुनिया की सबसे लंबी है।

1990 नॉर्वे के प्रधानमंत्री जॉन पी सिसे की अध्यक्षता वाली सरकार गिरी।

1998 तूफान मिच ने भूस्खलन किया, जिससे बारिश के दौरान यह 1, 1900 मिमी (75 इंच) तक गिर गया, जिससे होन्डुरस, ग्वाटेमाला और निकारागुआ में 11,000 से अधिक लोग मारे गए।

1998 सत्य और सुलह आयोग ने दक्षिण अफ्रीका में अपनी रिपोर्ट को प्रस्तुत किया, जिसमें रंगभेद सरकार और अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों पर अत्याचार करने की निंदा की गई।

2004 यूरोपीय यूनियनों के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों ने रोम में यूरोपीय संविधान का प्रतिनिधित्व किया।

2007 रिक्टर पैमाने पर पांच की तीव्रता वाला भूकंप नेपाल के मध्य भाग को तबाह करता है।

2008 रिक्टर पैमाने पर 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद कम से कम 100 लोगों की मौत हो जाती है, जो पाकिस्तान के शहर ज़ियारत में आते हैं।

2009 ईरान के राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद का कहना है कि उनकी सरकार ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए तैयार है।

2010 न्यूजीलैंड की संसद ने देश में द हॉबिट फिल्म परियोजना के उत्पादन को बनाए रखने के लिए वार्नर ब्रदर्स के साथ एक समझौते के तहत न्यूजीलैंड के श्रम कानूनों को सफलतापूर्वक संशोधित किया है।

2011 एक दुर्लभ अक्टूबर बर्फ़ीला तूफ़ान उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका और मिड-अटलांटिक संयुक्त राज्य अमेरिका को प्रभावित करता है, लाखों लोगों को शक्ति के बिना छोड़ देता है और दो को मार देता है।

2012 अमेरिका के पूर्वी तट पर सैंडी तूफ़ान के कारण 286 लोगों की मौत हुई।

2012 पब्लिशर्स पेंग्विन और रैंडम हाउस का विलय दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस बनने के लिए हो जाता है।

2013 मारमरे परियोजना का पहला चरण बोस्फोरस स्ट्रेट के पार एक अंडरसीरिल सुरंग के साथ खुला।

2015 चीन ने एक बच्चे की नीति को खत्म करने की घोषणा की।

## समसामयिक

# एनीमेशन क्रांति की ओर नया भारत



ऋषभदेव शर्मा

'मन की बात' के नवीनतम अंक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उभरते भारतीय एनीमेशन उद्योग पर प्रकाश डाला, तथा देश से वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने के लिए इसकी क्षमता का दोहन करने का आग्रह किया। यह प्रशंसा न केवल रचनात्मक क्षेत्र के प्रति सरकार की मान्यता को दर्शाती है, बल्कि भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य के लिए व्यापक निहितार्थों का भी संकेत देती है।

एनीमेशन केवल मनोरंजन का एक रूप नहीं है; यह रचनात्मकता, नवाचार और आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण चालक है। वैश्विक एनीमेशन बाजार के 2028 तक 400 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। अगर हम अपनी समृद्ध सांस्कृतिक कथाओं और विविध प्रतिभा पूल का लाभ उठाते हैं, तो इसमें भारत का हिस्सा तेजी से बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री द्वारा 'छोटा भीम' जैसे लोकप्रिय पात्रों का उल्लेख इस बात को रेखांकित करता है कि कैसे घरेलू कहानियाँ न केवल घरेलू स्तर पर गूँज सकती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को भी आकर्षित कर सकती हैं।

भारतीय एनीमेशन को मान्यता देकर, प्रधानमंत्री मोदी एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की वकालत कर रहे हैं जो वैश्विक पहुँच को प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय कथाओं पर जोर देता है। एनीमेटेड सीरीज़ और फिल्मों की सफलता ने साबित कर दिया है कि भारतीय कहानियाँ दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं। हालाँकि, वास्तव में वैश्विक एनीमेशन पावरहाउस बनने के लिए, भारत को कई चुनौतियों का सामना करना होगा। सबसे पहले, बुनियादी ढाँचे पर ध्यान देना अपरिहार्य है। एनीमेशन उद्योग को अत्याधुनिक स्टूडियो, उन्नत तकनीक और कुशल पेशेवरों की ज़रूरत है। बेशक, हमारे पास एनीमेटरों को प्रशिक्षित करने वाले संस्थान हैं। ज़रूरत है कि सरकार, निजी क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों के बीच एक सहयोगी प्रयास से इनके मानकों को बढ़ाया जाए। प्रतिभा पूल को भी व्यापक बनाना होगा। वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए कार्यबल तैयार करने हेतु एनीमेशन, कहानी कहने और डिजिटल कला में अधिक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने होंगे।

इसी तरह, नवाचार को बढ़ावा देना बेहद ज़रूरी है। स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करना और अनुदान और प्रोत्साहन के माध्यम से स्थापित कंपनियों का समर्थन करना रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर सकता है। सरकार एक ऐसे इको तंत्र को पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जो नए विचारों को पनपने का मौका दे। एनीमेशन हब और इनक्यूबेटर स्थापित करके, भारत अपनी सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाने वाली नवीन सामग्री के लिए एक 'प्रजनन स्थल' बन सकता है।

इसके अलावा, भारतीय गेमिंग पर प्रधानमंत्री का जोर एनीमेशन के साथ भी जुड़ता है, जिससे क्रॉस-इंडस्ट्री सहयोग के लिए दरवाजे खुलते हैं। गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें एनीमेशन एक मुख्य घटक है। इन क्षेत्रों के बीच तालमेल को प्रोत्साहित करके, भारत अपने डिजिटल मनोरंजन की पेशकश को बढ़ा सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय निवेश और साझेदारी की संभावनाएँ बढ़ेंगी।

एक और महत्वपूर्ण पहलू अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय एनिमेशन को बढ़ावा देने से संबंधित है। त्योहार, व्यापार शो और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ऐसे माध्यम हैं, जहाँ भारतीय सामग्री प्रदर्शित की जा सकती है। सरकार और उद्योग दोनों को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि भारतaीय एनीमेशन सिर्फ़ स्थानीय दर्शकों तक ही सीमित न रहें, बल्कि वैश्विक दर्शकों के लिए भी उनकी प्रभावी मार्केटिंग की जाए। कहानी कहने के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान की क्षमता भारत की 'सॉफ्ट पावर' को खूब भली प्रकार बढ़ा सकती है।

यही नहीं, भारत की विविधता को दर्शाने वाले आख्यानों की बहुत आवश्यकता है। एनीमेशन क्षेत्र क्षेत्रीय कहानियों, परंपराओं और भाषाओं को चित्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिससे सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सके और इसे वैश्विक दर्शकों के लिए सुलभ बनाया जा सके। ऐसी दुनिया में जहाँ विविधतापूर्ण प्रतिनिधित्व का महत्व लगातार बढ़ रहा है, भारतीय एनीमेशन संस्कृतियों को जोड़ने वाले पुल का काम कर सकते हैं। साथ ही, शैक्षिक पाठ्यक्रम में एनीमेशन को शामिल करके बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को अधिक दिलचस्प बनाया सकता है। यह दृष्टिकोण कम उम्र से ही रचनात्मकता को बढ़ावा दे सकता है, कहानीकारों और एनीमेटरों की अगली पीढ़ी का पोषण कर सकता है जो भारत की समृद्ध कथा परंपरा को आगे बढ़ाएँगे।

# प्राणिमात्र के लिए अमृत तुल्य औषधीय ज्ञानप्रदान करने वाले धन्वंतरि



अशोक प्रवृद्ध

मान्यतानुसार आयुर्वेद का प्रारंभिक ज्ञान अथर्ववेद से प्राप्त हुआ है। आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद ही माना जाता है। लेकिन इस ज्ञान को अनुसंधान व शोध करके विस्तार करने का श्रेय ऋषि धन्वंतरि (धन्वन्तरि) को प्राप्त है। उन्होंने ही आयुर्वेद में रोगों की पहचान और उनके निवारण हेतु प्रयुक्त की जाने वाली औषधियों के ज्ञान से इस संसार को परिचित कराया है। धन्वंतरि के अनुसार 100 प्रकार की मृत्यु होती है, जिनमें सिर्फ एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही आयुर्वेद निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है। इसलिए उन्हें प्राचीन काल से ही भारत में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण संसार में वेद और आयुर्वेद के ज्ञाता के रूप में जाना जाता है। धन्वंतरि ऋषि के द्वारा विभिन्न रोगों के लिए अनेक रसायन व औषधि अपनी प्रयोगशाला में तैयार किए गए थे। ऋषि के द्वारा अपने जीवन काल में बनाए गए नियम के अनुसार दीपावली से दो दिन पूर्व प्रतिवर्ष रसायनों को मृदा के नवनिर्मित पात्रों अर्थात नए बने मिट्टी के बर्तनों में रखा जाता था, ताकि वे एक ही बर्तन में रहते हुए सड़ने की स्थिति में न पहुंच जाएं। नियम के अनुसार ऋषि द्वारा प्रतिवर्ष नव बर्तन कुंभकार से खरीद कर मंगाए जाते थे, और रसायनों को नए बर्तनों में रखा जाता था। जिससे कुंभकार समाज के लोगों का आर्थिक संवर्द्धन भी होता था। इसीलिए रसायनों, दवाइयों, तथा औषधियों को मिट्टी के बर्तनों में सुरक्षित और संरक्षित रखा जाता था। इस तरह प्रतिवर्ष नव बर्तन क्रय कर औषधियों को संरक्षित रखने के लिए नव बर्तन खरीदने की एक प्रथा बन गई, जो कालांतर मे अपभ्रंश होकर वर्तमान स्वरुप में धनतेरस कही जाने लगी है। अब रसायनों को बदलने के लिए नहीं बल्कि घर में धन को आमंत्रित करने उद्देश्य से बर्तन खरीदे जाते हैं। मान्यतानुसार ऐसा नहीं करने पर लक्ष्मी नाराज हो जाएगी, और पूरे वर्ष लक्ष्मी का दर्शन नहीं होगा।आयुर्वेद के क्षेत्र में कार्य करके भारत की यश पताका को दूर-दूर तक फहराने में अपना अप्रतिम योगदान देने वाले ऋषि धन्वंतरि का अवतरण इस धरती पर अवतरण कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को हुआ। इसलिए इस तिथि को संसार के लोगों को स्वस्थ बनाए रखने में अपनी तपस्या से महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने वाले ऋषि धन्वंतरि का जन्म दिवस मनाया जाता है। और इसे धन्वंतरि जयंती के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में यह धनतेरस कहा जाता है। इस दिन आयुर्वेदाचार्य धनवंतरि ऋषि की प्रथा को नमन और उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। भारत सरकार के द्वारा आयुर्वेद के जनक ऋषि धन्वंतरि को सम्मान देने के लिए उनकी जन्म तिथि धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिए जाने का बाद इस दिवस की राष्ट्रीय महत और भी बढ़ गई है।

पौराणिक मान्यतानुसार आयुर्वेद की ज्ञान परंपरा को समृद्ध व गौरवान्वित करने वाले धन्वंतरि दिवोदास, सुश्रुत जैसे आदि शल्य चिकित्सकों के गुरु थे। महाभारत काल के पश्चात इनका जन्म हुआ था।इस पर्व के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। कार्तिक माह (पूर्णिमान्त) की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन ही समुद्र मंथन के समय भगवान ऋषि धन्वन्तरि हाथों में अमृत से भरे कलश लिए हुए प्रकट हुए थे। धन्वंतरि के जन्म के सम्बन्ध में भी अनेक कथाएं प्रचलित हैं। श्रीमद्भागवत पुराण, महाभारत, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण आदि पुराणों में अंकित कथाओं के अनुसार धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। वे समुद्र में से अमृत का कलश लेकर निकले थे, जिसके लिए देवों और असुरों में संग्राम हुआ था। ब्रह्म पुराण और विष्णु पुराण में अंकित कथा के अनुसार एक धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। काशी के राजवंश में धन्व नाम के एक राजा ने उपासना करके अज्ज देव को प्रसन्न किया और



उन्हें वरदान स्वरूप धन्वंतरि नामक पुत्र मिला। एक अन्य कथा के अनुसार एक बार जब गालव ऋषि प्यास से व्याकुल होकर वन में इधर-उधर भटक रहे थे, तो कहीं से घड़े में पानी लेकर जा रही वीरभद्रा नामक एक कन्या ने उनकी प्यास बुझायी। इससे प्रसन्न होकर गालव ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि तुम योग्य पुत्र की मां बनोगी। लेकिन जब वीरभद्रा ने कहा कि वह तो एक वेश्या है, तो ऋषि उसे लेकर आश्रम गए और उन्होंने वहां कुश की पुष्पाकृति आदि बनाकर उसके गोद में रख दी और वेद मंत्रों से अभिमंत्रित कर प्रतिष्ठित कर दी, वही धन्वंतरि कहलाए।

पौराणिक वर्णनों में धन्वंतरि को आयुर्वेद जगत में चिकित्सा के देवता के रूप में सम्मान प्राप्त है। विक्रम संवत के प्रवर्तक महाराजा विक्रमादित्य के दरबार में नवरत्नों में प्रथम नाम धन्वंतरि का ही था। ज्योतिर्विदाभरण नामक ग्रंथ में इन नवरत्नों का उल्लेख करते हुए कहा गया है-

*धन्वन्तरि-क्षपणकामरसिंह-शङ्कुवैतालभट्ट-घटकर्परकालिदासाः।*
*ख्याती वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य ।।*

अर्थात- ऋषि धन्वंतरि क्षपणक, अमरसिंह, शंकु, वेताल भट्ट, घटखर्पर, कालिदास सुविख्यात वराहमिहिर तथा वररुचि विक्रम के नवरत्न थे। धन तेरस वास्तव में ऋषि धनवंतरि की जयंती है। ऋषि धनवंतरि भारत के एक महान वैद्य थे।

पौराणिक वर्णनों के अनुसार भव्य एवं दिव्य रूप वाले भगवान धन्वंतरि को पहली बार देखकर देवता और दानव दोनों ही आश्चर्यचकित हुए थे। धन्वंतरि के पारंपरिक काल्पनिक चित्रणों में उनके लम्बे हाथ, वे कानों में मगरमच्छ जैसी आकृति वाले कुंडल, गले में अनेक प्रकार के रत्नाभूषणों एवं विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंठित वनमाला तथा शरीर पर पीताम्बर धारण करने वाले चिर युवा प्रतीत होते है। दीपावली से दो दिन पूर्व अर्थात कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाने वाला अत्यंत लोकप्रिय त्योहार धनतेरस धन-धान्य ही नहीं, वरन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत की भी विरासत का प्रतीक है। धन्वंतरि वैद्य को आयुर्वेद का जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने विश्वभर की वनस्पतियों पर अध्ययन कर उसके अच्छे और बुरे प्रभाव गुण को प्रकट किया। उन्होंने अनेक ग्रंथों का प्रणयन किया था, लेकिन आज केवल धन्वंतरि संहिता ही पाई जाती है, जो आयुर्वेद का मूल ग्रंथ है। आयुर्वेद के आदि आचार्य सुश्रुत मुनि ने धन्वंतरि से ही इस शास्त्र का उपदेश प्राप्त किया था। बाद में चरक आदि ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया।

समुद्र मंथन की कथा का विद्वानों ने अलग-अलग ढंग से वर्णन किया है। विद्वानों के अनुसार समुद्र मंथन द्वारा अमृत की खोज कथा में अलंकारिक भाषा का प्रयोग हुआ है, जिसमें अत्यंत गूढ़ संदेश छिपे हुए हैं। हमारा मस्तिष्क एक समुद्र की भांति है, जिसमें असंख्य विद्याएं छिपी हुई हैं, जिसके सदुपयोग अर्थात विचार मंथन द्वारा भूमि एवं समुद्र व आकाश में विद्यमान प्रकृति में छिपी औषधियों की अनुपम खोज करके प्राणी मात्र के उत्थान के लिए महान कार्य धन्वंतरि ने किया। धन्वन्तरि द्वारा की गई खोज का कार्य बहुत जटिल और असंभव अर्थात समुद्र मंथन जैसा था अर्थात ऐसा शोध जैसे दही का परिश्रम द्वारा मंथन करके मक्खन निकाला जाता है इसी प्रकार ऐसी वनस्पतियों की खोज करना जिसका उपयोग प्राणिमात्र के लिए अमृत तुल्य हो। इससे पूर्व वनस्पति के विषय में किसी को इतना प्राकृतिक ज्ञान नहीं था। धन्वंतरि ने औषधीय वनस्पतियों के ज्ञाता होने के कारण यह बताया कि समस्त वनस्पतियां औषधि के समान हैं। उनके गुणों को जानकर उनका सेवन करना व्यक्ति के शरीर के अंदर निरोगता लाएगा, जो मनुष्यों के दीर्घ आयु के लिए आवश्यक है। इसीलिए समुद्र मंथन द्वारा अमृत प्राप्ति कहा गया।

मान्यता है कि समुद्र मंथन से निकले विष का पान करने के बाद शिव को धन्वंतरि ने ही अमृत प्रदान किया था, जिसकी कुछ बूंदें छलक कर काशी नगरी में भी गिर गईं थीं। इसीलिए काशी कभी नहीं नष्ट होने वाली कालजयी नगरी बन गई। किसी वैद्य के द्वारा किसी औषधि की खोज किए जाते समय उसको स्वयं भी एक कठिन परीक्षा से गुजरना होता है। इसे विष पान की संज्ञा दी गई है। और काशी ऋषि धन्वंतरि का कार्य क्षेत्र होने के कारण वनस्पति चिकित्सा में काशी हमेशा से अग्रणी रहा है।धन्वंतरि से आयुर्वेद का ज्ञान पाकर अनेक ऋषि-मुनियों ने सभी पृथ्वी वासियों के रोग-निवारणार्थ उपचार की अनेक चिकित्सकीय पद्धतियां भी विकसित कीं। इसी कालखंड में महान वैद्य एवं चिकित्सा विज्ञानी वाग्भट्ट ने भी काशीराज अर्थात भगवान धन्वंतरि से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त कर आष्टांग हृदय नामक ग्रंथ की रचना की, जो आयुर्वेद का एक मानक ग्रंथ है। आयुर्वेद के इन सभी ग्रंथों में केवल मनुष्य ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों एवं वृक्षों इत्यादि की चिकित्सकीय पद्धतियों का भी वर्णन है। काशी के राजा दिवोदास ने काशी में विश्व का प्रथम शल्य चिकित्सा विद्यालय स्थापित किया और आचार्य सुश्रुत को इसका प्रधानाचार्य नियुक्त किया था। इस प्रकार भगवान धन्वंतरि के माध्यम से ब्रह्मा द्वारा प्रदत्त आयुर्वेद के अद्भुत एवं अत्यंत महत्वपूर्ण ज्ञान का पृथ्वी पर प्रचार-प्रसार हुआ।

# खाद्य विभाग टीम ने की छापेमारी, मिलावट खोरों में मचा हड़कंप



**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज । दीपावली पर्व को लेकर लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए खाद विभाग के अधिकारियों ने नगर सिरसागंज में छापेमारी की। इस दौरान मिलावट खोरो में हड़कंप मच गया और वह अपनी दुकान छोड़कर भाग गए।

शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन मे सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही । इसी क्रम में एसडीएम सिरसागंज , सोओ सिरसांगज व थाना प्रभारी ने क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ खाद्य विभाग की टीम ने कार्यवाही की । इस दौरान विमल कुमार जैन मिष्ठान भंडार से खोआ नमूना लिया ।

हालांकि क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च एवं खाद्य विभाग की टीम देखकर शहर के केई मशहूर हलवाई एवं मिलावट खोर अपनी दुकान बंद कर अधिकारियों के जाने का इंतजार करने लगे। सहायक आयुक्त चंदन कुमार पांडेय ने बताया दीपावली पर्व के दृष्टिगत पूरे प्रदेश भर मे शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में अभियान चलाकर खाघ पदार्थो के नमूने लिए जा रहें हैं ।

हमारी तीन टीमें दुकानों पर जाकर खोआ, मिठाई , नमकीन, तेल , बेसन , पनीर अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने ले रही है। किसी भी हालत में लोगों के स्वास्थ्य से खेडवार नहीं होने दिया जाएगा।

## शराब के नशे में युवक ने नेशनल हाईवे पर किया हंगामा



**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। सोमवार को एक युवक ने शराब के नशे में जिला मुख्यालय के सामने नेशनल हाईवे पर हंगामा किया। युवक ने हाईवे पर दौड़ रहे वाहनों के सामने आकर रोक दिया। जिसके कारण जाम की स्थित उत्पन्न होने लगी मौके पर पहुची पुलिस ने तत्काल युवक को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से सुचारू कराया।

पूरा मामला दबरई फिरोजाबाद का है नशे में धुत्त एक युवक नेशनल हाईवे पर कभी बस के सामने कभी कार के सामने तो कभी ट्रेक्टर के सामने आकर यातायात को बाधित कर रहा था। मौके पर ड्रामा देख भीड़ एकत्रित हो गई। कभी युवक सामने आ जाता कभी युवक वाहनों के सामने लेट जाता। किसी ने इस ड्रामे का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और युवक को समझा बुझाकर कर उसे सड़क से हटाया। तत्पश्चात यातायात व्यवस्था सुचारू हो पाई।

## एसडीएम ने खाद्य विभाग टीम के साथ चलाया दुकानों पर चैकिंग अभियान



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूण्डला। सोमवार को एसडीएम टूण्डला और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने नगर में मिलावटखोरों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चला कर मिठाई की तीन दुकानों पर जाकर जाँच की साथ ही खोया का सैंपल लिया। दिवाली और आगामी त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटखोरों के खिलाफ सोमवार को एसडीएम टूण्डला गजेंद्र पाल सिंह और खाद्य विभाग के अधिकारियों के नगर में स्थित मिठाई की दुकानों पर छापा मारकर जाँच की। नगर के मुख्य चौराहे पर फिरोजाबाद रोड स्थित एक दुकान में जाकर मिठाई की जाँच की। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। साथ ही स्टेशन रोड स्थित दो मिठाई की दुकानों पर जाकर मिठाई की जांच की। एसडीएम ने बताया कि मिलावटी खोया और उससे तैयार कर मिठाई बेचे जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेंगी। मिलावटी खोरी करने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सैंपल फेल होने पर जुमार्ने के साथ ही दुकान को बंद कराने की भी कार्रवाई की जाएगी। लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से आशा की हुई थी मौत, परिवार की आर्थिक मदद के लिए सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जनपद में तीन दिन पहले ट्रेन की चपेट में आने से एक आशा कार्यकत्री इंद्रेश कुमारी की मौत हो गई थी जिसके बाद मामले में सोमवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मृतिका के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। अवगत करा दें कि 25 अक्टूबर 2024 को शिकोहाबाद रेलवे फाटक के पास ड्यूटी पर जा रही मुबारकपुर थाना नसीरपुर की निवासी इंद्रेश कुमारी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इस घटना के बाद अल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति की




पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मृतिका के परिवार को सहायता देने की मांग की। इस दौरान समिति की प्रदेश अध्यक्ष मनीषा यादव ने कहा कि मृतका के तीन छोटे बच्चे हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के समय विभागीय अधिकारियों ने आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली है। दीपावली जैसे पावन त्योहार से पहले इंद्रेश कुमारी की मौत ने पूरे परिवार को शोक में डुबो दिया है।

मनीषा यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अपील की कि वे मृतका के परिजनों के पास जाकर उन्हें सांत्वना दें और उनकी आर्थिक मदद करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मृतक आशा कार्यकत्री के परिजनों की मदद नहीं की गई तो आशा कार्यकत्री विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी, जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते 29 गोल्ड समेत 69 मेडल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/ फिरोजाबाद । मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन मथुरा में किया गया, जिसमें जनपद के बच्चों ने 29 गोल्ड, 18 सिल्वर, 22 ब्रांच मेडल जीतकर 221 अंक हासिल किए । अंडर - 17 बालक वर्ग में ऑल ओवर विजेता तथा अंडर - 17 बालिका वर्ग में ऑल ओवर उपविजेता रहा। अंडर - 17 बालक ग्रुप में उपविजेता, अंडर- 17 बालिका ग्रुप में उपविजेता, अंडर - 14 बालक ग्रुप में विजेता रहा । चार खिलाड़ियों चैंपियनशिप जीती । यह टीम अपने मैनेजर धर्मवीर व्यायाम शिक्षक कृष्ण आदर्श इंटर कॉलेज मुजफ्फरपुर तिलियानी के निर्देशन में टीम गई थी । बालिकाओं की टीम के साथ व्यायाम शिक्षिका ममता जादौन, कविता राज, कुमकुम गुप्ता तथा बालक के साथ व्यायाम शिक्षक तथा भगवती, दिनेश, हरि सिंह, विनोद योगेंद्र, यतेंद्र, शिव शंकर, धर्मवीर सिंह, रामबरन, अमित सिंह रहे। अब टीम के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी वाराणसी में राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे ।

### पटाखों की दुकान की चिन्हित जगह को किया गया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना । एका में पटाखों की दुकान के लिए घनी आबादी से दूर एस. पी. जी इंटर कॉलेज के क्रीड़ा स्थल को चिन्हित किया गया है जिसमे 13 विक्रेताओं को पटाखा बेचने की अनुमति दी गई है नियत स्थान पर पटाखे की दुकानें 3 दिन ही लगाई जाएंगी एका थाना इंचार्ज मनोज शर्मा ने पुलिस द्वारा चिन्हित जगह का निरीक्षण किया और पटाखे वालो को सचेत किया कि कोई भी दुकान बिना अनुमति के की नही लगाई जाए बाजार स्थल में अगर कोई भी पटाखा बेचता हुआ पाएगा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी मनोज शर्मा का स्पष्ट कहना है राज्य सरकार के गाइड लाइन द्वारा ही दुकाने लगाई जाए और सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम कराए गए है ।

### गाय की टक्कर से नालें में गिरे युवक की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/टूण्डला। थाना क्षेत्र पचोखरा के ग्राम पमारी में खेत पर गए युवक को वापस लौटते समय गाय ने हमला कर दिया। हमले में युवक नाले में गिर गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पूरा मामला थाना क्षेत्र पचोखरा का है। कंचनपाल निवासी ग्राम पमारी सोमवार सुबह अपने खेत पर गया था। तभी खेत से वापस लौटते समय रास्ते में रोड पर घूम रही गाय की टक्कर से युवक नाले में गिर गया। नालें में गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

### त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस ने की पैदल गस्त

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/ एका । थाना पुलिस ने त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एका बाजार चौराहा व क्षेत्र में भ्रमण किया भ्रमण में संदिग्ध व्यक्तियों को चेक करते हुए दुकानदारों को वाहन क्रम से लगाने के निर्देश दिए ,जिससे आवागमन में कोई परेशानी न हो व प्रेम पूर्वक त्यौहार पर आपसी एकता को मजबूत बनाने व कानून का उल्लंघन न करने की अपील की ।

## अवैध खनन में रोड़ा बनने पर दुकानदार से मारपीट

**पुलिस ने कहा अवैध खनन की बात गलत और नहीं हुई है फायरिंग**

**नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर ।**

टूण्डला। तहसील क्षेत्र टूण्डला में अधिकांश अवैध खनन की शिकायतें मिलती हैं। एक दुकानदार ने जब अवैध खनन का विरोध किया तो खनन करने वालों ने युवक से मारपीट कर दी। प्राथी ने तहरीर दी है। पूरा मामला थाना क्षेत्र टूण्डला



के हिरनगांव का है। सुनील निवासी लालऊ की हिरनगांव के पास दुकान है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हमने अवैध खनन का विरोध किया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। रात को जब सुनील ने विरोध किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। सुनील ने अपनी मोटरसाइकिल डंपर के आगे लगा दी। जिससे नाराज होकर खनन करने वालों ने युवक से मारपीट कर दी। सूत्रो के अनुसार फायरिंग भी की। मारपीट में सुनील घायल हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना प्राप्त होने के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। क्षेत्राधिकारी टूण्डला अनिवेश कुमार सिंह ने बताया है कि अवैध खनन की शिकायत पूर्णतः गलत है ठेकेदार को खनन की परमिशन प्राप्त है। साथ ही कोई फायरिंग नहीं हुई है। दोनों पक्षों में मोटरसाइकिल को डंपर के सामने खड़े करने पर विवाद हुआ है। मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## एलडीबी अधिकारियों के साथ वसूली करने पहुंचे नायब तहसीलदार

**दो लाख रुपए राजस्व की वसूली की गई**

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। बैंक से कर्जा लेने के बाद वापिस नहीं करने एवं बिजली के बिल अदा नहीं करने वालों के खिलाफ वसूली अभियान चलाया गया। नायब तहसीलदार टीम के साथ चार गांवों में पहुंचे जहां उन्होंने बीस से अधिक बकाएदारों से तगादा किया। इस दौरान दो लाख रुपए राजस्व की वसूली की गई। सोमवार को एलडीबी अधिकारियों के साथ नायब तहसीलदार नितिन चौधरी जसराना क्षेत्र के सलेमपुर खुटियाना, नगला गंगे, जसराना देहात, नगला किन्नर पहुंचे। जहां उन्होंने बैंक, बिजली विभाग एवं न्यायालय संबंधित बकाएदारों से तगादा किया। इस दौरान दो बकाएदारों से दो लाख रुपए के राजस्व की वसूली की गई। इस दौरान बकाएदारों में हडकंप मचा रहा। जानकारी देते हुए नायब नायब तहसीलदार नितिन चौधरी ने बताया उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। दो बकाएदारों से दो लाख रुपए वसूले गए हैं। कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्रेष्ठ पुस्तकें ही बनाएंगी कैरियर की आसान राहः अशोक अनुरागी

**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर**

शिकोहाबाद । राजकीय हाईस्कूल बसई मुहम्मदपुर के संवाद सदन में कैरियर मेला का आयोजन किया गया । कैरियर गाइडेंस से संबंधित आयोजित कैरियर मेला के मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान निहारिका देवी, पंख पोर्टल के जनपदीय नोडल अधिकारी राज कपूर एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगला बल्ल की प्रधानाचार्य सरिता सिंह रहीं ।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक अनुरागी एवं स्टाफ द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कैरियर मेला में अल्पसंख्यक विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग,योग प्रशिक्षक एवं समाज सेवियों ने प्रतिभाग कर छात्र व छात्राओं को कैरियर निर्माण के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक अनुरागी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में किशन वीर सिंह, अश्वनी कुमार, राम प्रताप एवं राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से टैम्पो गड्ढे में पलटा, दो लोग घायल

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद/टूंडला । तहसील टूण्डला के थाना रजावली के कस्बा नगला बीच से निकलते ही सिकन्दर के समीप एक तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से टैम्पो गड्ढे में पलट गया। गड्ढे में टैम्पो पलटने से ड्राइवर सहित एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सोमवार को लगभग 2 बजे देवी राम पुत्र सुखलाल (60 वर्ष) निवासी ग्राम भैंसा बृजपुर किसी काम से मुमताज अली पुत्र शहजाद अली निवासी टेढ़ी बगिया आगरा के टैम्पो से आगरा जा रहा था। नगला बीच निकलते ही ग्राम सिकन्दर से कुछ पहले ही एटा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डम्पर ने टैम्पो में पीछे से



टक्कर मार दी। जिससे टैम्पो सड़क किनारे गड्ढे में पलत गया। टक्कर मार कर डम्पर भाग गया।

टैम्पो के पलटने से ड्राइवर मुमताज अली और देवी राम गम्भीर रूप से घायल हो गए।

टैम्पो पलटने की घटना को देख स्थानीय लोगो ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। पलिस ने मौके पर पहुँच दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा।

## पुलिस ने 73 शिकायतों का कराया निस्तारण

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता व निष्पक्षता अभियान के तहत फिरोजाबाद पुलिस ने शिकायतकताओं के मौके पर जा कर कुल 73 शिकायतों का निस्तारण कराया। जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अभियान निरंतरता से चला रहा है। क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 73 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया है। अब पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर



शिकायत का समाधान और संतुष्ट किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शिकायतकर्ता को बार-बार थाने और उच्चाधिकारियों के पास आने की आवश्यकता नहीं है।

## मैक्स की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**नेशनल एक्सप्रेस /क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। सोमवार को मजदूरी करके लौट रहे बाइक सवार मजदूर की की मैक्स की टक्कर से मौत हो गई।

सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। गुड्डू पुत्र रघुवर दयाल निवासी नगला अमूल थाना सिरसागंज मजदूरी करता था। सोमवार को मजदूरी करके मोटरसाइकिल से वापिस घर लौट रहा था तभी कठफोरी के पास पीछे से आ रही मैक्स ने टक्कर मार दी। टक्कर में गुड्डू घायल हो गया। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही परिजनों को सूचना दी। अस्पताल में गुड्डू को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पृथक पश्चिम प्रदेश व किसानों की समस्याओं के लिए आखरी दम तक लड़ेंगे:भगत सिंह वर्मा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में 'पश्चिम प्रदेश लेकर रहेंगे,' 'सभी समस्याओं का एक निदान पृथक पश्चिम प्रदेश का करो निर्माण', 'अन्नदाता किसानों की समस्याओं को हल करो,' 'किसान बचेगा तो देश बचेगा' जैसे नारे लगाते हुए जोश व खरोश के साथ ट्रैक्टर ट्रॉलियों, कारों, मोटरसाइकिलों व अन्य साधनों से जुलूस निकालते हुए नागल, लखनौर, टपरी, शेखपुरा कदीम, पेपर मिल, विश्वकर्मा चौक, चौधरी चरण सिंह चैक, देहरादून चैंक, घंटाघर शहीदे आजम भगत सिंह चौक व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर कोर्ट रोड से दीवानी कचहरी व कलेक्ट्रेट से होते हुए दिल्ली रोड़ स्थित कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर महापंचायत व धरना प्रदर्शन किया।

महापंचायत व धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भाकियू वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ करोड़ जनता की उन्नति के लिए 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण जरूरी है,जिसके लिए संघर्ष शुरू हो चुका है। अब किसी भी कीमत पर यहां की जनता को पृथक पश्चिम प्रदेश चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राज्य है। इसलिए उत्तर प्रदेश का चार भागों में विभाजन जरूरी है।

श्री वर्मा ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश बनने पर यहां शिक्षा और चिकित्सा अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी और सभी के लिए निःशुल्क होगी। साथ ही प्रति व्यक्ति वार्षिक आय पश्चिम प्रदेश में दुनिया के कतर और सिंगापुर देश से भी अधिक होगी।

उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम 14 सूत्रीय ज्ञापन मंडलायुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद को देते हुए महामहिम राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराने, राज्य पुनर्गठन आयोग गठित कराने, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर





मेरठ और आगरा में तत्काल एम्स की स्थापना कराने, मेरठ में तत्काल प्रभाव से मिनी सचिवालय और हाईकोर्ट की स्थापना कराने, देश के अन्नदाता किसानों पर सरकार की गलत नीति के कारण बढ़ते कर्ज को समाप्त कराने, देश की कृषि और किसानों को बचाने के लिए अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाने, डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कराने, एमएसपी को लाभकारी बनाकर गारंटी कानून बनाने, मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराने, 58 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग किसान, मजदूर को दस हजार रुपए प्रतिमाह वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, किसानों की उन्नति के लिए कृषि यंत्र खाद बीज कीटनाशक दवावों से जीएसटी समाप्त कराने, गन्ना किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य 700 रुपए कुंतल नगद दिलाने, चीनी मिलों से बकाया गन्ना भुगतान व ब्याज गन्ना किसानों को दिलाने, देश के सभी हाईवे और सड़कों से टोल टैक्स समाप्त कराने की मांग की। महापंचायत व धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव कर्नल सुधीर ने कहा कि बढ़ती हुई समस्याओं का एकमात्र हल पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण ही है।

महापंचायत व धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह एडवोकेट ने की। महापंचायत में मुख्य रूप से पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के मण्डल प्रभारी साबिर अली खान, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य योगेश दहिया, समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी डॉ. फुरकान गौरी, हाफिज मुर्तजा त्यागी के अलावा पूर्व आईपीएस ओमवीर सिंह बीरवाल, वरिष्ठ नेता प्रीतम चैधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र चैधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज खान, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य रजत शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, डॉ. अशोक मलिक, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद जहीर तुर्की, प्रदेश सचिव रिशिपाल प्रधान गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह बंटी, जिला मंत्री मोहम्मद मुखिया त्यागी, अशोक चैधरी, सुधीर चैधरी, मंडल मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह, स0 चरणप्रीत सिंह, मुकर्रम प्रधान, ताहिर हसन, अजीत सिंह एडवोकेट, जुल्फिकार एडवोकेट, प्रदेश सचिव डॉ परविंदर मलिक, तबरेज मलिक, मोहम्मद शाहनवाज, अकमल गौड़, डॉक्टर बारीक त्यागी, मोहम्मद भुरा त्यागी, हाजी बुद्धू, हसन महबूब हसन आदि ने संबोधित किया।

## बारात से लौटते समय सड़क दुर्घटना में दूल्हे के जीजा और भाई की दर्दनाक मौत

**संवाददाता आजाद खान**





**गंगोह।** गंगोह के गांव हाजीपुर में खुशी का माहौल अचानक मातम में बदल गया, जब बारात से लौटते समय एक सड़क दुर्घटना में दूल्हे के जीजा और भाई की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसा रविवार शाम को थाना गंगोह के दुधला रोड़ स्थित पेट्रोल पम्प के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव हाजीपुर निवासी इसराइल पुत्र इनाम की बारात जनपद शामली के गांव गढ़ी दौलत गई थी। वापस लौटते समय दूल्हे के भाई हसीन और जीजा रोजुद्दीन की बाईक दुर्घटना का शिकार हो गई। घायलों को तत्काल गंगोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हसीन और रोजुद्दीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतकों की पहचान हसीन पुत्र इनाम, रोजुद्दीन पुत्र समयदीन और मामा इस्तखार निवासी यमुनानगर के रूप में हुई है। दुखद घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जैसे ही यह खबर गांव में पहुंची, वहां शोक की लहर दौड़ गई। गंगोह पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और हादसे की जांच जारी है।

## शोभित विश्वविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा फ्रेशर पार्टी परिचय बीट्स-2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके को और खास बनाने के लिए दिल्ली का प्रसिद्ध मदारी लाइव बैंड भी शामिल हुआ, जिसकी प्रस्तुतियों ने छात्रों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव, सर्किल ऑफिसर गंगोह ऋचा गुप्ता, शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) रणजीत सिंह और कुलसचिव प्रो. (डॉ.) महिपाल सिंह ने माँ सरस्वती एवं बाबू विजेंद्र कुमार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत का गायन किया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव ने छात्रों को प्रेरणादायक प्रसंगों से जीवन के लक्ष्यों को समझने और उन्हें पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) वरुण बंसल ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और अतिथियों का स्वागत किया। मदारी लाइव बैंड की शानदार प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा, छात्रों ने रैंप वॉक, डांस, नाटक और गेम्स जैसे मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने माहौल को जोशीला बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बी.टेक प्रथम वर्ष के मिस्टर फ्रेशर विवेक कुमार और मिस फ्रेशर छवि, एम.सी.ए प्रथम वर्ष से मयंक और नैंसी, तथा बी.सी.ए प्रथम वर्ष से अर्जुन कौशल और अदिति को चुना गया। अंतिम वर्ष के छात्रों और अन्य विद्यार्थियों द्वारा किए गए पोल के आधार पर इनका चुनाव किया गया। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) रणजीत सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों और सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और चयनित मिस्टर एवं मिस फ्रेशर को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य, अधिकारी और छात्रों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाया।

## बारात में आई बच्ची का तालाब से मिला शव

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सहारनपुर।** परिजनों के साथ बारात में आई एक छोटी बच्ची का शव तालाब से मिला है। मृतक बच्ची खेलते समय किसी तरह तालाब में गिर गई होगी और डूबने की वजह से उसकी मौत हो गयी।

ग्रामीणों ने जब तालाब में बच्ची का शव देखा तो तुरन्त पुलिस को सूचना दी जिस पर तुरन्त पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बच्ची की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रिढी मौहम्मदपुर में परिजनों के साथ बारात में आयी एक छोटी बच्ची का शव तालाब में मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी।

पुलिस ने तुरन्त मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। थाना बेहट पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## हिंदू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज गंगोह में स्वर्णिम शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गंगोह।** हिंदू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, गंगोह में स्वर्णिम शताब्दी समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में अशोक कुमार गोयल, शोभित विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शोभित कुमार, कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र और पूर्व सांसद प्रदीप चैधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस खास मौके पर कॉलेज को भव्य तरीके से सजाया गया, और छात्रों ने भक्ति और देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए डांस और गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथियों ने कॉलेज के 100 साल पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं और छात्रों को देश और समाज के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा की इस लम्बी यात्रा में कॉलेज के योगदान की सराहना की और इसे क्षेत्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तम्भ बताया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने कॉलेज की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लोहे का तवा मारकर पत्नी को मौत की नींद सुलाने वाला पति पहुंचा सलाखों के पीछे

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने लोहे के तवे से हमला कर पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारोपी पति को गिरफतार किया है। घटना में प्रयुक्त रक्त रंजित लोहे का तवा भी बरामद किया गया है। थाना नकुड़ प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम ने मय हमराह टीम के साथ सीएचसी नकुड़ के पास से हत्या के आरोपी इब्ने अली पुत्र मौ0 तकी निवासी मौहल्ला जोगियान कस्बा व थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर को गिरफतार किया है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी इब्ने ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि डेन्टिंग पैंटिग का काम न चलने के कारण मैंने अपनी पत्नी के मायके वालों से दोबारा काम चालू करने के लिए रुपए मांगे तो पत्नी ने पैसे दिलवाने से मना कर दिया। जिस कारण मुझे गुस्सा आ गया और कई दिनों से पत्नी से अनबन चल रही थी। कल रविवार को भी अपनी पत्नी शहनाज से जब उसके परिवार वालों से पैसे दिलाने के लिए कहा तो वह बहस करने लगी, जिस पर



मुझे गुस्सा आया और अपना आपा खोते हुए रोटी बनाने वाला लोहे का तवा उठाकर शहनाज के सिर पर कई वार किये जिससे वह निढाल होकर गिर गई और उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने हत्यारोपी पति के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## महिला से ठगी करने वाले चार ठग गिरफतार, कब्जे से आभूषण, अस्लाह व बिना नम्बर की दो बाईकें बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने गत दिनों बुजुर्ग महिला के साथ धोखाधड़ी कर आभूषण हड़पने वाले चार शातिर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिनके कब्जे से लूटे गये आभूषण, दो चाकू, दो तमंचे, कारतूस व दो बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बता दें कि गत 26 अक्टूबर 2024 को श्रीमती सुषमा नरूला से धोखाधडी करके कानो के टोप्स, अगूंठी, कंगन आदि आभूषण ले लेना व मांगने पर वापस ना देने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0 623/24 धारा 318(4)/316(2) बीएनएस बाबत पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु



आदेश-निर्देश दिये गये। थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी खुर्शीद पुत्र फजलुद्दीन निवासी महमूदपुर घडी सदल्लापुर थाना किठौर जनपद मेरठ, हबीब पुत्र समसुद्दीन निवासी गुल्लर भोज कोपा कपाली थाना गदरपुर जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड), सुहेल खान पुत्र बाबुखान निवासी ठण्डा नाला गुल्लर भोज थाना गदरपुर जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) व मौ0 आसिफ पुत्र नियाज अहमद निवासी रसूलपुर आबाद थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर को आईटीसी रोड़ से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे घटना से संबधित शत-प्रतिशत माल (आभूषण), अस्लाह, कारतूस, दो फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल व घटना में प्रयोग सामग्री तथा दो नाजायज चाकू बरामद हुए। आरोपियों के कब्जे से जनपद मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद तथा देहरादून में कारित घटनाओं से सम्बन्धित माल भी बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा अभियुक्तगण से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## हसनपुर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व ईओ विजयपाल सिंह ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा, दिए आवश्यक निर्देश





**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने पालिका कर्मियों संग नगर में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायज लिया। नागरिकों को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी।

सोमवार को नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने नगर भर में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नागरिकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं।

वही नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने पालिका सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते कहा कि नगर में त्योहारों को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा किसी भी दिशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी नियत समय पर सफाई व्यवस्था की जाए। अगर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कोई शिकायत मिलती है तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील कर कहा कि दीपावली का पर्व रोशनी का पर्व है। अधिशासी अधिकारी विजय पाल सिंह ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करना उनका दायित्व है उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश देते कहा कि त्योहारों के मद्देनजर नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। इस मौके पर दिनेश सिंह, करनसिंह, सभासद मुन्ना चौहान, फारून आदि मौजूद रहे।

## रमाबाई के छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण व कांस्य से पदक झटका

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**गजरौला।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तीरंदाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक प्राप्तकिया।महाविद्यालय के चार खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय की टीम हेतु चयनित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। सोमवार को बदांयू के सहसवान स्थित संगटक राजकीय महाविद्यालय में आयोजित अन्तर्महाविद्यालयी तीरंदाजी (आर्चरी) क्रीड़ा प्रतियोगिता में महाविद्यालय के शारिरिक शिक्षा प्रभारी डॉ.अजय कुमार के नेतृत्व में नवनीत कौशिक, हर्ष कुमार, विवेक कुमार, आर्य देव जय, हिमांशी, श्वेता, कशिश व इशिका चैहान ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नवनीत कौशिक ने स्वर्ण व हर्ष कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। नवनीत, हर्ष, आर्य देव जय व श्वेता को विश्वविद्यालय की टीम में चयनित किया गया। प्राचार्य डॉ.एमए गौरी व स्टॉपफ ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मनोबल बढ़ाया, कहा कि महाविद्यालय की टीम खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

# जनपद में बुजुर्ग एवं बच्चों को चश्मों का किया नि :शुल्क वितरण

### बच्चों को चश्में के माध्यम से पढ़ाई में मिलेगी गतिः मुकेश चौधरी, सरकारी विद्यालयों में बच्चों को मिल रही तकनीकी से युक्त सुविधाऐंः डॉ. अजय सिंह

**नेशनल एक्सप्रेस/डॉ. मुस्तकीम राव**

**सहारनपुर।** विधायक नकुड़ मुकेश चैधरी, महापौर डॉ. अजय सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं दृष्टिदोष कार्यक्रम के अन्तर्गत जनमंच सभागार में निःशुल्क चश्मा वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंखों की देखभाल कर दृष्टिहीनता के मामलों को कम करना, जनजागरूकता, बच्चों की आंखों संबंधी बीमारियों की जांच, उपचार एवं चश्मा वितरण किया जाना है। नकुड़ विधायक मुकेश चैधरी ने चश्मा वितरण कार्यक्रम हेतु प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की सराहना की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश भर के आंगनवाडी केन्द्रों को प्ले स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। ऐसे बुजुर्ग एवं बच्चे जो



चश्मा खरीदने में असमर्थ है उन्हें सरकार द्वारा निःशुल्क चश्मा उपलब्ध करवाया जा रहा है। बच्चों को चश्में के माध्यम से पढ़ाई में गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मेहनत से पढ़ाई कर अपने माता-पिता, गांव, जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। पढ़ाई और खेलने का समय निर्धारित करें। महापौर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से समग्रता को समाहित करते हुए हमारी नई शिक्षा नीति है। आज सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों को तकनीक से युक्त सुविधाएं मिल रही है। इन सुविधाओं को प्राप्त करके ही हम विकसित भारत की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि 2047 में विकसित भारत का नेतृत्व आपके द्वारा सम्भव हो सकेगा। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 माह सितम्बर 2024 तक 8 से 14 आयु वर्ष के 44790 छात्र-छात्राओं के नेत्र परीक्षण किये गये, जिसके सापेक्ष 2168 छात्र-छात्राओं के रिफरेक्शन में कमी पायी गयी।

चश्मा वितरण का कुल लक्ष्य 3471 के सापेक्ष 492 चश्में पूर्व में वितरित किये गये तथा आज जनपद में 1676 चश्मों का वितरण किया जा रहा है। इस प्रकार माह अक्टूबर में 2168 चश्मों का वितरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आंखें शरीर का महत्वपूर्ण अंग है।

■ **मोबाईल और कम्प्यूटर का अनावश्यक रूप से न करें इस्तेमाल :जिलाधिकारी**

दृष्टि बनाए रखने के लिए समय-समय पर आंखों का परीक्षण आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि मोबाईल और कम्प्यूटर का इस्तेमाल अनावश्यक रूप से न किया जाए।

इसका केवल सदुपयोग किया जाए तथा खान-पान पर विशेष ध्यान रखा जाए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत सतर्कता महोत्सव, फेस्टिवल डी सीसीएल का शुभारंभ



स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस

**रांची/झारखंड।** 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव ₹फेस्टिवल डी सीसीएल₹ का आज भव्य उद्घाटन हुआ।इस महोत्सव के पहले दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त)पवन कुमार मिश्रा,निदेशक तकनीकी(संचालन)हरीश दुहान,मुख्य सतर्कता अधिकारी(सीवीओ)पंकज कुमार, महाप्रबंधक,विभाग प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमडी सीसीएल द्वारा सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया।इसके बाद,सीवीओ पंकज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि हमारे पेशेवर जीवन में सतर्क रहना क्यों आवश्यक है, और इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति' पर भी अपने विचार साझा किए।श्री कुमार ने कहा कि सत्यनिष्ठा का पालन न केवल संगठन बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह ने भी इस मौके पर ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।इसके पश्चात उन्होंने ई-प्लेज बूथ का उद्घाटन किया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ ड्रोन द्वारा किया। सीएमडी सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा।समारोह में सभी गणमान्य अतिथियों ने लाइव पेंटिंग कलाकारों के साथ बातचीत की।ये कलाकार महोत्सव के तीनों दिनों में लाइव पेंटिंग प्रस्तुत करेंगे,जिसमें वे भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता और ईमानदारी को बढ़ावा देने वाले विषयों पर अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे।

इसके बाद सतर्कता जागरूकता रैली में सीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।इस रैली के माध्यम से सभी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश दिया।इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ,जिसमें जनजातीय नृत्य, गणेश वंदना नृत्य और 'विविधता में एकता' नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सीसीएल की एक कर्मचारी ने अपने मधुर स्वर में गणेश वंदना गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

## नगर पुलिस अधीक्षक,दरभंगा द्वारा की गई जनसुनवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**दरभंगा कार्यालय/बिहार।** नगर पुलिस अधीक्षक,दरभंगा द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस पर आम लोगों की समस्या की सुनवाई की जाती है।इसी क्रम में सोमवार को क्रमशः लहेरियासराय थाना-01,मोरो थाना-02, जाले थाना-03,बहादुरपुर थाना-01, सोनकी थाना-01,विश्वविद्यालय थाना-01, मब्बी थाना-01, विशनपुर थाना-01,कुल- 11फरियादी के समस्या की सुनवाई की गयी एवं उनके निराकरण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रियंका गांधी ने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे संबंधी आरोपों का हल्के फुल्के अंदाज में जवाब दिया

**वायनाड (केरल) (भाषा)** केरल में वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इस आरोप पर कि वह निर्वाचित होने पर निर्वाचन क्षेत्र का बहुत कम ही दौरा करेंगी, सोमवार को हल्के फुल्के अंदाज में जवाब दिया और कहा कि हो सकता है कि पर्वतीय जिले के लोग तंग आ जाएं और उनसे आग्रह करें कि वे इतनी बार यहां न आएं।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पनामारम में आयोजित एक नुक्कड़ सभा में अपने भाषण में एक मां के रूप में अपने अनुभव साझा किया और बताया कि कैसे वह अक्सर उस स्कूल जाती थीं जहां उनका बेटा पढ़ रहा था।

उन्होंने कहा, मैं आपको एक कहानी बताना चाहती हूं। जब मैं अपने बेटे को बोर्डिंग स्कूल में छोड़ रही थी, तो प्रिंसिपल ने मुझसे कहा, आप जानते हैं कि ये परिवार,..बड़े परिवार (यहां) आते हैं और बच्चों को यहां छोड़ जाते हैं, वे कभी बच्चों को देखने नहीं आते हैं। इसलिए मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं, चार महीने में कम से कम एक बार आकर उससे मिलिएगा।

प्रियंका गांधी ने कहा, जब चार महीने पूरे हुए, जब मैं अपने बेटे को लेने गई, तो प्रिंसिपल ने मुझसे कहा कि कृपया इतना (जल्दी) नहीं आइये। प्रिंसिपल की तरह, आप सोच रहे हैं कि मैं कभी नहीं आऊंगी। प्रिंसिपल की तरह, आप भी तंग आकर कहने वाले हैं, कृपया इतना मत आइये।

उन्होंने कहा कि उनके बेटे की तरह ही वायनाड के लोग भी उनका परिवार हैं। यह पूछे जाने पर कि वह कितने मतों के अंतर से चुनाव जीतने की उम्मीद कर रही हैं, उन्होंने कहा, मेरे लिए आपका हर वोट इस बात का प्रतीक है कि आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं, न कि (इसका संकेत कि) मैं आपसे क्या उम्मीद करती हूं।

## भाजपा झूठे वादे करके लोगों को धोखा देती हैः तेजस्वी



**गोड्डा/देवघर (भाषा)** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव के दौरान झूठे वादे करके लोगों को धोखा देती है।

राजद उम्मीदवार संजय प्रसाद यादव के पक्ष में गोड्डा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने लोगों के विकास के लिए काम किया और उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक न्याय प्रदान किया।

यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले पांच वर्षों में सरकार को अस्थिर करने के सभी प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा लोगों को धोखा देने के लिए झूठे वादे करती है। यह लोगों के लिए कुछ नहीं करती है। इसलिए, मैं इसे बड़का झूठा पार्टी कहता हूं।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षों में झारखंड ने तेज गति से प्रगति की है।

उन्होंने कहा, ह्यह्यभाजपा ने सोरेन को पांच साल तक परेशान किया। उसने एक स्थिर सरकार को गिराने का प्रयास किया, जो गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के लिए काम कर रही थी, लेकिन वह असफल रही क्योंकि हम यहां एकजुट थे। राजद नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों को डराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुई।

उन्होंने कहा, यहां के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया गया। लेकिन, इस चुनाव में उसे (भाजपा) करारा जवाब मिलेगा। यादव ने कहा कि गठबंधन झारखंड में सत्ता में वापस आएगा और राज्य तेज गति से प्रगति करता रहेगा।

उन्होंने देवघर में राजद उम्मीदवार सुरेश पासवान के समर्थन में भी एक रैली को संबोधित किया। यादव ने कहा कि भाजपा के पास चुनाव के लिए कोई मुद्दा नहीं है और उसके पास केवल हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद और कश्मीर-पाकिस्तान है।

# झारखंड चुनाव में परिवारवाद हावी,एनडीए और इंडिया गठबंधन में 40 उम्मीदवार

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**रांची(झारखंड)।** झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव में एनडीए व इंडिया गठबंधन ने अधिकतर सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं।दोनों गठबंधनों की ओर से अब तक घोषित उम्मीदवारों में से 40 ऐसे प्रत्याशियों के परिवार की मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है।इनमें 17 भाजपा,10 झामुमो,आठ कांग्रेस,दो आजसू,दो माले और एक राजद के हैं।दोनों गठबंधनों ने राजनीतिक परिवारों से जुड़े जिन प्रत्याशियों को टिकट दिया है,उनमें सीएम,पूर्व सीएम,मंत्री, सांसद,पूर्व मंत्री,विधायक ,पूर्व विधायक के रिश्तेदार शामिल हैं।जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन(बरहेट),बसंत सोरेन(दुमका),बहू सीता सोरेन (जामताड़ा),कल्पना सोरेन(गांडेय)चुनाव लड़ रहीं हैं।पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन घाटशिला से चुनाव लड़ रहे हैं।जबकि,पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका व मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर से चुनाव लड़ रही हैं।वहीं,पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहु जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।भवनाथपुर से भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप शाही झारखंड सरकार में मंत्री रहे हैं।सिसई के भाजपा उम्मीदवार आइपीएस अधिकारी रहे अरुण उरांव के पिता बंदी उरांव बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

वही दूसरी ओर मधुपुर विधानसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी हफीजुल हसन,शिकारीपाड़ा के प्रत्याशी आलोक सोरेन,तमाड़ के प्रत्याशी विकास मुंडा के पिता भी मंत्री रह चुके हैं।मनोहरपुर के झामुमो प्रत्याशी जगत मांझी की मां मंत्री और पिता विधायक रहे हैं।कांग्रेस की बड़कागांव की प्रत्याशी अंबा प्रसाद,मांडर की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की,बेरमो के प्रत्याशी कुमार जयमंगल,पांकी के प्रत्याशी लाल सूरज के पिता भी मंत्री रहे हैं।इसके अलावा भाजपा के प्रत्याशी अमित कुमार मंडल,अमित कुमार यादव,नीलकंठ सिंह मुंडा,उज्ज्वल दास,मंजू देवी के पिता विधायक रहे हैं।बगोदर के माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पिता महेंद्र सिंह भी विधायक रहे हैं।
निरसा के माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी के पिता भी इसी सीट से विधायक रहे हैं।झामुमो से डुमरी की प्रत्याशी बेबी देवी,ईचागढ़ की सबिता महतो,कांग्रेस की पाकुड़ की प्रत्याशी निशत आलम के पति मंत्री रहे हैं।इसके अलावा झरिया की भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के ससुर,सास व पति विधायक रहे हैं।वहीं,सिंदरी से भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के पति वर्तमान में विधायक हैं।मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश चतरा विधानसभा सीट से,बिहार सरकार में मंत्री रहे अवध बिहारी सिंह की बहू दीपिका पांडेय सिंह महगामा से चुनाव लड़ रही हैं।गिरिडीह से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी आजसू की टिकट से रामगढ़ विधानसभा सीट से व भाई रोशन चौधरी भाजपा की टिकट से बड़कागांव सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।धनबाद से सांसद ढुलू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो बाघमारा से भाजपा के प्रत्याशी हैं।चाईबासा की सांसद जोबा माझी के पुत्र जगत माझी,दुमका से सांसद नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन झामुमो के प्रत्याशी हैं।

## बिहार में फर्जी आईपीएस के बाद अब नकली दरोगा गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस/राकेश कुमार

**पटना(बिहार)।** बिहार में फर्जी आईपीएस के बाद अब फर्जी दरोगा की गिरफ़्तारी हुई है। दरभंगा निवासी विपिन पासवान राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में लगभग छह महीने से फर्जी दरोगा बनकर लोगों को धमकाकर अवैध वसूली किया करता था।स्थानीय लोगों ने उसे रंगे हाथ पकड़ा और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंच विपिन को भीड़ से बचाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार फर्जी दरोगा के पास से एक रॉयल इनफील्ड बाइक बरामद हुई जिस पर पुलिस का स्टीकर लगाया था।पूछताछ में विपिन ने बताया कि वह बिहार पुलिस की भर्ती परीक्षा में कई बार फेल हो गया। इसीलिए उसने फर्जी दरोगा बनने का नाटक किया।

उसने अपनी वर्दी जक्कनपुर इलाके के एक दर्जी से सिलवाई थी।मिली जानकारी के अनुसार,विपिन पासवान फर्जी दरोगा बनकर पिछले छह महीने से लोगों से अवैध वसूली कर रहा था।स्थानीय लोगों ने बताया कि विपिन पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को धमकाता था और उनसे पैसे भी ऐंठता था।लोगों ने जब उसकी असलियत जानी तो उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।स्थानीय लोग उसे पकड़कर पीटे भी हैं।

## गुजरात नंबर के टैंकर से 45 लाख की अवैध शराब बरामद, विभिन्न ब्रांड के 388 कार्टन जब्त कर तस्कर को किया गिरफ्तार

स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस



**जयपुर/बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना रागेश्वरी पुलिस ने मेगा हाईवे पर नाकाबंदी में गुजरात नंबर के टैंकर से भारी मात्रा में पंजाब निर्मित अवैध शराब बरामद की है।पुलिस ने टैंकर में मिली विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब के 388 कार्टून जब्त कर आरोपी रमेश गिरी पुत्र ईश्वर गिरी निवासी शिवनगर थाना सदर बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया।जब्त शराब की कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शराब की तस्करी की रोकथाम व तस्करों की धरपकड़ के लिए आईजी जोधपुर रेंज के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान ₹ऑपरेशन भौकाल₹ चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ सुखराम बिश्नोई के सुपरविजन एवं एसएचओ आदेश कुमार एवं डीएसटी प्रभारी एएसआई अमीन खान मय टीम द्वारा नया नगर के पास मेगा हाईवे पर नाकाबंदी की गई थी।नाकाबंदी के दौरान गुजरात नंबर का टैंकर आता हुआ दिखाई दिया,जिसे रूकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी में टैंकर में मिली पंजाब निर्मित विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 388 कार्टून जब्त कर पुलिस ने आरोप वाहन चालक रमेश गिरी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।इस कार्रवाई में बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नर सिंह व कांस्टेबल रमेश कुमार की विशेष भूमिका रही।मामले में थाना रागेश्वरी पर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# सांसद हेमामलिनी ने हरी झंडी दिखा कर किया स्वच्छता रैली का शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**वृंदावन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मथुरा की लोक प्रिय सांसद सिनेतारिका हैमामालिनी ने दीपावली से पूर्व स्वच्छता रैली निकालकर स्कूली बच्चों को हरि झंडी दिखाकर अपने अपने घरों व आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखने का आह्वान किया।वन महाराज से शुरू हुई स्वच्छता रैली में स्कूली बच्चे हाथों में पट्टिका लेकर नगर वासियों से अपने अपने घरों व गली मोहल्लों में विशेष साफ सफाई रखने के लिए जागरूक करते नजर आए। वन महाराज कालेज से शुरू हुई स्वच्छता रैली का विद्यापीठ पर समापन हो गया।इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, अपर आयुक्त सीपी पाठक आदि के अलावा नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## दरभंगा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई बढ़ाने को मिली मंजूरी,अंतरराष्ट्रीय दर्जा की राह हुई आसान



स्टेट हेड/शशिमोहन सिंह

**दरभंगा कार्यालय(बिहार)।** दरभंगा एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की कवायद तेज हो गयी है।एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यहां रनवे की लंबाई बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।अब दरभंगा एयरपोर्ट का रनवे 12 हजार फुट लंबा होगा।

इसके साथ ही यह एयरपोर्ट अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस होगा।इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बिहार सरकार से 90 एकड़ अतिरिक्त भूमि की है।राज्यसभा सांसद संजय झा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण 6 से 8 माह के अंदर पूरी हो जाएगी।

राज्य सरकार ने नये सिविल एन्क्लेव के लिए 54 एकड़ और रनवे का विस्तार कर नाइट लैंडिंग फेसिलिटी स्थापित करने(उअळ-1) के लिए 24 एकड़ भूमि के भू-अर्जन की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर ली है।इसके बाद यह इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो जाएगा।

# झामुमो में बंटी-बबली का सम्मान और शहीदों के वंशजों का होता है अपमानःहिमंत बिस्वा सरमा

### भाजपा में मिलन समारोह का आयोजन,अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ



**रांची(झारखंड)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 28 अक्टूबर को मिलन समारोह का आयोजन किया गया।मौके पर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।उन्हें झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने पार्टी में शामिल कराया।इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मौजूद थे।इस अवसर पर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस में समर्पित कार्यकताओं को महत्व नहीं दिया जाता है। कांग्रेस परिवार और चाटुकारों की पार्टी बन गई है।कांग्रेस में टिकट मिलने की तीन शर्त है।कार्यकर्ता के पास बड़ा घर और पैसा होना चाहिए।उसका किसी बड़े परिवार से संबंध होना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली देने वाला हो।श्री सरमा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में बंटी बबली का सम्मान होता है और शहीद के वंशजों का अपमान किया जाता है।सरकारी पदाधिकारी भी अब झामुमो सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं।हेमंत सोरेन तब तक पदाधिकारी का उपयोग करते रहे,जब तक उन्होंने साथ दिया।आज पदाधिकारी जब उनके गलत चीजों का विरोध कर रहे हैं,तब वे पदाधिकारी के खिलाफ खड़े हो रहे हैं।ऐसा कहीं नहीं देखा गया कि मुख्यमंत्री अफसर के खिलाफ खड़े हुए हो।इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य गठन की प्रसव पीड़ा सही है।प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में राज्य का गठन हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है।भाजपा सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास पर भरोसा करती है।भाजपा और एनडीए सरकार में सभी वर्गों को सम्मान और अधिकार मिलेगा।इस अवसर पर मानस सिन्हा ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से वे कांग्रेस में थे।कांग्रेस पार्टी में समर्पित कार्यकताओं की अब पूछ नहीं है।भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं को मान सम्मान देती है।भारतीय जनता पार्टी की नीति सिद्धांत,कार्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए रांची सहित पूरे राज्य की विधानसभा में तन-मन से और समर्पित होकर काम करेंगे।पार्टी जो जिम्मेदारी देगी,उसका निर्वहन करेंगे।

## खबरें फटाफट

### पशु अस्पताल में बिजली व पानी तक की सुविधा नहीं




**कानपुर नेशनल एक्सप्रेस :** सरसौल विकास खंड क्षेत्र के रूमा हाइवे किनारे स्थित पशु चिकित्सालय की खामियां सामने आने लगी हैं। सड़क से दो फीट नीचे बने इस भवन के परिसर में हल्की बारिश में भी पानी जमा हो जाता है। यहां बिजली व पानी तक का इंतजाम नहीं है। जिससे कर्मचारी व पशुपालक परेशान होते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि निर्माण के दौरान सड़क की ऊंचाई से दो फीट नीचे अस्पताल भवन बनवा दिया गया। इसी वजह से यहां जलभराव की समस्या है। यहां पशुधन फार्मासिस्ट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लॉक के दर्जनों ग्राम पंचायतों के बीच एकमात्र यही पशु अस्पताल है। कर्मचारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में अस्पताल परिसर में पानी न लगे इसके लिए परिसर का समतलीकरण जरूरी है। परिसर में खड़ंजा न होने की वजह से भी समस्या हो रही है। बिजली का कनेक्शन न होने से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप गौतम ने कहा कि सरकारी दफ्तर हैं बिजली की व्यवस्था होना बहुत जरूरी है।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2024 रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया



उन्नाव।तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2024 के सफल संचालन के क्रम में दिनाक तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जिला चिकित्सालय उन्नाव से एक तंबाकू जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,नोडल अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह एवं समाज सेवी पाण्डेय द्वारा झंडी दिखा कर रैली का शुभारंभ किया गया। रैली से पूर्व सभी को तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने बताया कि आज कल लोग शौक एवं आनंद के लिए बहुत से नशे का सेवन करने लगे है, जो उनके लिए आत्याधिक हानिकारक हैं। तम्बाकू सेवन से लोगों में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के साथ साथ नपुंसकता/बांझपन, मानसिक रोग, इत्यादि तेजी से बढ़ रहे हैं, हमें इनसे बचने की आवश्यकता है। गुटखा/पान मसाला खाने वाला व्यक्ति स्वयं तो बीमार होता ही है साथ साथ गंदगी भी फैलाता है। रैली में NCC एवं स्कॉट के छात्र/छात्राओं, NCD के सभी कर्मचारियों/अधिकारियों , कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कर्मचारियों/अधिकारियों ने प्रतिभाग किया तथा लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

### गुमटी में चोरी छुपे देशी शराब बेचते 19 पव्वे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



उन्नाव। ग्राम मिश्री खेड़ा अचलगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अवैध ढंग से गुमटी में देसी शराब बेचे जाने की सूचना आबकारी विभाग को मिली आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चोरी छुपे गुमटी में देसी शराब बेचते एक व्यक्ति गिरफ्तार उसके पास से 19 देसी के पव्वे बरामद हुए। आबकारी व पुलिस टीम ने अवैध ढंग से चोरी छिपे देसी शराब बेचने वाले के खिलाफ थाना अचलगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया

# डीएम कंपाउंड में शव की गुपचुप तरीके से बरामदगी करने पहुंची पुलिस



**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**

कानपुर में आखिर रात के अंधेरे में अफसर कैसे गोपनीय ऑपरेशन चला रहे थे। आरोपी को भी पुलिस ले गई। उसने बताया कि कहां पर शव को गाड़ा है। पत्नी का कंकाल और कपड़े देखते ही पति अचेत हो गया। किस तरह से अपने साले से लिपटा। बिलख कर रोने लगा। शव बरामदगी करने तक की कब क्या और कैसे हुआ लाइव रिपोर्ट पढ़िए।

कोतवाली पुलिस को शनिवार दोपहर को पूछताछ के दौरान विमल ने बताया-उसने एकता गुप्ता का मर्डर करके डीएम कंपाउंड में शव गाड़ दिया है। क्योंकि इससे पहले बिठूर से लेकर गंगा में शव फेंकने की झूठी कहानी विमल ने गढ़ी थी। लेकिन, सीसीटीवी फुटेज, लोकेशन के मिलान के चलते पुलिस की जांच में फंसता चला गया।

अंत में टूटकर बता दिया कि हां मैंने एकता का मर्डर किया। डीएम कंपाउंड के ऑफिसर्स क्लब में शव को गाड़ दिया है। यह जानकारी मिलते ही अफसरों के हाथ-पांव फूल गए। मामले की जानकारी पुलिस आयुक्त अखिल कुमार और एडिशनल सीपी हरीश चंदर से साझा की गई। अफसरों को लगा कि डीएम कंपाउंड का मामला है। इसका जबरदस्त मीडिया ट्रायल हो जाएगा। फिर देर रात शव को निकालने का फैसला लिया।

रात 10 बजे आरोपी को कोतवाली थाने 15 से 20 दरोगा और सिपाही व महिला पुलिस कर्मियों के साथ डीएम कंपाउंड आरोपी को लेकर पहुंचे। डीएम के बंगले से कोतवाली थाने की जीप और अन्य गाड़ियां धड़धड़ाते हुए भीतर तक पहुंची। डीएम के बंगले के भीतर से ही ऑफिसर्स क्लब को जाने वाले रास्ते से अंदर दाखिल हुए। इस दौरान सभी को अलर्ट कर दिया गया कि किसी को भी भीतर एंट्री नहीं दी जाएगी। डीएम आवास के मेन गेट पर मौजूद पुलिस फोर्स अलर्ट मोड़ पर आ गई। दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस के साथ आरोपी विमल सोनी भी था, तो दूसरी तरफ एकता के पति राहुल गुप्ता, भाई हिमांशु गुप्ता और बहनोई शांतनु मिरा साथ में थे। विमल सोनी ऑफिसर्स क्लब के मेन गेट के पास बने गार्डन में आया। बताया कि डीएम बंगले की तरफ कोने में शव गाड़ दिया है।

इधर, परिवार के लोगों को पुलिस ने किसी से फोन पर बात करने से रोक दिया था। इस वजह से परिवार के लोग किसी का फोन तक रिसीव नहीं कर पा रहे थे। परिवार के लोगों ने ही पुलिस का गोपनीय ऑपरेशन और पूरे मामले को दबाता हुआ देखकर मीडिया को अपनी लोकेशन साझा करते हुए बताया कि एकता का शव बरामद करने के लिए गुपचुप तरीके से खुदाई चल रही है।

रात-11 बजे 1:30 बजे तक का हाल

इसके बाद पुलिस के साथ आए पोस्टमॉर्टम हाउस के कर्मचारियों ने खुदाई शुरू कर दी। जानकारी मिलते ही मीडिया कर्मी भी कुछ ही देर में वहां पहुंचे। इस पर चारों तरफ से नाकेबंदी कर दी गई। किसी को भी भीतर एंट्री पर रोक लगा दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी से लेकर एसपी आशुतोष कुमार, डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह और एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने सभी मीडिया कर्मियों का फोन उठाना बंद कर दिया था।

क्योंकि, इधर पुलिस को गोपनीय ऑपरेशन एकता की शव बरामदगी का चल रहा था। मीडिया कर्मी जानकारी मिलने पर डीएम कंपाउंड पहुंचे, तो उनको फोटो, वीडियो बनाने से सिपाहियों ने मना किया। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस के अलावा कोई भी डीएम के बंगले में दाखिल नहीं हो पा रहा था। इसके बाद भी दैनिक भास्कर की टीम दीवार पर चढ़ गई। पुलिस कर्मियों ने जहां पर खुदाई चल रही थी घेरा बना लिया। ताकी खुदाई कहां पर चल रही है यह दिखाई न पड़े।

## विकास भवन में समूह की महिलाओ ने लगाया दीपावली बाजार




**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं आरसेटी कानपुर देहात के तत्वाधान में विकास भवन परिसर के बाहर आयोजित दीपावली बाजार में समूह की महिलाओ द्वारा निर्मित मोमबत्ती,अगरबत्ती, अचार,पापड़, लाई आदि वस्तुओं का स्टाल लगाया ।

मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन, उपायुक्त स्वतः रोजगार गंगाराम, निदेशक आरसेटी मयंक कटियार, ए डी ओ आई एस बी सरवनखेड़ा विमल सचान ने स्टाल का निरीक्षण किया एवं महिलाओं से खरीददारी करके उनका उत्साहवर्धन भी किया ।

इस वर्ष यह दीपावली बाजार 28 एवं 29 अक्टूबर दो दिनों तक लगाया जायेगा ।

दीपावली बाजार में झींझक ब्लॉक के बगिया बाबा समूह की वंदना एवं विनीता ने मोमबत्ती , अमरौधा ब्लॉक के गोकुल समूह की मीना ने मोमबत्ती, मलासा ब्लॉक के वृन्दावन समूह की रानी एवं कृष्णा ने अचार पापड़, मशाल समूह की पारुल ने बुकनु, पापड़, नमकीन, रुईबत्ती, अकबरपुर ब्लॉक के वंदना समूह की सुनीता ने लाई, बेसन नमकीन, राजपुर ब्लॉक के जय माँ काली समूह की रेखा ने मोमबत्ती, डेरापुर ब्लॉक के जय शेरावाली माँ समूह की अरुणा एवं गोल्डी ने मोमबत्ती का स्टाल लगाया।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पहले दी यातनाएं, फिर घर से निकाला

**नेशनल एक्सप्रेस**

**कानपुर** सरसौल _ दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। आरोप है कि ननद सोनम और सास ससुर ने उसके साथ कई बार मारपीट की है। विरोध करने पर ससुरालियों ने एक राय होकर जान से मारने पर भी उतारू हो आए और उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने कार्रवाई की है। दरसल मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र के तिल शहरी बुजुर्ग गांव का हैं जहां किसान ने अपनी बेटी की शादी लगभग छः साल पहले सफीपुर थाना चकेरी क्षेत्र में की थी। वहीं दहेज की मांग पुरी न होने को लेकर ससुरालीजन रोज़ाना गाली गलौज व मारपीट पर आमादा होने लगें। वहीं जानकारी मिलने पर जब इसकी जानकारी की तो ससुरालियो ने कहा कि दो लाख रुपए और दो जिससे कपड़े की दुकान खोलनी हैं। वहीं पीड़ित पिता अपनी बेटी को वापस घर लेकर आ गया। वहीं सास ससुर और देवर ने जेवरात और कपड़े भी छीन लिए। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज की मांग करने लगे। इसको लेकर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने लगे।आरोप है कि ननद और पति घर में मौजूद सास, देवरों के साथ मिलकर दहेज की मांग करने लगे। इसके बाद घर के कमरे में बंद कर दिया। विरोध करने पर ससुरालियों ने एक राय होकर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कार सवार हमलावरों ने ब्वॉयज हॉस्टल से एक युवक को बाहर बुलाकर पीटा

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर के काकादेव थाना क्षेत्र में कार सवार हमलावरों ने ब्वॉयज हॉस्टल से एक युवक को बाहर बुलाया और उसे जमकर पीटा। इससे उसका सिर फट गया। पड़ोस में स्थिति कैफे संचालक ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। इसके अलावा पूरे कैफे में जमकर तोड़फोड़ की।

इस दौरान जिसने भी विरोध करने की कोशिश की आरोपियो ने क्षेत्र में घूम-घूमकर उसे भी पीटा। वहीं, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस से पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले।



महोबा के सुभाष नगर निवासी आकाश सेन काकादेव स्थित शिवी ब्वॉयज हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। आकाश के मुताबिक रविवार रात करीब 10 बजे कुछ लड़के हॉस्टल के बाहर आए और गाली-गलौच करने लगे। बाहर आकर देखा तो वो लड़के हॉस्टल के नहीं थे। सभी लड़के नशे में धुत थे।

गाली गलौच का विरोध किया तो सभी लड़के मुझे हॉस्टल से खींचकर बाहर ले गए। इसके बाद फोन कर कुछ और लड़के मौके पर बुला लिए। इसके बाद लड़कों ने लाठी-डंडे और नुकीली चीजों से हमला कर दिया। हमले में आकाश का सिर फट गया।

हॉस्टल के बाहर गुरुदेव निवासी आकाश घायल का एक कैफे है। मारपीट का आकाश घायल ने विरोध किया तो हमलावरों ने उसे भी जमकर पीटा। इसके बाद पूरे कैफे में तोड़फोड़ कर दी।

वहां से गुजरने वाले जिस किसी ने भी विरोध किया हमलावरों ने उन्हें भी जमकर पीटा। इस दौरान पूरी इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस से पहले ही हमलावर मौके से भाग निकले। ये पूरी घटना कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

## हैलेट में इंटरलैमिनर इन्डोस्कोपिक सर्जरी के जरिये स्पाइन में स्लिप डिस्क का सफल ऑपरेशन

**नेशनल एक्सप्रेस**



कानपुर। रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन नाम आते ही मरीजों व तीमारदारों में सिहरन पैदा हो जाती है, लेकिन अब हैलट अस्पताल में इंटरलैमिनर इन्डोस्कोपिक सर्जरी की व्यवस्था हो गई है। इससे मरीज की पीठ में बड़ा चीरा भी नहीं लगता और कम समय में मरीज फिट हो जाता है। इस तकनीक के जरिये सोमवार को हैलट अस्पताल में एक मरीज का स्पाइन में स्लिप डिस्क का सफल आपरेशन किया गया। इस विधि से आपरेशन उन मरीजों के लिए वरदान बताया जा रहा है जिनमें डायबिटीज, मोटापे और हृदय सम्बंधी बीमारियों की वजह से बेहोशी का खतरा ज्यादा होता है। गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कालेज से सम्बद्ध लाला लाजपतराय अस्पताल (हैलट) में एक 45 वर्षीय मरीज आया जिसको चार महीने से कमर में दर्द की शिकायत थी। मीडिया प्रभारी डॉ. सीमा द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि एम.आर.आई. की जांच करने पर पता चला कि मरीज की स्पाइन की सबसे नीचे की डिस्क बाहर निकल कर नसों को दबा रही थी। सामान्यतः इसके ऑपरेशन में पीठ में 2-3 इंच का चीरा लगता है और मरीज को कई दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ता है। अब एंडोस्कोप के द्वारा इस प्रकार की जटिल सर्जरी मरीजों के लिए बहुत ही आसान हो रही है। इंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी में एक सेंटीमीटर से कम के चीरे के द्वारा रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन संभव है। इसी विधि से मरीज का सफल आपरेशन किया गया और अब वह पूर्णतया स्वस्थ है।

## दीपावली पर हर परिस्थिति से निपटने को तैयार अग्निशमन विभाग

**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर। दीपावली पर आतिशबाजी के बीच खतरों से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इसको लेकर अग्निशमन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है और हर परिस्थिति से निपटने को तैयार है। अधिकारियों के मुताबिक पटाखा बाजारों में दुकानदारों से नियमों का शत प्रतिशत पालन कराया जा रहा है। इसके साथ ही विभाग भी खतरों को देखते हुए तैयारी किये हुए है।



कानपुर शहर में लगने वाले प्रत्येक पटाखा बाजार में अग्निशमन विभाग यन्त्रों के साथ ही पेट्रोलिंग बाइक और गाडियों से पैनी नजर रखेगा। हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिए है। यही नहीं उससे भी बड़ा निर्देश इस बार वाहन स्वामियों के लिए किया गया है जो पटाखा बाजार के निकट ही अपना वाहन खड़ा कर देते हैं जिससे खतरा और भी बढ़ जाता है। इस बार वाहनों को बाजार से लगभग सौ फीट दूर खड़ा करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ऐसा इसलिए भी किया गया है कि गाड़ियों में पहले से ही ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल या डीजल भरा होता है और जरा सी लापरवाही किसी बड़े हादसे को दावत देती है। पटाखा बाजार में दुकान लगाने वालों को यह साफ तौर पर निर्देशित किया गया है कि अगर किसी ने भी उन निर्देशों का पालन अक्षरशः नहीं किया तो तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस ही निरस्त कर दिया जाएगा। अग्निशमन विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार पटाखा बाजार में लगने वाली दुकानों को इस बार एकदम सटकर नहीं लगाना होगा। दुकानों के बीच लगभग साढ़े तीन फीट की दूरी निश्चित रहेगी। यही नहीं दो दुकानों के बीच बालू से भरी बोरियां, स्प्रे वाले फायर सिलेन्डर भी रखने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

## समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने अजमेर शरीफ की दरगाह में चढ़ाई चादर

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने अजमेर शरीफ की दरगाह में चादर चढ़ाई। उन्होंने सोलंकी परिवार की पारिवारिक परंपरा को निभाते हुए नामांकन के दूसरे दिन अजमेर पहुंचकर दुआ की। जिसकी तस्वीरें सामने आईं हैं।

सीसामऊ विधानसभा सीट से ही विधायक रहे। इरफान सोलंकी के पिता हाजी मुश्ताक सोलंकी भी दो बार विधायक रहे थे। उन्होंने ही इस परंपरा की शुरुआत की थी। नामांकन करने के अगले दिन अजमेर जाकर दरगाह में चादर चढ़ा कर दुआ करते थे।

इसके बाद इरफान सोलंकी भी चार बार विधायक रहे। वह भी अजमेर शरीफ की दरगाह में नामांकन के दूसरे दिन पहुंचकर चादर चढ़ाते और दुआ करते थे।



इसी परंपरा को निभाते हुए परिवार से सीसामऊ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव का नामांकन करने के अगले दिन ही अजमेर शरीफ पहुंची और वहां दरगाह में चादर चढ़ाकर दुआ की।

उनके पारिवारिक सदस्य ने बताया, क्योंकि इरफान सोलंकी की पैदाइश अजमेर में हुई थी। परिवार भी वहीं का रहने वाला है।

इसलिए उनकी अकीदत (भक्ति) अजमेर शरीफ की दरगाह से जुड़ी है। इसलिए नामांकन के बाद अजमेर शरीफ जाने की परंपरा को सोलंकी परिवार की बहु नसीम सोलंकी ने भी पूरा किया।

# दीपावली में धूम मचाएंगे टेराकोटा माटी के उत्पाद, शत प्रतिशत प्राकृतिक

### पर्यावरण और प्रदूषण के साथ सुंदरता के लिहाज से सर्वोत्तम

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**

कानपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गोरखपुर को जब से ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के तहत टेराकोटा के लिए चुना तो लोगों ने इसमें रोजगार के अवसर खोज लिये। अब दीपावली का त्योहार नजदीक आ रहा है तो टेराकोटा के उत्पाद बाजार में धड़ाधड़ बिक रहे हैं और यह पूरी तरह से प्राकृतिक हैं। प्राकृतिक के साथ इनके उत्पादों में सुंदरता लोगों को आकर्षण कर रही है। कानपुर के कुछ लोग जो मूर्तियां आदि बनाने का काम करते हैं तो उन लोगों ने एक माह पहले ही गोरखपुर से लाल मिट्टी जो टेराकोटा कला में काम आती है उसको मंगवा लिया था।

गोरखपुर की लाल मिट्टी से बने उत्पादों की मांग भी धीरे–धीरे छोटे और बड़े घरों में सामान्य से अधिक होने लगी है। अब तो नगर के कुछ कारीगर वहां से मिट्टी लाकर यहां पर उत्पादों का निर्माण करने का सफल प्रयास कर रहें हैं। यह दीपावली नई कलाकृतियों के साथ और भी आकर्षक बन गया है। टेराकोटा की ये अद्भुत हस्तशिल्प छोटे बड़े घरों की सजावट में चार चांद लगाने का काम कर रहे हैं। घरों को सजाने के लिए टेराकोटा के लालटेन, हाथी मेज, पौधे रोपने के बर्तन की भी खूब मांग बढ़ी है। मनी प्लांट रोपने के लिए बर्तन की मांग भी छा गयी है। कई व्यापारी टेराकोटा की कलाकृतियां लेकर उसमें झालर आदि लगाकर उसकी खूबसूरती और बढ़ा देते हैं, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है।



इसकी मिट्टी की सुगंध और कलाकारों की मेहनत हर एक कलाकृति में झलकती है। इस मिट्टी से कलाकृतियां तैयार करने वाले साधारण दीयों की जगह विशेष प्रकार के दीयों पर अधिक ध्यान देते हैं। जिसमें स्टैंड दीया, कलश दीया की मांग बाहर के व्यापारियों में जबरदस्त है। ये अलग बात है कि साधारण मिट्टी से बने दीए और कलाकृतियों पर उतनी अधिक फिनिशिंग नहीं आ पाती है जबकि टेराकोटा से निर्मित वस्तुओं में फिनिशिंग उसकी खूबसूरती निखार देती है। टेराकोटा को लेकर चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय का कहना है कि टेराकोटा एक असाधारण पर्यावरण-अनुकूल सामग्री है, क्योंकि यह पुनर्चक्रणीय है और लंबे समय तक चलने वाली है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि यह शत प्रतिशत प्राकृतिक है।

शहर के कल्याणपुर, गोल चौराहा, साकेत नगर, गोविन्द नगर, श्याम नगर आदि क्षेत्रों में सड़क किनारे ही लगभग सैकड़ों शिल्पकार इन दिनों दिन-रात कलाकृतियां तैयार करने में जुटे हैं। हालांकि, इसके उत्पाद साधारण मिट्टी से बने उत्पादों की अपेक्षा थोड़े महंगे अवश्य होते हैं, लेकिन उतनी ही मजबूती भी होती है। जिसके चलते लोगों की पहली पसन्द होते हैं। ओडीओपी नियमों के तहत सरकार की ओर से दिए गए सांचे के बाद खाली समय में कुछ साधारण व एकल डिजाइन दीये तैयार किए जा रहे हैं लेकिन अधिकतर शिल्पकारों का फोकस हाथ से काम करने में होता है। इनके दीये ऐसे होते हैं कि रखने के लिए जगह की तलाश नहीं करनी होगी। दीप प्रज्जवलन के दौरान जो स्टैंड लगाया जाता है, उसी तरह के स्टैंड दो दर्जन दीयों के साथ यहां के शिल्पकार तैयार कर लेते हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए भारतीय महिला टीम को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

**अहमदाबाद (भाषा)** भारतीय महिला टीम तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ जब मैदान में उतरेगी तो श्रृंखला जीतने के लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय बल्लेबाजी रविवार को दूसरे वनडे में लक्ष्य का पीछा करते समय बुरी तरह से फ्लॉप हो गयी थी। जीत के लिए 260 रन का पीछा करते हुए भारत ने 108 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे। राधा यादव (48) और साइमा ठाकोर (29) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर टीम को शर्मनाक हार से बचाया। भारतीय टीम 183 रन पर आउट हो गयी। इससे पहले श्रृंखला के शुरूआती मैच में भी भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को 59 रन से जीत दिलायी।

श्रृंखला के शुरूआती दो मैचों में किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं जड़ा है। भारत को श्रृंखला के निर्णायक मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर की तिकड़ी को दमखम दिखाना होगा। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और तेजल हसबनीस अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे है। भारत को सबसे ज्यादा परेशानी मंधाना की खराब लय से हो रही है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक मंधाना पिछले कुछ मैचों से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। वह श्रृंखला के शुरूआती दो मैचों में अब तक दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंची है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। टीम ने शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड की पारी को 168 रन पर समेट दिया था। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड की टीम 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 259 रन बनाने के बाद बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन भारतीय गेंदबाजों के राधा यादव (चार विकेट) की अगुवाई में अच्छी वापसी करते हुए उनकी पारी का 259 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए पिछले मैच में अनुभवी सूजी बेट्स (58) और कप्तान सोफी डिवाइन (79) ने शानदार बल्लेबाजी टीम को मनोबल बढ़ाने वाली जीत दिलायी।

**टीम इस प्रकार हैंः भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेट-कीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), सयाली सतगारे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसबनीस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इजी गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पॉली इंगलिस (विकेट-कीपर), फ्रान जोनास, जेस केर, एमेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु।

## हमें बल्लेबाजी में काफी सुधार करना होगाः हरमनप्रीत



अहमदाबाद (भाषा) भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे में न्यूजीलैंड से 76 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम को बल्लेबाजी की समस्याओं से तुरंत निजात पाना होगा। भारतीय टीम जीत के लिए 260 रन के लक्ष्य का पीछा करते 47.1 ओवर में 183 रन पर आउट हो गयी। टीम ने 108 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे। राधा यादव (48) और साइमा ठाकोर (29) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर भारत को शर्मनाक हार से बचाया। हरमनप्रीत ने 24 रन बनाए। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, ह्यह्यहम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकें। ये खिलाड़ी देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार और उत्सुक हैं। बल्लेबाजी एक ऐसी चीज है जिस पर हमें वास्तव में काम करने की जरूरत है और अगर हम ऐसा करते हैं तो हम श्रृंखला जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है हमारा क्षेत्ररक्षण भी खराब रहा।

## करियर के आखिरी कुछ वर्षों में मैं जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, उसका लुत्फ उठाना चाहता हूंः धोनी



**नयी दिल्ली (भाषा)** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं।

धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रविवार की रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूँ। पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### चौफला ने अखिल भारतीय रैकेटलॉन स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया

**मुंबई (भाषा)** भारत के विक्रमादित्य चौफला को यहां अखिल भारतीय रैकेटलॉन ओपन में संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद कुबा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के सर्वोच्च रैंक वाले रैकेटलॉन खिलाड़ी चौफला को कई विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने का अनुभव है। इस प्रतियोगिता में भारत के आदित पटेल तीसरे स्थान पर रहे। रैकेटलॉन टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश जैसे चार रैकेट खेलों का संयोजन है। महिला वर्ग में नाहिद दिवेचा चैम्पियन बनीं जबकि शिखा बरासिया और तारा भंडारे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से माफीः शमी



**नयी दिल्ली (भाषा)** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रूकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट पदार्पण के लिए इंग्लिस योजना में शामिल : मुख्य चयनकर्ता बेली

**सिडनी (भाषा)** मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को संकेत दिया कि फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के विकेटक-ीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज टेस्ट पदार्पण करने की योजना में शामिल हैं।

भारत 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा जिसे पिछले चार मौकों पर हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

बेली ने पत्रकारों से कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि इस समय वह वाकई शानदार फॉर्म में है। मुझे लगता है कि वह बल्लेबाज के तौर पर जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उसे देखते हुए वह साल में विभिन्न श्रृंखलाओं में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर गर्मियों में पूरे वर्ष सही मौका मिलता है और वह जिस स्थान पर प्रदर्शन करने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त हैं, मुझे लगता है कि उसे शामिल किया जा सकता है।

इंग्लिश (29 वर्ष) वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर हैं, उन्होंने पिछले सात शेफील्ड शील्ड मैच में चार शतक जड़े हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट विकेटकीपर एलेक्स कैरी शानदार फॉर्म में हैं और इंग्लिस एक विशेषज्ञ मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं।

# चिराग चिक्कारा ने स्वर्ण पदक जीता



**तिराना (अल्बानिया) (भाषा)** चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूनार्मेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की।

वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूनामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं। इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई। विक्की ने पुरुषों की 97 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और यूक्रेन के यूरोपीय जूनियर चैंपियन इवान प्राइमाचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। विक्की ने पहले दौर में जॉर्जिया के मेरब सुलेमानिश्विली को और क्वार्टरफाइनल में मोल्दोवा के राडू लेफ्टर को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के महदी हाजीलोइयन मोराफा से हार गए थे।

पुरुषों की 70 किग्रा फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ताजिकिस्तान के मुस्तफो अखमेदोव को 13-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सुजीत ने पहले दौर में जॉर्जी एंटोनोव ज़िजगोव को 10-0 से, प्री-क्वार्टर में तुग्सजर्गल एडेनेबैट को 7-4 से और क्वार्टर फाइनल में नारेक पोहोसियन को 6-1 से हराया था ।

## शुभंकर शर्मा संयुक्त 66वें स्थान पर रहे



**इंचियोन (कोरिया) (भाषा)** भारत के शुभंकर शर्मा का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह अंतिम दो दौर में 76 के समान स्कोर के साथ डीपी वर्ल्ड टूर की जेनेसिस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 66वें स्थान पर रहे। शुभंकर ने पहले दो दौर में 71 और 68 का स्कोर बनाया था।

कोरिया के बियोंग हुन आन ने हमवतन टॉम किम को प्ले ऑफ में हराकर अपना दूसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता।

## न्यूज ब्रीफ

### शेयर बाजार में सुधार से निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली (भाषा)** शेयर बाजार में पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद तेजी आने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।
इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 602.75 अंक या 0.76 प्रतिशत उछलकर 80,005.04 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 1,137.52 अंक या 1.43 प्रतिशत बढ़कर 80,539.81 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,21,138.2 करोड़ रुपये बढ़कर 4,41,20,059.86 करोड़ रुपये हो गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "अधिक मूल्यांकन की चिंताओं के बीच पिछले सप्ताह बाजारों में तेजी से गिरावट हुई थी।

### एयर इंडिया को विमान के अंदरूनी हिस्सों में खुद बदलाव करने के लिए डीजीसीए की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली (भाषा)** एयर इंडिया को विमान के अंदरूनी हिस्सों में खुद सुधार या बदलाव करने के लिए विमानन नियामक डीजीसीए की मंजूरी मिल गई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन अपने बेड़े को नया रूप देने और परिचालन का विस्तार करने पर काम कर रही है। एयरलाइन ने अपने बेड़े में शामिल विमान के अंदरूनी हिस्सों को बेहतर बनाने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग किया है। एयर इंडिया ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइन को स्वतंत्र रूप से खुद डिजाइन में बदलाव करने और अपने विमानों के अंदरूनी हिस्सों में संशोधन करने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से मंजूरी मिल गई है।

## गोयल की जर्मनी के मंत्री के साथ बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**नयी दिल्ली (भाषा)** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मेट्रो में जर्मन वाइस चांसलर रॉबर्ट हेबेक के साथ बातचीत का एक वीडियो वायरल हो गया है जिसमें वह भारत को टनल बोरिंग मशीन की बिक्री चीन द्वारा रोके जाने का मुद्दा उठाते हुए दिखे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में दोनों नेताओं को इस मुद्दे पर बात करते हुए देखा जा सकता है। पिछले हफ्ते मेट्रो में सवारी के दौरान गोयल ने जर्मनी के आर्थिक मामलों के मंत्री हेबेक से कहा, आपकी जर्मन कंपनी हमें चीन में बनाई जाने वाली टनल बोरिंग मशीनों की आपूर्ति कर रही है। लेकिन चीन उन्हें भारत को बेचने की अनुमति नहीं दे रहा है। हमें अब जर्मन उपकरण खरीदना बंद कर देना चाहिए। इस बातचीत के दौरान जर्मन वाइस चांसलर बैठे हुए नजर आ रहे हैं जबकि गोयल उनके पास खड़े दिख रहे हैं। हालांकि, गोयल की यह बात सुनने के बाद हेबेक भी खड़े होकर बोले, मुझे लगता है कि मुझे आपकी बात सुननी चाहिए। इस वीडियो को 'लॉर्ड बेबो' नाम के एक उपयोगकर्ता ने सोशल मीडिया पर साझा किया और कुछ ही घंटों में यह वीडियो वायरल हो गया।

# देश का आर्थिक प्रदर्शन संतोषजनक, मांग की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत : वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (भाषा)** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है, लेकिन आगे मांग की स्थिति को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य अच्छा है। इसका कारण रुपये समेत बाह्य मोर्चे पर स्थिरता, सकारात्मक कृषि परिदृश्य, त्योहारों में मांग में सुधार और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना है। कुल मिलाकर उम्मीद है कि इससे निवेश गतिविधियों में तेजी आएगी।

आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा सोमवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के सितंबर संस्करण में हालांकि कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में मांग की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत है। उपभोक्ता धारणा में नरमी, सामान्य से अधिक बारिश के कारण सीमित ग्राहक संख्या और विभिन्न मौसमी अवधियों में लोगों के नई खरीदारी से बचने को देखते हुए ऐसा जान पड़ता है कि शहरी मांग में नरमी है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर बढ़ते संघर्षों, आर्थिक स्तर पर बढ़ता बिखराव और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन से वृद्धि के लिए जोखिम उत्पन्न हुए हैं। इसमें कहा गया है कि भारत पर उनके प्रभाव से संपत्ति, घरेलू धारणाओं पर असर पड़ सकता है और टिकाऊ वस्तुओं पर खर्च को लेकर योजनाओं में बदलाव आ सकता है।

महंगाई दर में दो महीने की नरमी के बाद सितंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ी। इसका कारण अनियमित मानसून के चलते मुख्य रूप से कुछ सब्जियों की आपूर्ति पर असर पड़ना था। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि को छोड़ दिया जाए तो महंगाई काफी हद तक काबू में नजर आ रही है।

इसमें कहा गया है कि मध्यम अवधि में जलाशयों में जलस्तर का बेहतर होना, खरीफ फसलों की अच्छी बुवाई से कृषि उत्पादन बेहतर रहने की संभावना बनी है। इसके साथ पर्याप्त खाद्यान्न भंडार कीमतों को काबू में रखने में मददगार होगा। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रत्यक्ष रूप से और पोर्टफोलियो निवेशकों के बीच भारत के प्रति धारणा सकारात्मक है। इन सकारात्मक भावनाओं को वास्तविक प्रत्यक्ष और पोर्टफोलियो निवेश में बदलने के लिए आर्थिक वृद्धि की गति को बनाये रखना आवश्यक है।

हालांकि, विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने इस महीने शेयरों से 85,790 करोड़ रुपये (लगभग 10.2 अरब डॉलर) की भारी निकासी की है। इसका कारण चीन में प्रोत्साहन उपाय, आकर्षक शेयर मूल्यांकन और घरेलू शेयर बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अधिक होना है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक की सर्वाधिक निकासी की है। इससे पहले, मार्च, 2020 में एफपीआई ने 61,973 करोड़ रुपये शेयर बाजार से निकाले थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाह्य क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बढ़ते पूंजी प्रवाह, स्थिर रुपये और संतोषजनक विदेशी मुद्रा भंडार से यह पता चलता है। इस साल सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। इसके साथ भारत 700 अरब डॉलर से अधिक भंडार वाले शीर्ष चार देशों में से एक बन गया। रिपोर्ट में नौकरी बाजार के संबंध में कहा गया है कि विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों में वृद्धि जारी है। यह 2022-23 के लिए उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है।

इसमें कहा गया है, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत शुद्ध रूप से नये लोगों के जुड़ने, क्रय प्रबंधकों के रोजगार उप-सूचकांक और नौकरीजॉब स्पीक इंडेक्स, संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन का संकेत देते हैं। इसमें कहा गया है कि जोखिम वैश्विक स्तर पर जारी संघर्ष, आर्थिक स्तर पर बढ़ता बिखराव, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितता और उसके परिणामस्वरूप वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव को लेकर है।

# बैंकिंग प्रतिनिधियों का कमीशन 0.30 प्रतिशत बढ़ाने की मांग




**नयी दिल्ली (भाषा)** बैंकिंग प्रतिनिधि संसाधन परिषद (बीसीआरसी) ने वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए एजेंट की तरफ से दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के एवज में उनका कमीशन बढ़ाने की मांग की है।

बैंकिंग प्रतिनिधि उद्योग और बीसीआरसी एजेंट को दिए जाने वाले कमीशन में कम-से-कम 0.30 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले कई वर्षों से कमीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि वित्तीय समावे में तेजी आने से एजेंट का खर्च बढ़ा है। आमतौर पर एजेंट को बैंक और कुछ अन्य संस्थान कमीशन का भुगतान करते हैं।

बीसीआरसी के मुताबिक, बचत बैंक खाते खोलने पर बैंकिंग प्रतिनिधि को पांच से 20 रुपये, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में लाभार्थी को नामांकित करने के लिए दो रुपये, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के लिए 15-30 रुपये और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए 80-100 रुपये का कमीशन मिलता है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने गांवों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2006 में बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल की शुरूआत की थी। ये प्रतिनिधि बैंक शाखा और एटीएम से इतर जगहों पर बैंकिंग सेवाएं और गैर-वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए नियुक्त एजेंट होते हैं। बीसीआरसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धरणीधर त्रिपाठी ने कहा कि बैंकिंग प्रतिनिधि देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार सहित वित्तीय समावेश में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खुले लगभग 53.81 करोड़ खातों में से 45 करोड़ खाते बैंकिंग प्रतिनिधियों ने ही खोले हैं। इन प्रतिनिधियों ने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई के तहत 80 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों के नामांकन की सुविधा भी दी है। उन्होंने कहा कि बीसी मॉडल शुरू होने के बाद से बैंकिंग प्रतिनिधियों ने पहुंच बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है और ग्रामीण परिदृश्य को बदल दिया है। बीसीआरसी ने हाल ही में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा है। त्रिपाठी ने कहा कि मंत्री ने संबंधित मुद्दों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## अदालत ने गो फर्स्ट के पूर्व प्रबंध निदेशक के खिलाफ 'डेटा चोरी' के लिए एफआईआर खारिज की

**मुंबई (भाषा)** बंबई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी घरेलू एयरलाइन गो फर्स्ट के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) वोल्फगैंग प्रॉक-श्वाअर के खिलाफ दर्ज कथित डेटा चोरी के मामले को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ अपराध का कोई मामला नहीं बनता है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 23 अक्टूबर को अपने आदेश में कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही जारी रखना महज एक निरर्थक प्रक्रिया होगी। पीठ ने कहा कि शिकायत में प्रॉक-श्वाअर के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनाया गया है। प्रॉक-श्वाअर ने गो एयरलाइंस इंडिया लिमिटेड की शिकायत के आधार पर एन एम जोशी मार्ग पुलिस द्वारा फरवरी, 2018 में उनके खिलाफ दर्ज की गई ।

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज को आईपीओ के लिए को सेबी की हरी झंडी




**नयी दिल्ली (भाषा)** एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी और शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को एक अपडेट में यह जानकारी दी। आईपीओ के जरिये एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ रुपये और अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज 3,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इस बारे में दोनों कंपनियों को 22-23 अक्टूबर के दौरान सेबी का निष्कर्ष मिला। सेबी की भाषा में निष्कर्ष मिलने का मतलब आईपीओ लाने के लिए हरी झंडी मिलना है।

दोनों कंपनियों ने जुलाई और सितंबर के बीच सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।

दस्तावेजों के अनुसार, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ पूरी तरह से नए शेयरों निर्गम है। कंपनी आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज के आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 2,500 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

नई दिल्ली, मंगलवार 290 अक्टूबर 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



“ पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये मुआवजा, आवास, बच्चों की नि :शुल्क शिक्षा तथा सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह बैरिया के सुदिष्टपूरी महाविद्यालय में द्वाबा के मालवीय स्व० मैनेजर सिंह जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ में पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह




# उत्तर प्रदेश : पुलिस हिरासत में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाने में हिरासत में व्यापारी मोहित पांडेय की मौत के बाद उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा, आवास, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा और सरकार की योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया।

इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मामले में बिना किसी का नाम लिए इशारों में सरकार पर तंज करते हुए कहा कि काश जान लेनेवाले मुआवज़े में जीवन भी दे सकते। उन्होंने कहा कि सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मोहित के परिजन से मुलाकात कर उन्हें एक लाख रुपये की सहायता दी।

जैनाबाद निवासी मोहित कुमार पांडेय (30) को पुलिस ने शनिवार को एक मामले में हिरासत में लिया था। उसी दिन हिरासत में ही उसकी तबीयत खराब हो गयी और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मोहित के परिजन ने पुलिस पर पीट—पीटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। सोमवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुलिस हिरासत में कारोबारी मोहित पांडेय की मौत के बाद सोमवार को उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपना दर्द बयां किया।

इस मुलाकात के दौरान बख्शी का तालाब क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक योगेश कुमार शुक्ल और पार्षद शैलेंद्र वर्मा भी मौजूद रहे। बयान के अनुसार, ''मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये मुआवजा, आवास, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा तथा सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।''

मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर सोमवार सुबह मोहित पांडेय की मां तपेश्वरी देवी, पत्नी और बच्चे पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा बयां की।

बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कारोबारी के परिजन संतुष्ट दिखे। मोहित की मां तपेश्वरी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर वह संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। इस मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होगी। जांच के उपरांत जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।''



मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा, आवास, बच्चों की नि :शुल्क शिक्षा और सरकार की योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया

इस बीच, समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा और लखनऊ उत्तरी क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रह चुकी पूजा शुक्ला ने भी पुलिस प्रताड़ना के शिकार मोहित पांडेय के परिवार से मुलाकात कर उन्हें पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से एक लाख रुपये का चेक सौंपा ।सपा के राष्ट्रीय प्रव क्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी के दोनों नेताओं ने पीड़ति परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की और इस मुश्किल वक्त में उसके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा सरकार और पुलिस के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ संघर्ष में सदैव आगे रही है और मोहित के परिवार को भी न्याय दिलाने तक लड़ाई जारी रहेगी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले में बिना किसी का नाम लिए इशारों में सरकार पर तंज करते हुए सोमवार को 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि काश जान लेनेवाले मुआवज़े में जीवन भी दे सकते।

यादव ने इसी पोस्ट में कहा, "दिवाली पर जिन्होंने किसी के घर का चिराग़ बुझाया है, उम्मीद है वो झूठ के दीये नहीं जलाएंगे, झूठी रोशनी से अपने शासनकाल का घोर काला अंधकार मिटाने की कोशिश नहीं करेंगे।" सपा प्रमुख ने सवाल उठाते हुए कहा कि जनता पूछ रही है, जिसकी हिरासत में मौत हुई है उस पर बुलडोजर चलेगा ?निंदनीय।

इस घटना के बाद से ही भाजपा सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है और प्रमुख नेताओं ने सरकार की तीखी आलोचना की।

सपा प्रमुख यादव ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था, 'उत्तर प्रदेश की राजधानी में पिछले 16 दिन में पुलिस हिरासत में मौत (हत्या पढ़ा जाए) का दूसरा समाचार मिला है। नाम बदलने में माहिर सरकार को अब 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' रख देना चाहिए। पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाए, हम उनके साथ हैं।''

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस घटना को लेकर पुलिस पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के जंगलराज में पुलिस क्रूरता का पर्याय बन चुकी है। प्रियंका ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''लखनऊ में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया और अगली सुबह एक की मौत हो गयी। एक पखवाड़े में उत्तर प्रदेश पुलिस की हिरासत में यह दूसरी मौत है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनके बेटे की हत्या कर दी।''

प्रियंका ने कहा, ''उत्तर प्रदेश, हिरासत में होने वाली मौतों के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में भाजपा ने ऐसा जंगलराज कायम किया है, जहां पुलिस क्रूरता का पर्याय बन चुकी है। जहां कानून के रखवाले ही जान ले रहे हों, वहां जनता न्याय की उम्मीद किससे करे?''

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने भी इस घटना को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में व्यापारी मोहित पांडेय की कथित तौर पर हुई मौत की घटना पर परिवार तथा लोगों में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। यह घटना अति निंदनीय है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय देने के लिये प्रभावी कदम अवश्य उठाये।''

इससे पहले, 11 अक्टूबर को लखनऊ में एक जुआ अड्डे पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए 24 वर्षीय अमन गौतम की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी।

# जम्मू : आतंकवादियों ने सेना की एम्बुलेंस पर गोलियां चलायीं, मुठभेड़ शुरू

**जम्मू,** (भाषा) जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के समीप एक गांव से गुजर रहे सेना के काफिले में शामिल एक एम्बुलेंस पर सोमवार को आतंकवादियों के एक समूह ने गोलीबारी की।

अधिकारियों ने बताया कि एम्बुलेंस में मौजूद सेना के जवान बाल-बाल बच गए। हाल में सीमा पार से घुसपैठ कर भारत में घुसे आतंकवादी सैनिकों की जवाबी कार्रवाई की आशंका से नजदीकी जंगल में भाग गए। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें ढेर करने का अभियान जारी है और इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है। एम्बुलेंस पर करीब 12 गोलियां चलायी गयीं। अधिकारियों ने बताया कि खौर के भट्टल इलाके में तलाश अभियान शुरू किया गया। इससे पहले आतंकवादियों ने आज तड़के जोगवान में आसन मंदिर के समीप मुख्य सड़क से गुजर रहे सेना के वाहनों पर गोलियां चलायी थीं। बहरहाल, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि आतंकवादियों ने सुबह सेना के वाहनों के काफिले पर गोलियां चलायीं। उसने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे सैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया से आतंकवादियों का प्रयास नाकाम हो



गया और कोई हताहत नहीं हुआ है।

इलाके की घेराबंदी कर दी गयी है और आतंकवादियों के सफाये के लिए एक तलाश अभियान जारी है।''

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि आतंकवादियों की संख्या तीन है। उन्हें जम्मू जिले के अखनूर इलाके में भट्टल के आसन मंदिर के समीप देखा गया। उन्होंने एक बयान में कहा, ''आतंकवादियों ने सेना की एम्बुलेंस पर गोलियां चलायीं। इलाके की घेराबंदी कर दी गयी और पुलिस तथा सुरक्षाबलों ने एक तलाश अभियान शुरू किया है।''

अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी एक मंदिर में घुसे और वे किसी को फोन करने के लिए मोबाइल फोन तलाश रहे थे तभी उन्होंने एम्बुलेंस को गुजरते देखा और गोलियां चलानी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि आतंकवादी गत रात सीमा पार कर जम्मू में घुसे थे।

# उत्तर प्रदेश: डीजीपी ने दीपावली पर कड़ी सुरक्षा सोशल मीडिया की सघन निगरानी के निर्देश दिये

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने धनतेरस और दीपावली के त्योहार को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं और अयोध्या में विशेष सतर्कता बरतने की जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी है।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार अयोध्या में आठवें दीपोत्सव के तहत सरयू नदी के तट पर 28 लाख दीप प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारियों के बीच रामलला के मंदिर में इस बार एक विशेष तरह के दीप जलाने की योजना है। इसके साथ ही, कुमार ने सोशल मीडिया के सभी मंचों की सघन निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार के भ्रामक पोस्ट का तत्काल खंडन करते हुये दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार प्रशांत कुमार ने त्योहारों के संबंध में सभी क्षेत्रीय अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक प्रभारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये बैठक की और चाक चौबंद सुरक्षा के निर्देश दिये। डीजीपी ने अयोध्या के सभी धर्मशालाओं, होटल, ढाबों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों



और सभी प्रमुख स्थानों की सघन जांच सुनिश्चित की जाये।

महत्वपूर्ण स्थलों पर नाकेबंदी की व्यवस्था 24 घंटे रखी जाए तथा जिले के प्रमुख मार्गों पर सुगम यातायात के लिए पार्किंग आदि चिह्नित करते हुए समुचित प्रबंध किया जाए।

उन्होंने सरयू नदी के प्रवाह मार्ग पर भी सतर्क दृष्टि रखने तथा सरयू नदी में गश्त के लिए समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। कुमार ने स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा इसके माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचनाओं के आधार पर समय रहते प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीजीपी ने कहा कि विस्फोटक पदार्थ, पटाखा बिक्री के लाइसेंस धारकों की सूची थानावार तैयार की जाए और विस्फोटक पदार्थों की निर्माण इकाइयों की आकस्मिक जांच उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ की जाए।

कुमार ने कहा कि पटाखों का भंडारण तथा बिक्री आबादी वाले क्षेत्रों से दूर हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की जाए।

डीजीपी ने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति न दी जाये। असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची तैयार कर इन पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकतानुसार ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। कुमार ने बताया कि सभी जिलों के समस्त धार्मिक स्थलों के आसपास सुबह सघन जांच की जाये। कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में हों और महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाए।

धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन, भैयादूज आदि के संदर्भ में सुदृढ़ सुरक्षा/कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए डीजीपी ने कहा कि इन त्योहारों पर सर्राफा बाजारों तथा अन्य बाजारों में काफी भीड़-भाड़ होती है, इसलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तथा पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। कुमार ने छोटी—छोटी सूचनाओं को भी गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को मौके पर पहुंच कर विवाद का हल कराने की जिम्मेदारी सौंपी।

# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोपरी-पचपखाड़ी विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया

ठाणे, (भाषा) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को अपने राजनीतिक गुरु दिवंगत आनंद दिघे को श्रद्धांजलि देने और एक रोडशो निकालने के बाद ठाणे जिले के कोपरी-पचपाखड़ी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया।

शिंदे का मुकाबला शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) के प्रत्याशी केदार दिघे से है, जो आनंद दिघे के भतीजे हैं।

शिंदे ने आनंद आश्रम में दिवंगत दिघे को श्रद्धांजलि दी और आरती की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, रथ के रूप में तैयार एक सुसज्जित वाहन पर सवार हुए। रोड शो में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए और इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे लहराए। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के बड़े पोस्टर लिए हुए थे। शिंदे के साथ शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख नेता और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी मौजूद थे। रोडशो मोडेला चेक नाका स्थित दत्त मंदिर से शुरू हुआ और ठाणे की मुख्य सड़कों से होकर गुजरा।

# महाराष्ट्र: भाजपा की तीसरी सूची में कांग्रेस छोड़कर आए दो उम्मीदवार, फडणवीस के सहयोगी को टिकट

**नयी दिल्ली/मुंबई**, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी, जिसमें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए दो नेताओं और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निजी सहायक को टिकट दिए गए हैं।

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा अब तक 146 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। राज्य में 20 नवंबर को एक चरण में ही मतदान होने हैं, जबकि 23 नवंबर को परिणामों की घोषणा की जाएगी

भाजपा की सूची के मुताबिक जितेश अंतापुरकर को डेगलुर से टिकट दिया गया है। उन्होंने 2021 में कांग्रेस के टिकट पर उपचुनाव जीता था और उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का करीबी माना जाता है। चव्हाण हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा ने उन्हें अपने टिकट पर राज्यसभा का सदस्य जितवाया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकुरकर को लातूर शहर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वह इस साल मार्च में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थीं।

कई वर्षों तक फडणवीस के निजी सहायक के रूप में काम करने वाले सुमित वानखेड़े आर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार होंगे।

संयोग से, भाजपा ने फडणवीस के पूर्व पीए अभिमन्यु पवार को 2019 में औसा से टिकट दिया था। पवार उस समय जीते भी थे। बोरीवली से भाजपा विधायक सुनील राणे की जगह संजय उपाध्याय को टिकट दिया गया है जबकि विधान पार्षद प्रवीण दटके को नागपुर मध्य सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रंजीत देशमुख के बेटे आशीष देशमुख को नागपुर जिले के सावनेर से टिकट दिया गया है।

# सुरक्षा के मद्देनजर बंद किए 'राम की पैड़ी' की तरफ जाने वाले 17 रास्ते

**अयोध्या** (उप्र), (भाषा) अयोध्या में आगामी 30 अक्टूबर को होने वाले भव्य दीपोत्सव आयोजन की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सरयू नदी पर राम की पैड़ी की ओर जाने वाले 17 मार्ग बंद कर दिए हैं।

साथ ही पुलिस ने राम की पैड़ी और राम पथ से जुड़ी सभी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के नाम की सूची भी तैयार की है।

अयोध्या थाने के निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि राम की पैड़ी से जुड़ी 17 सड़कों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया है। सिर्फ पास धारकों को ही इन रास्तों से गुजरने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि राम की पैड़ी की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर अवरोधक लगा दिए गए हैं। सिर्फ घाटों पर तैनात किये गये स्वयंसेवक, दीपोत्सव कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों और पास धारकों को ही इन रास्तों पर प्रवेश मिलेगा।

शर्मा ने बताया कि राम की पैड़ी की सुरक्षा को देखते हुए सभी 17 सम्पर्क मार्गों पर एक-एक दारोगा और चार-चार सिपाही तैनात किये गये हैं। उन्होंने बताया कि राम की पैड़ी से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों से खासतौर पर आग्रह किया गया है कि वे दीपोत्सव वाले दिन प्रतिबंधित गलियों से ना गुजरें और ना ही अपने घरों की छतों पर जाएं। इसके लिए इलाके की सभी ऊंची इमारतों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किये जाएंगे। दीपोत्सव के साथ ही दिवाली का त्यौहार सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरन नैयर ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में



अधिकारियों और प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्ययोजना और अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नैयर ने पत्रकारों को बताया कि आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है।


पुलिस अधिकारी के अनुसार अयोध्या में दीपोत्सव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिये दो सौ कमांडो तैनात किए गए हैं और नियमित निगरानी के लिए सुरक्षा ड्रोन भी सक्रिय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीन सुरक्षा एजेंसियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, एटीएस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के दो सौ कमांडो राम मंदिर एवं आसपास के इलाकों की सुरक्षा करेंगे।

दीपोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और पीएसी की कंपनियों ने जिले में डेरा डाल दिया है। इसके अलावा, विभिन्न जिलों और पुलिस मुख्यालय से नियुक्त पुलिसकर्मी और अधिकारी भी अपने तैनाती स्थल पर पहुंच गए हैं। दीपोत्सव में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए इलाके को व्यवस्थित करने की कोशिश तेज कर दी गई हैं। 12 घंटे की शिफ्ट में सुरक्षाबलों को तैनात किया जा रहा है।

इस बीच, सरयू नदी की निगरानी की जिम्मेदारी जल पुलिस, पीएसी की बाढ़ राहत टीम और स्टीमर व उपकरणों से लैस एसडीआरएफ टीम को सौंपी गई है। इसके पहले उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने त्योहारों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक बैठक की और खास तौर से अयोध्या की चाक चौबंद सुरक्षा के निर्देश दिये।

डीजीपी ने अयोध्या के सभी धर्मशालाओं, होटल, ढाबों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों और सभी प्रमुख स्थानों की सघन जांच सुनिश्चित की जाये।

महत्वपूर्ण स्थलों पर नाकाबंदी की व्यवस्था 24 घंटे रखी जाए तथा जिले के प्रमुख मार्गों पर सुगम यातायात के लिए पार्किंग आदि चिह्नित करते हुए समुचित प्रबंध किया जाए।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।